सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 10 अक्टूबर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 92, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 879 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 879 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 10

सिंगापुर के साथ मजबूत होंगे द्विपक्षीय संबंध

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन दिन की यात्रा पर सिंगापुर पहुंची। इस यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व, वैश्विक निवेशकों व उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगी। } 12

संक्षेप

औद्योगिक प्राधिकरणों में भवन मानचित्र की मंजूरी अब आसान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के क्षेत्रों में भवन मानचित्र और भूखंड अनुमोदन की प्रक्रिया अब और सरल, पारदर्शी एवं नागरिक अनुकूल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ह्यउत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के लिए मॉडल भवन विनियम, 2026 के क्रियान्वयन को मंजूरी दी गई। सरकार का यह कदम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ नगरीय विस्तार, अवस्थापना विकास और निजी निवेश को गति देने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

भारतीय मूल की नवी पिल्लई को मिला शांति का नोबेल



ओस्लो। भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी विधिवेत्ता नवनेथम नवी पिल्लई को नोबेल शांति पुरस्कार देने की शुक्रवार को घोषणा की गई। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व मानवाधिकार प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय अदालत की न्यायाधीश पिल्लई को यह पुरस्कार शांति एवं अंतरराष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने में उनके योगदान के लिए प्रदान करने की घोषणा की गई है। तेईस सितंबर, 1941 को डरबन में तमिल मूल के भारतीय माता-पिता के घर जन्मीं पिल्लई का बचपन रंगभेद के दौर में बीता। उन्होंने आगे चलकर रंगभेद विरोधी कार्यकर्ताओं का बचाव करने तथा मानवाधिकारों और समानता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में अपना करियर बनाया।

प्रदेश के कई जिलों में आज स्कूल बंद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को 'पितृ विसर्जन' के अवसर पर स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के सचिव से मिले निदेशों के क्रम में संबंधित जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर दिए हैं। धार्मिक परंपराओं और त्यौहार के महत्व को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है ताकि छात्रों और शिक्षकों को किसी तरह की असुविधा न हो। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, विभाग के नियंत्रण में संचालित कक्षा 1 से 8 तक के सभी परिषदीय और मान्यता प्राप्त प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शनिवार को पठन-पाठन का कार्य स्थगित रहेगा।

उप्र : राज्यसभा चुनाव में भाजपा के सभी आठ सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

धर्मपाल सिंह, विद्यासागर सोनकर, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, प्रियंका सिंह रावत, गोपीकृष्ण पांडेय, राम प्रताप सिंह चौहान व श्रुति गंगवार को मिला प्रमाण पत्र

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीट के लिए हुए द्विवार्षिक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आठ और समाजवादी पार्टी (सपा) के दो उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी अजीत वर्मा ने शुक्रवार को परिणामों की जानकारी दी।

निर्विरोध निर्वाचित भाजपा उम्मीदवारों में धर्मपाल सिंह, विद्यासागर सोनकर, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, प्रियंका सिंह रावत, गोपीकृष्ण पांडेय, राम प्रताप सिंह चौहान और श्रुति गंगवार शामिल हैं। वहीं, सपा के प्रोफेसर राम गोपाल यादव और धनराज परिमल नाथवानी भी निर्विरोध चुने गए। वर्मा ने बताया कि धनराज परिमल नाथवानी को छोड़कर बाकी सभी निर्वाचित उम्मीदवारों ने अपने निर्वाचन प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिए हैं। उन्होंने बताया सपा के रामगोपाल यादव और भाजपा के राधाकांत ओझा ने अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाणपत्र लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्यसभा के लिए चुने गए अपने आठ नेताओं में दो महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। पार्टी ने अति पिछड़ी जातियों से तीन, अनुसूचित जाति (दलित) से दो, ब्राह्मण समुदाय से दो और एक क्षत्रिय समुदाय के नेता को मौका दिया है। निर्वाचित सांसद धर्मपाल सिंह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं और बरेली जिले की आंवला विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह लोध समाज से आते हैं। इसी बिरादरी के बीएल वर्मा केंद्र सरकार में राज्य मंत्री हैं, जिनका कार्यकाल समाप्त होने वाला है। उन्हें दोबारा राज्यसभा का मौका नहीं मिलने से उनके केंद्रीय मंत्रिमंडल में बने रहने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

लोध बिरादरी का प्रदेश में जनाधार माना जाता है। इसी समुदाय के दिवंगत कल्याण सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में पहली बार भाजपा की सरकार बनी थी। धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को अपनी उपलब्धि कल्याण सिंह को समर्पित की। निर्वाचन प्रमाण-पत्र मिलने के बाद उन्होंने नगर निगम स्थित झंडी पार्क में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा पर प्रमाणपत्र समर्पित किया। उन्होंने इससे पहले हजरतगंज में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भाजपा के उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष प्रकाश पाल भी अति पिछड़े गड़रिया और धनगर समाज से आते हैं। पार्टी ने इस समुदाय को प्रतिनिधित्व दिया है, जबकि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी इसी समाज से हैं। भाजपा ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार को मौका देकर ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम योगी ने निर्वाचित सदस्यों को दी बधाई


लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव-2026 में उत्तर प्रदेश से निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा के सभी प्रत्याशियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि निर्विरोध निर्वाचित सभी सदस्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने तथा राष्ट्र की प्रगति को नई गति ...शेष पृष्ठ 10 पर

पीएम मोदी के नाम पर होगा जेवर एयरपोर्ट

योगी कैबिनेट ने 39 प्रस्तावों पर लगायी मुहर, विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को दी नयी रफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक में विकास, औद्योगिक निवेश, कृषि, रोजगार, तकनीक और जनकल्याण से जुड़े 39 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण फैसलों के साथ प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने के संकल्प को दोहराया। कैबिनेट ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। साथ ही भदोही का नाम संत रविदासनगर भदोही करने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगाई गई। तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन (यूपी-एआईएम) की स्थापना को मंजूरी दी। इसके साथ ही प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने ...शेष पृष्ठ 10 पर



योगी मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण निर्णय

- यूपी-एआईएम व स्टार्टअप क्रय योजना को हरी झंडी
- संत रविदास जी के सम्मान में बदलेगा भदोही का नाम
- धान खरीद नीति को भी कैबिनेट की मंजूरी
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों-सहायिकाओं को मिलेगी एक अतिरिक्त साड़ी
- औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में लागू होंगे मॉडल भवन विनियम-2026

पूर्व अग्निवीरों को मिलेगा 20 प्रतिशत आरक्षण

लखनऊ। सेना में देश की सेवा कर चुके पूर्व अग्निवीर युवाओं के लिए योगी सरकार ने सरकारी नौकरी की राह और आसान कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में पूर्व अग्निवीरों की भर्ती ...शेष पृष्ठ 10 पर

जेवर एयरपोर्ट का नामकरण पीएम मोदी के प्रति कृतज्ञता का संदेश

लखनऊ। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर अब नरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के नाम से जाना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में एयरपोर्ट के नामकरण का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिए गए इस निर्णय को मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति प्रदेश सरकार की कृतज्ञता और उत्तर प्रदेश के विकास में उनके मार्गदर्शन एवं योगदान के सम्मान का प्रतीक बताया।

कैबिनेट बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया है। 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री जी ने सरकार के मुखिया के रूप में 25 वर्षों की निरंतर और ...शेष पृष्ठ 10 पर

होम्योपैथी, आयुर्वेद और यूनानी के इंटर्न स्टूडेंट का भत्ता दोगुना

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों से बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएचएमएस परीक्षा उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को रोटेटिंग इंटर्नशिप के दौरान दिए जाने वाले इंटर्नशिप भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट के निर्णय के बाद अब बीएचएमएस, बीएएमएस और बीयूएमएस की ...शेष पृष्ठ 10 पर

उज्ज्वला लाभार्थियों को अब दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2026-27 में दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत योगी सरकार पिछले वित्तीय वर्षों में दो चरणों में (होली व दीपावली पर) उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराती रही है। इस कदम से लाभार्थियों में स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल की प्रवृत्ति बढ़ी है। इससे ...शेष पृष्ठ 10 पर

राज्यकर्मियों को बड़ी सौगात, एक करोड़ का दुर्घटना बीमा

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश के राज्य कर्मचारियों के कल्याण और उनके परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन और एक्सिस बैंक के बीच एमओयू किया गया है। इसके तहत प्रदेश के राज्य सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से तैयार सैलरी अकाउंट के साथ कई अतिरिक्त सुरक्षात्मक और कल्याणकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। एमओयू के तहत पात्र राज्य कर्मचारियों को एक करोड़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

प्रौद्योगिकियों के अनुरूप कौशल विकसित करें युवा

पीएम ने विश्व कौशल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों से की बात



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी में तेजी से हो रहे बदलावों के बीच युवाओं को नए कौशल सीखने, अपनी मौजूदा क्षमताओं को उन्नत करने और उभरती प्रौद्योगिकियों के अनुरूप खुद को ढालने की जरूरत है। शंघाई में आयोजित विश्व कौशल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले भारतीय प्रतिभागियों के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने भारत को कुशल मानव संसाधन का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए युवाओं, सरकार और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच समन्वित प्रयासों पर भी जोर दिया। आधिकारिक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने युवाओं से वैश्विक बाजार की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकसित करने और अपने अनुभवों एवं सुझावों के जरिये देश की कौशल प्रशिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान देने को कहा। उन्होंने कौशल विकास के लिए अलग मंत्रालय स्थापित करने के उद्देश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि कौशल प्रशिक्षण संस्थान किसी ...शेष पृष्ठ 10 पर

नयी दिल्ली व निजामुद्दीन पहुंचने वाली 38 ट्रेनें रद्द

दिल्ली के अन्य स्टेशनों पर रेलगाड़ियों का संचालन रहेगा प्रभावित

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर रेलवे ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से अपराह्न दो बजे के बीच दूसरे राज्यों से नयी दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर पहुँचने वाली केवल 38 ट्रेन रद्द की गई हैं, जबकि दिल्ली के अन्य स्टेशनों पर रेलगाड़ियों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस संबंध में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने कहा सुबह चार बजे से अपराह्न दो बजे के बीच नयी दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर कुल 165 ट्रेन पहुँचती हैं। इनमें से केवल 38 ट्रेन 10 अक्टूबर को इन स्टेशनों के आस-पास के इलाकों में भारी यातायात जाम की आशंका को



देखते हुए रद्द की गई हैं। उन्होंने कहा इन दो स्टेशनों के अलावा, बाकी सभी स्टेशनों - जैसे आनंद विहार टर्मिनल, सराय रोहिल्ला, पुरानी दिल्ली और दिल्ली छावनी - पर ट्रेन अपने तय समय पर ही आएंगी। बाकी सभी स्टेशनों पर ट्रेन परिचालन सामान्य रहेगा और केवल 38 ट्रेन ही प्रभावित होंगी। प्रभावित रेलगाड़ियों में मगध एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर टर्मिनल-नयी दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस, संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, राजेंद्र नगर टर्मिनल - नयी दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12033 शताब्दी एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12417 प्रयागराज ...शेष पृष्ठ 10 पर

57 मेट्रो स्टेशन बंद, 25 हजार जवान तैनात

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के जंतर-मंतर पर 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रदर्शन की अनुमति देने से शुक्रवार को इनकार करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं जिसके तहत 25 हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने के ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 30.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल मैनपावर का हब (पृष्ठ-02)
- व्यापार से जुड़ी होती है हजारों की आजीविका (पृष्ठ-02)
- वीआरआरआर नीलामी को मिली ठंडी प्रतिक्रिया(पृष्ठ-10)
- जीएसटी चोरी पर सजा के प्रावधान में बदलाव (पृष्ठ-10)
- खनिजों भंडारण नीति को जल्द मिलेगा अंतिम रूप (पृष्ठ-10)

विशेष खबर | इकाना-पलासियो क्षेत्र में जलभराव घटा, 36 पंपों से निकाला पानी

लखनऊ में बाढ़ प्रभावितों तक नावों से पहुंचाया जा रहा भोजन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। गोमती नदी की बाढ़ से प्रभावित लखनऊ के इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी हैं। आठवें दिन फैजुल्लागंज समेत आसपास के इलाकों में जलस्तर फिलहाल नहीं बढ़ा है। हालांकि जलभराव के कारण आवागमन में आ रही दिक्कतों को देखते हुए नगर निगम की टीमें नावों के जरिए प्रभावित परिवारों तक भोजन, कच्चा और सूखा राशन तथा पेयजल पहुंचा रही हैं।

शुक्रवार को नगर निगम ने सुबह और शाम की पालियों में कुल 1,900 खाद्य पैकेट और पेयजल की बोतलें वितरित कीं। वहीं, गोमती नगर विस्तार में इकाना स्टेडियम और प्लासियो मॉल के आसपास जलभराव कम करने के लिए एलडीए ने पंपिंग सेटों की संख्या बढ़ाकर 36 कर दी। प्राधिकरण के अनुसार शुक्रवार शाम तक सड़कों से पानी निकाल दिया गया और पलासियो मॉल के



सामने यातायात सामान्य हो गया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शुक्रवार को फैजुल्लागंज, गुल्मी खेड़ा समेत विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित परिवारों तक भोजन, पेयजल और अन्य जरूरी सामग्री समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए। नगर निगम की टीम ने निजी संस्थाओं के सहयोग से नावों के जरिए करीब 500 से 600 पके भोजन के पैकेट के साथ कच्चा और सूखा राशन वितरित किया। जोन-3 और जोन-6 के हयात नगर, बरावन कला, टांड़ खेड़ा, सुखलाल खेड़ा, मुन्नू खेड़ा, दौलत खेड़ा, लक्ष्मी हॉस्पिटल वाली गली और गुल्मी खेड़ा समेत अन्य प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई गई। जोन-3 में जोनल अधिकारी अजीत राय, जोनल सेनेटरी ऑफिसर सचिन सक्सेना और अधिशासी अभियंता नजमी मुजफ्फर ने राहत कार्यों की निगरानी की। जोन-6 में जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह यादव, जोनल सेनेटरी ऑफिसर राकेश कुमार और अधिशासी अभियंता अशोक यादव व्यवस्थाएं संभालते रहे। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राहत सामग्री के प्रबंधन के लिए करीब 70 कर्मचारी लगाए ...शेष पृष्ठ 10 पर

नवरात्र, दशहरा और छठ पर होंगे सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और उनके समयबद्ध समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि शारदीय नवरात्र से छठ महापर्व तक वरिष्ठ अधिकारी स्वयं क्षेत्र में उतरें, जनता से सीधा संवाद करें और उसकी समस्याओं के समाधान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें। शिकायत लेकर आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अधिकतम 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब मिलना चाहिए। जनपद स्तर के साथ शासन स्तर पर भी जनशिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाए। दाखिल-खारिज, पैमाइश, वरासत तथा जाति और आय प्रमाणपत्र से जुड़े प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण हो। निर्विवाद राजस्व मामलों का निस्तारण अधिकतम 15 दिन में किया जाए और प्रत्येक तहसील में लंबित प्रकरणों की सूची सार्वजनिक की जाए। निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा न होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाए। मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

- सीएम योगी ने दिये निर्देश शारदीय नवरात्र से छठ तक फील्ड में उतरें वरिष्ठ अधिकारी

भारतीय एंडोडॉन्टिक सोसाइटी के 34वें राष्ट्रीय सम्मेलन का प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज, बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा 8 अक्टूबर, 2026 को भारतीय एंडोडॉन्टिक सोसाइटी के 34वें राष्ट्रीय सम्मेलन (IESCON 2026) के अंतर्गत एक भव्य एवं अकादमिक रूप से समृद्ध प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण अकादमिक हिस्सा रहा। इसके माध्यम से देशभर से आए दंत चिकित्सा के विद्यार्थियों, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आधुनिक एंडोडॉन्टिक्स की नवीनतम वैज्ञानिक अवधारणाओं, नैदानिक तकनीकों तथा व्यावहारिक उपचार पद्धतियों को जानने और समझने का बहुमूल्य अवसर प्राप्त हुआ।

यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट सुश्री सोनाक्षी दास की प्रेरणा से हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रो. डॉ. विशेष गुप्ता, विभागाध्यक्ष के कुशल मार्गदर्शन में दंत संरक्षण एवं एंडोडॉन्टिक्स विभाग द्वारा किया गया। भारतीय एंडोडॉन्टिक सोसाइटी के मुख्य कार्यालय द्वारा इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर प्रदान किया जाना बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के लिए गौरव एवं सम्मान का विषय रहा।

इस अवसर पर प्रो. डॉ. विनीता निखिल, भारतीय एंडोडॉन्टिक सोसाइटी की निर्वाचित अध्यक्ष, श्री कृष्ण श्रीवास्तव, कुलपति, बीबीडीयू तथा प्रो. (डॉ.) सतीश चंदर शर्मा, प्रति-कुलपति की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके प्रेरणादायक शब्दों और प्रोत्साहन ने अकादमिक उत्कृष्टता तथा व्यावसायिक विकास के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम को प्रो. (डॉ.) नीता पसरीचा, प्राचार्य, बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज का सहयोग एवं प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ। उनके उत्कृष्ट अकादमिक नेतृत्व और संस्थान के समग्र विकास के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से विद्यार्थी एवं शिक्षक निरंतर प्रेरणा प्राप्त करते हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान तथा व्यावसायिक विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उनके प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने प्रतिभागियों एवं विजेताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें अकादमिक एवं अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पल्प प्रिजर्वेशन टू एन्हांस्ड ऑब्ट्यूरेशनः बायोडेंटिन के साथ डीप कैरीज मैनेजमेंट एवं बायोरूट फ्लो के साथ ऑब्ट्यूरेशन विषय पर आयोजित प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला रही।

इस कार्यशाला का संचालन डॉ. शौर्य श्रीवास्तव द्वारा किया गया, जिन्होंने किंग्स कॉलेज लंदन से एंडोडॉन्टोलॉजी में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा वहाँ से मास्टर ऑफ क्लिनिकल डेंटिस्ट्री की उपाधि अर्जित की। कार्यक्रम में विशेषज्ञ व्याख्यानों, प्रदर्शन सत्रों एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण को सम्मिलित किया गया। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक एंडोडॉन्टिक प्रक्रियाओं, विशेषकर जीवित पल्प के संरक्षण तथा उन्नत रूट कैनाल ऑब्ट्यूरेशन तकनीकों के संबंध में सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक मंगलाचरण, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस मंगलमय एवं सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शुरूआत ने पूरे कार्यक्रम के लिए सकारात्मक, गरिमामय एवं प्रेरणादायक वातावरण का निर्माण किया।

इस प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स का आयोजन बाबू बनारसी दास कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज की गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता तथा राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में इसकी सक्रिय भूमिका को पुनः स्थापित करता है। दंत संरक्षण एवं एंडोडॉन्टिक्स विभाग आधुनिक तकनीकों, जिनमें डेंटल ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप तथा उन्नत मैग्निफिकेशन प्रणालियाँ शामिल हैं, के माध्यम से व्यापक एवं उन्नत दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने पर गर्व महसूस करता है। सटीकता, न्यूनतम इनवेसिव उपचार पद्धतियों तथा साक्ष्य-आधारित चिकित्सा को प्राथमिकता देते हुए विभाग नैदानिक उत्कृष्टता और रोगी देखभाल के स्तर को निरंतर उन्नत करने के लिए समर्पित है। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के प्रबंधन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है, जिनके निरंतर सहयोग, दूरदर्शी नेतृत्व एवं प्रेरणादायक मार्गदर्शन से ऐसे सार्थक शैक्षणिक अवसरों का सृजन संभव हो पाता है। संस्थान का यह सहयोग विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं सभी प्रतिभागियों को वैज्ञानिक ज्ञान, व्यावसायिक विकास तथा सहयोगात्मक अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्री-कॉन्फ्रेंस कोर्स एक यादगार एवं अकादमिक रूप से लाभकारी पहल के रूप में संपन्न हुआ, जिसने एंडोडॉन्टिक शिक्षा, नैदानिक अभ्यास तथा अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति संस्थान के निरंतर समर्पण को प्रदर्शित किया।

योगी कैबिनेट का फैसला : 18 शहरों में चलेंगी 1,725 एसी इलेक्ट्रिक बसें

आगरा, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी समेत 18 शहरों को मिलेगा लाभ



- लखनऊ और कानपुर को मिलेंगी 300-300 बसें, वाराणसी में 250 और गोरखपुर में चलेंगी 150 इलेक्ट्रिक बसें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश की नगरीय परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इसके तहत उत्तर प्रदेश के 18 शहरों में ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर 1,725 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन को व्यवस्थित करने के साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

योजना के अंतर्गत आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा-वृंदावन, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सहारनपुर, वाराणसी और नोएडा (जेवर सहित) में बसें संचालित की जाएंगी। इनमें 9 मीटर और 12 मीटर लंबाई की वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसें शामिल होंगी। अनुबंध की अवधि वाणिज्यिक संचालन शुरू होने की तारीख से 12 वर्ष निर्धारित की गई है। नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 18 शहरों में जल्द ही 1,725 अतिरिक्त इलेक्ट्रिक बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। इनमें आगरा में 100, मथुरा-वृंदावन में 50, अलीगढ़ में 25, फिरोजाबाद में 25, गाजियाबाद में 100, मेरठ में 100, शाहजहांपुर में 25, बरेली में 25, मुरादाबाद में 25, सहारनपुर में 25, नोएडा (जेवर सहित) में 100, वाराणसी में 250, अयोध्या में 50, लखनऊ में 300, गोरखपुर में 150, कानपुर में 300, प्रयागराज में 50 और झांसी में 25 बसें चलाई जाएंगी। जीसीसी मॉडल के तहत निजी ऑपरेटर बसों की खरीद, चार्जिंग स्टेशन के लिए आवश्यक चार्जर की व्यवस्था, बस चालक एवं तकनीकी कर्मचारियों की तैनाती तथा बसों के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी संभालेंगे। निर्धारित प्रदर्शन मानकों के आधार पर ऑपरेटरों को संचालन एवं रखरखाव शुल्क (ओएंडएम फी) का भुगतान किया जाएगा। वहीं, टैरिफ/प्रयोक्ता शुल्क निर्धारण सरकार की ओर से किया जाएगा। परियोजना के तहत 12 मीटर लंबी प्रत्येक इलेक्ट्रिक बस के लिए 40 लाख रुपये और 9 मीटर लंबी बस के लिए 35 लाख रुपये का अनुदान देने का निर्णय लिया गया है। बसों के संचालन के लिए डिपो निर्माण हेतु संबंधित नगर निगमों और नोएडा प्राधिकरण की ओर से आवश्यकतानुसार भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत नई इलेक्ट्रिक बसों के खरीद के संबंध में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित नीति के क्रम में एल-1 के रेट पर उत्तर प्रदेश में निर्मित बसों के क्रय को वरीयता प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

देश में धान खरीद में रिकॉर्ड तोड़ेगी योगी सरकार

धान की सरकारी खरीद में पिछले वर्ष देश में पहला स्थान हासिल करने वाली योगी सरकार इस बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की धान क्रय नीति को मंजूरी दी गई। पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश में देश में सर्वाधिक 62 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था। इस बार सरकार ने 65 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए आठ क्रय एजेंसियों के माध्यम से प्रदेश में 4500 क्रय केंद्र संचालित किए जाएंगे। किसानों को उनकी उपज का बढ़ा न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलेगा। खरीद के बाद यथासंभव 48 घंटे के भीतर भुगतान सीधे बैंक खातों में कराया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत 12 अक्टूबर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धान खरीद शुरू होगी, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के संभागों में पहली नवंबर से धान खरीद होगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 15 फरवरी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 28 फरवरी 2027 तक धान खरीद होगी। केंद्र सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि भी की है। धान (कॉमन) का एमएसपी 2441 और (ग्रेड ए) का 2461 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है। खाद्य व रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उप्र ने पिछली बार भी सर्वाधिक 62 लाख मीट्रिक टन धान क्रय किया था।

मैनपुरी में 37.86 किमी मार्ग होगा चार लेन, 328.67 करोड़ मंजूर

योगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में मैनपुरी जिले के शिकोहाबाद-भोगांव राज्य मार्ग संख्या-84 के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की पुनरीक्षित प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इसके तहत घिरोर से भोगांव तक 31.30 किलोमीटर मार्ग को चार लेन में विकसित करने और 6.56 किलोमीटर लंबे घिरोर बाईपास का निर्माण किया जाएगा। कुल 37.86 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की पुनरीक्षित लागत 328.67 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है।

उत्तर प्रदेश बनेगा ग्लोबल मैनपावर हब

- सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना को कैबिनेट की मंजूरी
- प्रथम चरण में लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, गौतमबुद्ध नगर और झांसी में स्थापित होंगे केंद्र

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र (एसवीपीएसटीपीजेड) विकास योजना को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश को ह्यअल्टीमेट सोर्सिंग हब ऑफ स्किल्ड मैनपावर और ह्यग्लोबल मैनपावर हब के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों को आच्छादित करते हुए नौ जोन में कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार का एकीकृत तंत्र विकसित किया जाएगा। इससे युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर देश-विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से जोड़ने में सहायता मिलेगी। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रदेश में लगभग 96 लाख एमएसएमई उद्यम हैं, जो देश के कुल लगभग 6.77 करोड़ उद्यमों का 14.2 प्रतिशत हैं। प्रदेश के औद्योगिक उत्पादन में इस क्षेत्र का योगदान लगभग 60 प्रतिशत तथा निर्यात में लगभग 45 प्रतिशत है। इस क्षेत्र में तीन करोड़ से अधिक लोग कार्यरत हैं। उद्योगों की बढ़ती मांग के अनुरूप कुशल कार्यबल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और युवाओं को व्यापक स्तर पर रोजगार से जोड़ने में यह योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रदेश के सभी जनपदों को नौ जोन में विभाजित कर हब एवं स्पोक मॉडल पर कौशल विकास एवं रोजगार का एकीकृत तंत्र विकसित किया जाएगा। प्रत्येक जोन में स्थानीय औद्योगिक गतिविधियों, बाजार की मांग और रोजगार की संभावनाओं के अनुरूप प्रशिक्षण की व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके माध्यम से विभिन्न उद्योगों, बाजार क्षेत्रों एवं विभागों की मानव संसाधन संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। योजना के प्रथम चरण में पांच प्रमुख स्थानों पर कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

31 दिसंबर तक होगी मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद

- मुख्यमंत्री का निर्देश- 48 घंटे के भीतर किसानों को किया जाये भुगतान

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत 'श्रीअन्न' (मोटे अनाज) की खरीद 31 दिसंबर तक चलेगी। खाद्य व रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय के मुताबिक 'मोटे अनाज' में शामिल ज्वार (मालदांडी) का 4073, ज्वार (हाईब्रिड) का 4023 रुपये, बाजरा का 2900 और मक्का का 2410 रुपये प्रति कुंतल न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 48 घंटे में किसानों को भुगतान कराने का निर्देश दिया है। किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में सीधे भुगतान किया जाएगा। किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी। मक्का खरीद 25 जनपदों में होगी।

पुराने बकायेदारों को बड़ी राहत, ब्याज व अर्थदंड होगा माफ

- 31 दिसंबर 2025 तक के बकायों पर मिलेगा योजना का लाभ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश ब्याज माफी योजना-2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत विभिन्न कर कानूनों के अंतर्गत 31 दिसंबर 2025 तक सृजित बकायों पर ब्याज और अर्थदंड माफ करने का निर्णय लिया गया है। यह छूट 3 महीने तक लागू रहेगी। योजना के दायरे में बिक्री कर, केंद्रीय बिक्री कर, व्यापार कर, मूल्य संवर्धित कर (वैट) समेत कई कर कानूनों के अंतर्गत आने वाले पुराने बकाये शामिल होंगे। योजना के तहत उत्तर प्रदेश बिक्री कर अधिनियम-1948, केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम-1956, उत्तर प्रदेश आमोद एवं पणकर अधिनियम-1979, उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम-1995, उत्तर प्रदेश प्रवेश कर अधिनियम-2007 और उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम-2008 के अंतर्गत सृजित बकायों को शामिल किया गया है। इसके अलावा मनोरंजन कर से संबंधित नियमावली और उत्तर प्रदेश केबल टेलीविजन नेटवर्क नियमावली-1997 से जुड़े मामलों को भी योजना के दायरे में रखा गया है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि निर्धारित तारीख तक सृजित बकायों पर लगने वाले ब्याज और अर्थदंड को माफ करने के लिए यह योजना लागू की जा रही है। इससे संबंधित कर कानूनों के अंतर्गत बकाया रखने वाले करदाताओं को राहत मिलने का रास्ता खुलेगा। उत्तर प्रदेश ब्याज माफी योजना-2026 के जरिए पुराने कर विवादों और बकायों के निस्तारण को प्रोत्साहित करने का अवसर मिलेगा।

मीरजापुर व मुजफ्फरनगर में विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए 115 करोड़ मंजूर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश में नए शहरों के समग्र एवं सुनियोजित विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के तहत मीरजापुर-विन्ध्याचल और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए कुल 115 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में नए शहरों के समग्र एवं समुचित विकास के लिए 3,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, मीरजापुर-विन्ध्याचल और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं के लिए सीड कैपिटल के रूप में अधिकतम 164.87 करोड़ रुपये की धनराशि अनुमन्य की गई है। इसमें से पहली किस्त के रूप में 115 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति देते हुए धनराशि अवमुक्त करने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। इस योजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के साथ बढ़ती शहरी आबादी को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। शासन ने 6 अप्रैल 2023 को इस योजना को लागू किया था। इसके तहत नए शहरों के विकास के लिए भूमि अर्जन पर होने वाले व्यय का 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार की ओर से सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। यह सहायता अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दी जा सकती है।

यूपी बनेगा सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल का बड़ा केंद्र : उत्तर प्रदेश को सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (एसएएफ) विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश सतत विमानन ईंधन (सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल) विनिर्माण प्रोत्साहन नीति-2026 लागू करने को मंजूरी दी गई। नीति का उद्देश्य विमानन क्षेत्र के डीकाबोर्नाइजेशन को बढ़ावा देने के साथ ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करना, निजी निवेश एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना और प्रदेश में हरित रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। इसमें कृषि अवशेष, नगरीय अपशिष्ट और अखाद्य तिलहनों जैसे स्थानीय फीडस्टॉक से एसएएफ उत्पादन को बढ़ावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में नई मूल्य श्रृंखला विकसित करने और किसानों की आय में विविधता लाने पर भी जोर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में धान की भूसी, गेहूं का भूसा और गन्ने की बगास जैसे कृषि अवशेष बड़ी मात्रा में उपलब्ध हैं, जिनसे पायरोलिसिस और गैसीफिकेशन जैसी तकनीकों के माध्यम से एसएएफ का उत्पादन किया जा सकता है। गन्ना उत्पादन और एथेनॉल निर्माण में प्रदेश की अग्रणी स्थिति इसे द्वितीय पीढ़ी के जैव ईंधन और अल्कोहल टू जेट एसएएफ तकनीकों के लिए मजबूत आधार प्रदान करती है। नीति में एसएएफ इकाइयों को निवेश के आधार पर तीन श्रेणियों में रखा गया है। 200-500 करोड़ तक पूंजी निवेश वाली इकाइयां वृहद, 500-1,500 करोड़ तक वाली मेगा और 1,500 करोड़ से अधिक निवेश वाली इकाइयां अल्ट्रा मेगा श्रेणी में होंगी। इन इकाइयों को स्टांप ड्यूटी में छूट/प्रतिपूर्ति, भू-उपयोग परिवर्तन प्रभार एवं विकास शुल्क में छूट, नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, ब्याज सब्सिडी, 10 वर्षों तक इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट, कौशल विकास सब्सिडी, पेटेंट पंजीकरण शुल्क की प्रतिपूर्ति सहित विभिन्न प्रोत्साहन दिए जाएंगे। जरूरत के अनुसार कस्टमाइज्ड पैकेज और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए भी प्रावधान किया गया है। भूमि आवंटन की स्थिति में फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी भी मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप क्रय योजना-2026 के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। योजना का उद्देश्य राज्य के पात्र स्टार्टअप्स के लिए बाजार तक पहुंच आसान करना और सरकारी विभागों व अन्य अभिकरणों में उनके नवोन्मेषी उत्पादों, सेवाओं और समाधानों के उपयोग को बढ़ावा देना है। योजना के तहत पात्र स्टार्टअप्स की ओर से विकसित नवोन्मेषी उत्पादों, सेवाओं और समाधानों की सूचीबद्धता तथा सरकारी खरीद के लिए समर्पित यूपी स्टार्टअप ई-मार्केटप्लेस स्थापित किया जाएगा। इस माध्यम से सरकारी विभागों को स्टार्टअप्स के नवोन्मेषी उत्पादों और सेवाओं की खरीद का अवसर मिलेगा। क्रय करने वाले विभाग नवोन्मेषी उत्पादों और सेवाओं की खरीद अपनी स्वीकृत बजटीय व्यवस्थाओं से करेंगे। वहीं, यूपी स्टार्टअप ई-मार्केटप्लेस की स्थापना, संचालन और अनुरक्षण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन की होगी। इसके बाद निरंतर क्रियान्वयन किया जा सकेगा। इस योजना से राज्य के स्टार्टअप्स को सरकारी बाजार तक पहुंच मिलेगी और सरकारी विभागों में नवोन्मेषी उत्पादों, सेवाओं तथा तकनीकी समाधानों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा। योजना के तहत उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति में पंजीकृत पात्र नवप्रवर्तनशील उद्यमों को सरकारी विभागों से कार्यादेश प्राप्त करने के अवसर भी मिलेंगे।

राम गोविन्द चौधरी के विचार और संघर्ष को आगे बढ़ायें

विशेष संवाददाता (vol)



- सपा अध्यक्ष पूर्व नेता विरोधी दल स्व. रामगोविन्द चौधरी के तेरहवीं कार्यक्रम में हुए शामिल

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बलिया के गोसाईंपुर पहुंचकर पूर्व नेता विरोधी दल स्व. रामगोविन्द चौधरी के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने स्व. रामगोविन्द चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि रामगोविन्द चौधरी जमीन से जुड़े नेता थे। उनकी बातों में जनता का दुःख दर्द होता था। उन्होंने किसानों, नौजवानो, गरीबों, मजदूरों की लड़ाई लड़ी, उनको सम्मान दिलाने के लिए पूरा जीवन लगा दिया। रामगोविन्द चौधरी को पक्ष एवं विपक्ष सभी गंभीरता से सुनते थे। उनकी बाते विवेक भरी होती थी। उनके तीखे तर्कों का कोई विपक्षी जवाब नहीं दे पाता था। वह एक विचार देकर गये हैं। हम सबकी जिम्मेदारी और संकल्प है कि उनके विचार और संघर्ष को आगे बढ़ाये। वह बलिया के बल थे। राजनीति में वे कभी झुके नहीं। लोगों को अपने विचारों से जोड़ने का काम किया। उसी का परिणाम है कि बलिया की धरती से निकल कर उन्होंने प्रदेश और देश की राजनीति में अपनी पहचान बनायी। अखिलेश यादव ने भरोसा दिलाया कि रामगोविन्द चौधरी का संघर्ष खाली नहीं जाएगा। इस अवसर पर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सनातन सत्य और सेवा का रास्ता है। सनातन समाजवादी और भाईचारे का रास्ता है। सनातन वसुधैव कुटुम्बकम का रास्ता दिखाता है लेकिन जो लोग भेदभाव और नफरत करते है वे सनातनी नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अयोध्यावासियों के साथ बहुत भेदभाव किया है। उनके दुकान-मकान और जमीनें छीन ली गयी। जमीनों का बाजार भाव नहीं मिला। अयोध्या में डबल और ट्रिपल सभी सरकार भाजपा की है लेकिन अयोध्यावासियों के साथ न्याय नहीं हुआ। भाजपा ने उन्हें धोखा दिया। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में परिवर्तन होने जा रहा है। इंडिया गठबंधन बहुत मजबूत है। जिस इंडिया गठबंधन ने 2024 में भाजपा को हराया है। वहीं, गठबंधन 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरायेगा। 2027 में सपा गठबंधन के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे ज्यादा सीटें जीतने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग के भेदभावपूर्ण रवैया और चुनाव में धांधली के खिलाफ लोकतंत्र को बचाने के लिए जो लोग सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं, सपा उनका पूरी तरह से समर्थन कर रही है। हम उनके साथ है। सपा ने 2022 में ही कहा था कि चुनाव आयोग भेदभाव कर रहा है। वोट कटवा रहा है।

व्यापार से हजारों लोगों की जुड़ी होती है आजीविका : सीएम धामी

प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने दिया व्यापारिक सुविधाओं के विस्तार पर जोर

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, कारोबारियों की समस्याओं के निराकरण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से हल्द्वानी में उत्तराखंड प्रांतीय व्यापारी सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यापारी समुदाय के हित में आठ घोषणाएं करते हुए कहा कि व्यापार जगत राज्य की आर्थिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। कारोबारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके सामने आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापार केवल वस्तुओं की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे हजारों लोगों की आजीविका जुड़ी होती है। छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े उद्यमों तक, प्रत्येक व्यावसायिक इकाई प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा करने और बाजारों को सक्रिय बनाए रखने में योगदान देती है। उन्होंने कोरोना महामारी के समय व्यापारियों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि कठिन हालात में भी उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बनाए रखकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने कहा कि व्यापारिक क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकारी तंत्र और कारोबारी संगठनों के बीच नियमित संवाद आवश्यक है। कारोबारियों की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करना तथा प्रक्रियाओं को अधिक सरल और पारदर्शी बनाना व्यापार के अनुकूल माहौल तैयार करने में सहायक होगा। सरकार की कोशिश है कि व्यापारियों को अनावश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं से राहत मिले और वे अपने व्यवसाय के विस्तार पर ध्यान दे सकें।

सम्मेलन में पर्यटन आधारित उद्यमों को प्रोत्साहन देने से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता मिली। मुख्यमंत्री ने पर्यटन व्यवसाय के पंजीकरण की प्रक्रिया आसान बनाने और सिंगल विंडो प्रणाली लागू करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों तथा जिला मुख्यालयों में होम स्टे सुविधाओं का विस्तार करने की बात कही गई। इन पहलों के माध्यम से स्थानीय लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने, स्वरोजगार को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय स्तर पर आय के नए साधन विकसित करने का लक्ष्य है। उत्तराखंड में पर्यटन की संभावनाओं का लाभ स्थानीय उद्यमियों और छोटे कारोबारियों तक पहुंचाना भी इस दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में व्यापार, पर्यटन, लघु उद्योग और स्वरोजगार आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। प्रदेश के कारोबारियों को नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराने के साथ उनके उत्पादों और सेवाओं को व्यापक बाजारों तक पहुंचाने की जरूरत है। इससे स्थानीय व्यवसायों को विस्तार मिल सकता है और राज्य की अर्थव्यवस्था में उनकी भागीदारी बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन के साथ आर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में भी स्थापित करना सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए निवेश को प्रोत्साहन देने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और व्यापारिक समुदाय के साथ समन्वय मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि प्रदेश की प्रगति में कारोबारियों की भागीदारी महत्वपूर्ण है और उनके हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रयास जारी रखेगी। हल्द्वानी में आयोजित इस सम्मेलन में सांसद अजय भट्ट, कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा, विधायक बंशीधर भगत और सरिता आर्या, मेयर गजराज सिंह बिष

559 निकायों में अब भू-उपयोग के आधार पर पास होंगे नक्शे

योगी कैबिनेट का फैसला, एकसमान भवन निर्माण नियम, अनियोजित विकास और अवैध निर्माण पर लगेगी लगाम

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में छोटे शहरों और कस्बों के सुनियोजित विकास के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। विकास प्राधिकरण और विनियमित क्षेत्र से बाहर स्थित प्रदेश के 559 नगर निकायों में अब उत्तर प्रदेश भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 लागू की जाएगी। इसके तहत भू-उपयोग के आधार पर भवनों के नक्शे पास होंगे। नक्शा स्वीकृत करने का अधिकार संबंधित निकायों के अधिशासी अधिकारियों को दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

प्रदेश में वर्तमान में 762 नगर निकाय हैं। इनमें 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें शामिल हैं। इनमें से 203 निकाय विकास प्राधिकरणों और विनियमित क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। इन क्षेत्रों में आवास विभाग की ओर से तैयार मास्टर प्लान के अनुसार निर्धारित भू-उपयोग के आधार पर भवनों के नक्शे स्वीकृत किए जाते हैं। शेष 559 निकाय विकास प्राधिकरण और विनियमित क्षेत्र से बाहर हैं। यहां भवन निर्माण और नक्शा पास करने के लिए कोई एकसमान मॉडल उपविधि लागू नहीं थी। इन निकायों में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के प्रावधानों और अलग-अलग स्तर पर स्वीकृत उपविधियों के आधार पर नक्शे पास किए जा रहे थे। इससे भू-उपयोग, भवन निर्माण और विकास नियंत्रण के नियमों में एकरूपता का अभाव था। सरकार के अनुसार, मौजूदा व्यवस्था में भू-उपयोग, भवन निर्माण गतिविधियों और योजनाबद्ध शहरी विकास के लिए समग्र एवं प्रभावी वैधानिक ढांचे की कमी थी। इसके कारण छोटे शहरों और कस्बों में अनियोजित विस्तार, अवैध निर्माण, यातायात पर बढ़ते दबाव और नियोजन मानकों के असमान अनुपालन जैसी समस्याएं सामने आ रही थीं। नई व्यवस्था के तहत भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 लागू होने से नक्शा स्वीकृति और विकास नियंत्रण की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित होगी। इससे निर्माण गतिविधियों को निर्धारित भू-उपयोग के अनुरूप संचालित करने में मदद मिलेगी और नगरीय विकास में एकरूपता आएगी। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम, 1916 के संबंधित प्रावधानों में संशोधन किया गया है। अधिनियम की धारा 2 के खंड 8 में महायोजना के अनुरूप तैयार भूमि विकास योजना को शामिल करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही धारा 186-क और 186-ख में संशोधन कर भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के आधार पर नक्शे स्वीकृत करने की व्यवस्था की गई है।

नौसेना संग्रहालय का होगा विस्तार, वाटर बॉडी होगी विकसित

लखनऊ। लखनऊ में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए विकसित किए जा रहे नौसेना शौर्य संग्रहालय का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में संग्रहालय के तीसरे चरण के तहत वाटर बॉडी विकसित करने के लिए करीब 6.8 एकड़ जमीन पर्यटन विभाग को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। साथ ही संग्रहालय परिसर के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंपने का भी निर्णय लिया गया।

वाटर बॉडी विकसित करने के लिए एलडीए संबंधित 6.8 एकड़ भूमि पर्यटन विभाग को एक लाख रुपये की टोकन मनी पर उपलब्ध कराएगा। परियोजना के तहत नौसेना



के जहाजों की प्रतिकृतियां, बोटिंग, लाइट एंड साउंड शो के साथ जलीय जीवन और समुद्री जैव विविधता से जुड़ी प्रदर्शनियां विकसित की जाएंगी। इससे नौसेना शौर्य संग्रहालय को एक ऐसे पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना है, जहां लोग देश के समुद्री इतिहास और नौसेना की तकनीक को करीब से जानने के साथ मनोरंजन का भी आनंद ले सकेंगे।

परियोजना के तीसरे चरण में विकसित होने वाली वाटर बॉडी संग्रहालय परिसर का प्रमुख आकर्षण होगी। यहां नौसेना के जहाजों की प्रतिकृतियों के साथ बोटिंग की सुविधा विकसित की जाएगी। लाइट एंड साउंड शो तथा जलीय जीवन और समुद्री जैव विविधता से संबंधित प्रदर्शनियां भी प्रस्तावित हैं। परिसर में प्रवेश के लिए टिकट की व्यवस्था भी होगी। विद्यार्थियों और स्कूली बच्चों के लिए रियायती दरों पर प्रवेश की व्यवस्था होगी। इससे स्कूलों के शैक्षणिक भ्रमण को प्रोत्साहन मिलने और विद्यार्थियों को इतिहास, विज्ञान, तकनीक तथा राष्ट्रीय सेवा से जुड़े विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलने की उम्मीद है।

पूरे परिसर का संचालन करेगा एलडीए : नौसेना शौर्य वाटिका के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी एलडीए संभालेगा। क्यूरेशन एंड एक्सपीरियंस सेंटर और वाटर बॉडी का निर्माण पूरा होने के बाद उनका संचालन भी इसी व्यवस्था के तहत किया जाएगा। इससे पूरे परिसर में रखरखाव, सुरक्षा, टिकट और पर्यटक सुविधाओं का प्रबंधन एक ही एजेंसी के माध्यम से किया जा सकेगा।

यूपी में बनेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन

योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने और शासन व नागरिक सेवाओं में एआई के सुरक्षित, प्रभावी एवं उत्तरदायी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश एआई मिशन (यूपी-एआईएम) की स्थापना, क्रियान्वयन एवं संचालन को मंजूरी दी गई। आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि मिशन मोड में संचालित होने वाले यूपी-एआईएम के माध्यम से राज्य में एआई आधारित नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास, स्टार्टअप एवं उद्यमिता, हाई-कैपेसिटी कंप्यूटिंग और एआई आधारित डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा।

अखिलेश यादव मथुरा या लखनऊ से चुनाव लड़कर दिखायें : डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें मथुरा या लखनऊ से चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि दूसरों को अलग-अलग सीटों से चुनाव लड़ने की चुनौती देने के बजाय सपा प्रमुख को स्वयं चुनावी मैदान में उतरकर अपनी राजनीतिक ताकत साबित करनी चाहिए।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव कभी अयोध्या तो कभी किसी दूसरी सीट से चुनाव लड़ने की चुनौती देते हैं। यदि उन्हें अपनी राजनीतिक स्वीकार्यता और जनाधार पर भरोसा है तो उन्हें भगवान श्रीकृष्ण की पावन जन्मभूमि मथुरा या उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से चुनाव लड़कर दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का अधिकांश समय लखनऊ में बीतता है, ऐसे में राजधानी से चुनाव लड़ना उनके लिए अपनी राजनीतिक ताकत साबित करने का अवसर होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में प्रदेश की जनता ने अखिलेश यादव को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। ऐसे में उन्हें उत्तर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय रहकर जनता के सवालों का सामना करना चाहिए। डॉ. सिंह ने कहा कि राजनीति में दूसरों को चुनौती देना आसान है, लेकिन जनता का विश्वास जीतना और जनहित के मुद्दों पर जवाबदेही निभाना ही वास्तविक नेतृत्व की पहचान है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा प्रमुख को सलाह दी कि वे बयानबाजी के बजाय प्रदेश की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान पर ध्यान दें और अपनी राजनीतिक ऊर्जा का इस्तेमाल जनहित के कार्यों में करें।

अनियमित खानपान से डायबिटीज रोगी बढ़े

लखनऊ। अनियमित जीवनशैली और खानपान से डायबिटीज रोगियों की संख्या बढ़ रही है। हर उम्र के लोग इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। शुरुआत में बीमारी के लक्षण मरीज समझ नहीं आते हैं। जब बीमारी गंभीर हो जाती है। यह जानकारी लोहिया संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह ने शुक्रवार को उप्र डायबिटीज एसोसिएशन की ओर से लोहिया संस्थान के प्रेक्षागृह में डायबिटीज जागरूकता पर यूपीडकॉन 2026 कॉन्फ्रेंस का आगाज हुआ। लोहिया संस्थान के निदेशक डा. सीएम सिंह ने कहा कि डायबिटीज को लेकर जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है ताकि लोग समय पर इलाज कराएं। समय पर बीमारी की पहचान, डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवाओं या इंसुलिन का इस्तेमाल और जीवनशैली में सुधार से ब्लड शुगर नियंत्रित रखी जा सकती है। संस्थान के कुलसचिव डा. सुब्रत चन्द्रा ने कहा कि करीब छह प्रतिशत टाइप वन डायबिटीज पीड़ितों को इनसुलिन की जरूरत पड़ती है, जबकि पांच प्रतिशत टाइप-2 डायबिटीज पीड़ितों को इनसुलिन की जरूरत पड़ती है।

नमो सेवा-अनकही कहानियां का भावपूर्ण नाट्य मंचन

पीएम मोदी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों का हुआ चित्रण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को लखनऊ स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में नमो सेवा-अनकही कहानियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी मुख्य अतिथि एवं एमएलसी मुकेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी प्रसंगों पर आधारित भावपूर्ण नाट्य मंचन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके सार्वजनिक जीवन की यात्रा, संघर्ष, सेवा भाव, समर्पण और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता को जीवंत रूप में दर्शाया गया।

नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा को रेखांकित करते हुए जनसेवा, जनकल्याण और अंत्योदय के संकल्प को प्रस्तुत किया गया। मंचन में सेवा को



साधना मानने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने के विचार को प्रमुखता से दर्शाया गया। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक हैं। उनका जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान, जनकल्याण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा देता है। नमो सेवा-अनकही कहानियां नाट्य मंचन के माध्यम से प्रधानमंत्री के जीवन के उन प्रेरणादायी प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो हमें सेवा को अपना संकल्प बनाने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री की जनसेवा की यात्रा और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है, ताकि प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ समाज के बीच कार्य करे। नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम ने सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को दर्शकों के समक्ष रखा।

एसए अपार्टमेंट रहने योग्य नहीं ध्वस्तीकरण की सिफारिश

- बारूदखाना में भवन का हिस्सा झुकने के बाद स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट में खुलासा

लखनऊ। वजीरगंज के बारूदखाना स्थित एसए अपार्टमेंट को संरचनात्मक जांच में निवास के लिए असुरक्षित पाया गया है। भवन की मजबूती का आकलन करने के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की ओर से क्यूए टेस्टिंग लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड से स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट कराया गया था। एजेंसी ने अपनी अंतिम रिपोर्ट में भवन को रहने के लिहाज से असुरक्षित बताते हुए ध्वस्तीकरण की भी सिफारिश की है।

एलडीए के अनुसार, 28 सितंबर 2026 को वजीरगंज स्थित 179/30च, कृष्ण कुंज, बारूदखाना में बने एसए अपार्टमेंट का एक हिस्सा एक तरफ झुक गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्राधिकरण ने जनसुरक्षा के मद्देनजर तत्काल कार्रवाई शुरू की और भवन की संरचनात्मक स्थिति की जांच के लिए विशेषज्ञ एजेंसी को जिम्मेदारी सौंपी। भवन का हिस्सा झुकने के बाद संभावित खतरे को देखते हुए एलडीए ने उसी दिन, 28 सितंबर को, विशेषज्ञ एजेंसी के सुझाव पर भवन में अस्थायी जैकिंग की व्यवस्था कराई। इसका उद्देश्य भवन को तत्काल सहारा देना



और स्थिति को संभालना था, ताकि किसी अप्रिय घटना की आशंका को कम किया जा सके। इसके बाद एजेंसी ने भवन की मजबूती और संरचनात्मक स्थिति का आकलन करने के लिए नॉन-डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग (एनडीटी) की। इस जांच में भवन की संरचना की स्थिति का परीक्षण किया गया। जांच पूरी होने के बाद तैयार अंतिम रिपोर्ट में अपार्टमेंट को निवास के लिए असुरक्षित घोषित किया गया।

विशेषज्ञ एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में भवन में मौजूद संरचनात्मक जोखिम को देखते हुए इसे रहने योग्य नहीं माना है। साथ ही भवन के ध्वस्तीकरण का सुझाव भी दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

कांशीराम ने बहुजन समाज को शोषित से शासक बनाया

विशेष संवाददाता (vol)

- कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर मायावती बोलीं- लखनऊ में होगी रैली

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को पार्टी के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांशीराम ने देश में सदियों से पिछड़े और शोषित बहुजन समाज को वोट की ताकत के जरिए सत्ता की मास्टर चाबी सौंपने और उन्हें शासक वर्ग बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया।

मायावती ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान और स्वाभिमान के आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए कांशीराम ने अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके इसी मिशनरी संकल्प का परिणाम था कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में बसपा की चार बार सरकार बनी।

उन्होंने कहा कि बसपा सरकारों के दौरान सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के ऐतिहासिक कार्य किए गए। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले, श्री नारायणा गुरु, छत्रपति शाहूजी महाराज और डॉ. बीआर आंबेडकर जैसे महान संतों व महापुरुषों के समतावादी विचारों को धरातल पर उतारकर संविधान की पवित्र मंशा को पूरा किया गया। मायावती ने अपने शासनकाल



का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बसपा शासन के दौरान अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में 'कानून द्वारा कानून का राज' स्थापित किया गया। जनहित और विकास के कार्यों के जरिए एक पारदर्शी और जन-कल्याणकारी सरकार देना ही कांशीराम को पार्टी की ओर से सच्ची श्रद्धांजलि है। परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर बसपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने भी कांशीराम के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर आकाश आनंद समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राजकीय नर्सेस संघ उप्र का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजकीय नर्सेस संघ के पूर्व निर्धारित आंदोलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार से जनपदों में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग ने अपनी लंबित मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। संघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों पर शासनादेश जारी न होने की स्थिति में आंदोलन को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।

संघ की प्रमुख मांगों में नर्सिंग संवर्ग को एक समान भत्ते प्रदान करना गृह जनपद में तैनाती की व्यवस्था लागू करना, निदेशालय से लेकर चिकित्सालय स्तर तक नर्सिंग संवर्ग के सभी पात्र पदों पर पदोन्नति सुनिश्चित एवं भर्ती करना बीएससी नर्सिंग की भांति उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सवेतन अवकाश की सुविधा प्रदान करना तथा चिकित्सालयों में क्रेच (पालनाघर) की व्यवस्था करना इत्यादि शामिल है। संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि नर्सिंग संवर्ग की इन मांगों के संबंध में माननीय उप मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव तथा महानिदेशक स्तर पर कई बार वार्ता हो चुकी है। संघ के अनुसार, विभिन्न स्तरों पर मांगों के संबंध में लिखित सहमति व्यक्त किए जाने के



केजीएमयू में नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती की जांच तेज

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के मामले की जांच तेज हो गयी है। एसटीएफ और शासन की दोहरी जांच को लेकर केजीएमयू में खलबली मची है। भर्ती प्रक्रिया में राजस्थान के अभ्यर्थियों की भागीदारी और चयन को लेकर सवाल उठने के बाद विभिन्न स्तरों पर पड़ताल की जा रही है। केजीएमयू ने राज्यवार चयन से संबंधित रिपोर्ट तैयार की है। केजीएमयू में नर्सों के 1276 पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2023 में विज्ञापन जारी किया गया था। देश भर से करीब 63692 भ्यर्थियों ने आवेदन किया था। पहले ऑनलाइन भर्ती परीक्षा होनी थी। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार ऑनलाइन परीक्षा कराने से एजेंसी ने इनकार कर दिया था। लिहाजा ऑफलाइन परीक्षा करानी पड़ी थी। परिणाम घोषित होने के बाद 1172 नर्सिंग ऑफिसर ने नौकरी ज्वाइन की। करीब तीन साल बाद भर्ती में गड़बड़ी की शिकायत हुई। प्रवक्ता डा. केके सिंह का दावा है कि भर्ती नियमों और पारदर्शी तरीके से की गयी है, इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी के आरोप बेबुनियाद हैं।

बावजूद अभी तक आवश्यक शासनादेश निर्गत नहीं किए गए हैं। अध्यक्ष शर्ली भन्डारी ने कहा कि लंबे समय से मांगों के समाधान की प्रतीक्षा करने के बाद संघ को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ा है। 21 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा। 22 अक्टूबर को महानिदेशालय (डीजी कार्यालय) का घेराव कर नर्सिंग संवर्ग की लंबित मांगों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

मिलावट पर कार्रवाई, खाद्य पदार्थ जब्त

लखनऊ। नवरात्रि से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने प्रदेशव्यापी अभियान तेज कर दिया है। शुद्ध ही शुभ है अभियान के तहत 8 और 9 अक्टूबर को की गई कार्रवाई में करीब 22,642 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत 1.04 करोड़ रुपये है। एटा में 1,500 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया गया, जबकि हापुड़ और एटा में गंभीर अनियमितताओं के मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई। हापुड़ के लोदीपुर स्थित देव फ्रेश क्रीम प्रतिष्ठान पर वनस्पति और रिफाइंड तेल मिलाकर मिल्क क्रीम तैयार करने का मामला सामने आया। टीम ने यहां से 3,800 किलोग्राम क्रीम, रिफाइंड तेल और वनस्पति जब्त की। मामले में संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। एटा की सपना डेयरी में कार्रवाई के दौरान स्किम्ड मिल्क पाउडर, सोयाबीन दाल, रिफाइंड पामोलिन ऑयल, घी सहित अन्य सामग्री जब्त की गई। मौके से सोयाबीन दाल की ग्राइंडिंग मशीन भी जब्त हुई। जांच के दौरान 3.97 लाख रुपये कीमत का 1,500 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया गया। टीम ने कुल 10 नमूने लेकर प्रोपराइटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। राजधानी में मैसर्स जैन देसी घी प्रतिष्ठान से गंदगी और मिथ्या छाप के आधार पर 2,548 किलोग्राम घी जब्त किया गया, जिसकी कीमत करीब 17.53 लाख रुपये है। वहीं श्यामलाल चुन्नीलाल फर्म से 11,040 किलोग्राम घी जब्त किया गया, जिसकी कीमत करीब 68.44 लाख रुपये बताई गई है। दोनों प्रतिष्ठानों से नमूने भी लिए गए। इस तरह लखनऊ में कुल 13,588 किलोग्राम घी पर कार्रवाई की गई। जौनपुर में मिथ्या छाप के आधार पर 1,185 किलोग्राम खाद्य तेल जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2.10 लाख रुपये है।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मोदी की गारंटी : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य ऐसा कारोबारी वातावरण तैयार करना है, जिसमें छोटे व्यापारी, उद्यमी और व्यवसायी अनावश्यक प्रक्रियागत कठिनाइयों से मुक्त होकर कारोबार का विस्तार कर सकें। जीएसटी व्यवस्था का सरलीकरण, पारदर्शिता और व्यापार सुगमता इसी व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस मोदी की गारंटी है।

पंकज चौधरी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में गुरुवार को आयोजित जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में लिए गए निर्णय इसी दिशा में किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। सरकार द्वारा जीएसटी प्रक्रिया को सरल बनाने और कारोबार संबंधी कठिनाइयों को कम करने के लिए किए जा रहे सुधार व्यापारियों को अपने व्यवसाय के विस्तार तथा राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में अधिक प्रभावी योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का निरंतर प्रयास रहा है कि व्यापारियों को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक कारोबारी वातावरण मिले। व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना, रोजगार के अवसर बढ़ाना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, इस लक्ष्य के प्रमुख आयाम हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद समय-समय पर इसमें आवश्यक बदलाव किए गए हैं। चार कर स्लैब के स्थान पर दो प्रमुख स्लैब की व्यवस्था तथा आम जनजीवन में उपयोग होने वाली अधिकांश वस्तुओं को 5 प्रतिशत या उससे कम कर दरों के दायरे में लाने से कर व्यवस्था को अधिक सरल और जनोपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। सरकार की प्राथमिकता कर अनुपालन संबंधी कठिनाइयों को कम करने और कारोबार करना आसान बनाने की है।

वैज्ञानिकों की सूची में एकेटीयू के डॉ. अनुज कुमार शर्मा शामिल



लखनऊ। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर की ओर से जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज के डॉ. अनुज कुमार शर्मा ने इस वर्ष भी अपना स्थान बनाया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में अपनी निरंतर उत्कृष्टता को एक बार फिर प्रमाणित किया है। डॉ. शर्मा के नाम 135 से अधिक एससीआईई एवं स्कोपस इंडेक्स्ड शोध पत्र तथा छह पेटेंट दर्ज हैं। उन्होंने प्रधान अन्वेषक के रूप में चार करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि वाली छह शोध परियोजनाओं का नेतृत्व किया है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए डॉ. शर्मा को वर्ष 2025 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड तथा एकेटीयू द्वारा वर्ष 2020 और 2025 में बेस्ट टीचर्स अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है।

सात ट्रेनें निरस्त, बनारस-नयी दिल्ली और लखनऊ तेजस भी शामिल

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे ने अपरिहार्य कारणों से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि कुल 7 ट्रेनें निरस्त रहेंगी, इनमें 9 अक्टूबर को बनारस से: * 12559 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को नई दिल्ली से 12560 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस, 9 अक्टूबर को बनारस से 12581 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को नई दिल्ली से 12582 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को कासगंज से 15303 कासगंज-नई दिल्ली एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को लखनऊ जं. से 82501 लखनऊ जं.-नयी दिल्ली तेजस एक्सप्रेस, 10 अक्टूबर को नई दिल्ली से 82502 नई दिल्ली-लखनऊ जं. तेजस एक्सप्रेस शामिल हैं।

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने एसआईआर को लेकर उठाये सवाल

लखनऊ। यूपी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को बयान जारी कर एसआई आर को लेकर सवाल उठाये। उन्होंने यूपी में एसआई आर में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि 2.96 करोड़ वोटरों के नाम कटे, 16 लाख नए वोटरों के विवरण गायब, 85,854 फॉर्म-7 पर गंभीर सवाल है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई आर) को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने, नए मतदाताओं को जोड़ने के विवरण सार्वजनिक नहीं किए जाने और फॉर्म-7 के जरिए नाम हटाने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। इन मामलों में निर्वाचन आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। सवाल यह है कि उत्तर प्रदेश में एसआई आर के दौरान मतदाता सूची में इतने बड़े बदलाव किन आधारों पर किए गए और क्या पूरी प्रक्रिया में निर्धारित नियमों का पालन हुआ? उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश में 2.96 करोड़ मतदाताओं के नाम किन कारणों से हटाए गए? फॉर्म-6 से जुड़े लगभग 16 लाख नए मतदाताओं के विवरण गायब क्यों हैं? एसआई आर की प्रक्रिया के दौरान फॉर्म-6 के जरिए लगभग 16 लाख नए मतदाताओं को जोड़े जाने का मामला सामने आया है। इन मतदाताओं के विवरण सार्वजनिक किए जाने को लेकर सवाल उठे हैं। 85,854 फॉर्म-7 किसके निर्देश पर तैयार हुए और इनके आधार पर कितने नाम हटाए गए? क्या एसआई आर के दौरान मतदाता सूची में बदलाव की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष थी? आराधना मिश्रा मोना ने निर्वाचन आयोग जवाब दे, मतदाता सूची में हुए बदलावों का पूरा हिसाब सार्वजनिक हो। उनका कहना है कि मताधिकार किसी भी नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है।

उत्तर रेलवे

ई– ऑक्शन सुचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

Admin Unit/Zone	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
Auction catalogue No./Lot no.	**Catering-11-26**
Description of Work	Allotment of catering Stall at Ayodhya Cantt Railway station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years.
Catalogue Published on	30-09-2026
Auction Start (All Lots)	15-10-2026 at 11:00 hrs
Auction close Date/Time	15-10-2026 at 11:50 hrs
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

SN	Station	Lot No.	Stall ID	Close Date/Time	Quota	Sub Quota
1	Ayodhya Cantt	LKO-AYC-SMU-214-26-1	AYC/PF2&3/96	15.10.2026 at 11:30 hrs	SMU	BPL
2	Ayodhya Cantt	Catg-LKO-AYC-SMU-215-26-1	AYC/PF4&5/103	15.10.2026 at 11:40 hrs	SMU	Minority
3	Ayodhya Cantt	Catg-LKO-AYC-SMU-213-26-1	AYC/PF 1/92	15.10.2026 at 11:50 hrs	SMU	SC

No: C-285-Letter of award /E-auction/2024/JSM Dt:-09-10-2026 **3518/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



महत्वपूर्ण नंबर

वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन

हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस

मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

होमगार्ड ने की पत्नी व बेटी की हत्या, गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

पुलिस को हत्या करने की दी जानकारी



लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोला खेड़ा मोहल्ले में परिवार संग रहने वाले होमगार्ड ने शुक्रवार तड़के केबल से गला घोंटकर पत्नी और बड़ी बेटी की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी ने खुद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और कृष्णानगर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। दोहरे हत्याकांड की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने उच्च अधिकारियों को सूचित कर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया। सूचना पर डीसीपी दक्षिणी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। छोटी बेटी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोला खेड़ा में रहने वाले 58 वर्षीय होमगार्ड रविंद्र शंकर गुप्ता ने शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे पहली मंजिल पर सो रही 50 वर्षीय पत्नी श्याम दुलारी और ग्राउंड फ्लोर पर सो रही 32 वर्षीय बड़ी बेटी पूजा साहू की डाटा केबल से गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के वक्त अविवाहित छोटी बेटी प्रिया अपनी भतीजी काव्या संग ग्राउंड फ्लोर के दूसरे कमरे में सो रही थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और थाने पहुंचकर खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के साथ घर पहुंची पुलिस को ग्राउंड फ्लोर के कमरे में बेटी का शव बिस्तर पर और फर्स्ट फ्लोर पर पत्नी का शव बिस्तर पर पड़ा मिला।

प्रभारी निरीक्षक कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि आरोपी होमगार्ड पिछले एक सप्ताह से ड्यूटी पर नहीं जा रहा था। शुरूआती जांच में सामने आया है कि उसे पत्नी श्याम दुलारी के चरित्र पर संदेह था, वहीं बड़ी बेटी पूजा का किसी युवक से बातचीत करने को लेकर घर में अक्सर विवाद हुआ करता था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। आरोपी होमगार्ड की चार बेटियां, एक बेटा और एक नातिन है। बड़ी बेटी पूजा की शादी 2017 में हुई थी जो तलाक के बाद टूट गई। 2022 में दूसरी शादी हुई वह भी टूट गई। इसके बाद से पूजा बेटी काव्या के साथ पिता के घर पर रहने लगी और घर में ही काव्या नाम से बुटीक और ब्यूटी पार्लर चलाती थी। दूसरी बेटी लक्ष्मी उन्नाव में, रूबी गुजरात में रहती है और छोटी बेटी प्रिया अविवाहित है, जबकि कैब चालक बेटा विनय शिक्षिका पत्नी के साथ पारा में रहता है।

आरोपी होमगार्ड की छोटी बेटी प्रिया की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल कर लिया है।

पार्टी कर रहे मजदूर ने की साथी पेंटर की हत्या

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के कन्नौसी स्थित ओशो नगर में गुरुवार रात शराब व मुर्गे की दावत के बाद पेंटर सुखपाल (27) की नुकीली ईंट से वार कर हत्या कर दी गई। शुक्रवार सुबह शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम से जांच कराई। आरोपी की तलाश में चार टीमें लगाई गई हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार किया जायेगा।

मूलरूप से हरदोई के तड़ियावां थाना क्षेत्र के बुहढ़ा गांव निवासी पेशे से पेंटर का काम करने वाला सुखपाल कृष्णानगर थाना क्षेत्र के कन्नौसी स्थित ओशो नगर में गोलू पाल के खाली प्लाट में बने टीनशेड के कमरे में किराए पर रहता था। इसी प्लाट के दूसरे कमरे में उन्नाव का पाटन निवासी राजेश रावत भी करीब 10 वर्षों से रह रहा था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार रात करीब 10:30 बजे सुखपाल और राजेश ने साथ बैठकर देशी शराब पी और राजेश के कमरे में मुर्गा और चावल बनाकर खाया गया।

इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। राजेश ने ईंट से सुखपाल की दाहिनी कनपटी पर वार कर मौत के घाट उतार कर मौके से फरार हो गया। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खून से लथपथ पड़े सुखपाल को देख फारेंसिक टीम को बुला साक्ष्य एकत्र करा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी राजेश के कमरे से देशी शराब के पाउच, चिकन, चावल हत्या में इस्तेमाल की गई ईंट बरामद हुई है।

बेहता में डूबे युवक का दूसरे दिन भी नहीं मिला शव

लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के तरौना गांव में दोस्त की जान बचाने के लिए बेहता नदी में कूदे 18 वर्षीय सूरज मौर्य का शुक्रवार को भी पता नहीं चल सका। गोताखोरों और एसडीआरएफ की टीम ने सुबह से अंधेरा होने तक नदी में उसकी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। उधर, घटनास्थल पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

शुक्रवार को सांसद आरके चौधरी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी से फोन पर बात कर सूरज की तलाश के लिए अतिरिक्त गोताखोरों और अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था कराने को कहा। वहीं, किसान यूनियन दशहरी गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष यादव और जिला उपाध्यक्ष फरहान बेग ने भी मौके पर पहुंचकर प्रशासन से बात की और पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने शुक्रवार को कई बार लखनऊ-हरदोई हाईवे जाम करने की कोशिश की।

''सेवा स्मृति'' वार्षिक स्मारिका का विमोचन

लखनऊ। कारागार सेवानिवृत्त पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, लखनऊ के संगोष्ठी में शुक्रवार को पी.सी. मीना, महानिदेशक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं, उप्र ने एसोसिएशन की वार्षिक स्मारिका ''सेवा स्मृति'' का विमोचन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पी.सी. मीणा का एसोसिएशन के संरक्षक एस.पी. सिंह पुंढीर द्वारा सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एसोसिएशन के महामंत्री आर सी उपाध्याय ने संगठन की उपलब्धियों का परिचय प्रस्तुत किया, जबकि पत्रिका के संपादक वी.के. जैन ने सेवा स्मृति के विषयवस्तु एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संरक्षक एस.पी. सिंह पुंढीर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अपने संबोधन में महानिदेशक पी.सी. मीना ने सेवा स्मृति को कारागार विभाग की गौरवपूर्ण सेवा-यात्रा, सेवानिवृत्त कार्मिकों के अनुभवों तथा उनकी अमूल्य स्मृतियों को संजोने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने एसोसिएशन द्वारा पेंशनर्स के कल्याण एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

प्रदेश भर में 12 को मनाया जायेगा विशेष रोजगार सृजन दिवस

लखनऊ। 'विकसित भारत-गारण्टी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण)' योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के वयस्क सदस्यों को वित्तीय वर्ष में 125 दिनों का अकुशल श्रम रोजगार उपलब्ध कराना और टिकाऊ संपत्तियों का निर्माण करना है। योजना के उद्देश्य की पूर्ति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में श्रमिकों की मांग के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने हेतु उत्तर प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में 12 अक्टूबर सोमवार को पूरे प्रदेश में विशेष अभियान के रूप में विशेष रोजगार सृजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है। विशेष रोजगार सृजन दिवसर हेतु प्रदेश का 40 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य रखा गया है। इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा सभी जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

फंदा लगाकर पेंटर ने दी जान

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी में रहने वाले पेंटर ने शुक्रवार दोपहर अपने मकान के ऊपरी तल पर बने कमरे में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आशियाना थाना क्षेत्र के एलडीए कॉलोनी सेक्टर-जी में रहने वाले पेशे से पेंटर 35 वर्षीय दीपक कुमार पुत्र राजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को कमरे में दुपट्टा से फंदा बनाकर फांसी लगा ली।

दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। नाबालिग लड़की संग दुराचार करने के मामले में बिजनौर पुलिस ने अभियुक्त लल्लन बसौर को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक बिजनौर कपिल गौतम के अनुसार पीड़ित निवासी ग्राम मझगवां थाना बरगवां जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश, वर्तमान पता कल्प सिटी के पास झुग्गी झोपड़ी थाना बिजनौर ने तहरीर देकर सूचना दी थी कि अभियुक्त लल्लन बसौर पुत्र रामप्यारे निवासी ग्राम मझौली थाना बरगवां जिली सिंगरौली मध्य प्रदेश, हालपता कल्प सिटी के पास झुग्गी झोपड़ी थाना बिजनौर ने उनकी पुत्री उम्र 14 वर्ष के साथ दुराचार किया है।

रंगदारी मांगने वाला धरा गया

लखनऊ। चौक पुलिस ने हॉस्पिटल संचालक को धमकी देकर रंगदारी मांगने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि 05 अक्टूबर को लवलेश त्रिवेदी संचालक क्राउन हॉस्पिटल निवासी लाजपत नगर थाना चौक, स्थायी पता कलौली थाना कछौना जनपद हरदोई ने चौक थाने पर लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि सलाउद्दीन व उसके अन्य सहयोगियों द्वारा षड्यंत्र के तहत जानमाल की धमकी देते हुए रंगदारी की मांग की जा रही है तथा अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकियां दी जा रही हैं।

नशे में धुत युवक ने रॉड से किया हमला : काकोरी के मंडौली गांव में मामूली विवाद में नशे में धुत टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत युवक ने गांव के ही मजदूर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर पर वार से बचने के लिए मजदूर ने दोनों हाथ ऊपर कर लिए, जिससे उसके दोनों हाथ टूट गए।

निजी अस्पताल में युवक की मौत पर हंगामा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दुबग्गा थाना क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद युवक की मौत से आक्रोशित परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज के दौरान लापरवाही करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

जानकारी के मुताबिक जनपद हरदोई के पाठकपुर गांव निवासी करीब 22 वर्षीय गुरदीन को बीते दस दिन से बुखार की शिकायत थी। जिसको गुरदीन के चचेरे भाई सूरज ने गुरुवार शाम को दुबग्गा के बेगरिया गॉव स्थित लखनऊ सिटी मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। साथ मे गुरदीन की माँ शोभा समेत परिजन आये थे। यहां डॉक्टरों ने मरीज गुरदीन की आंत फटी होने की बात बताई। जिसको लेकर डॉक्टरों ने गुरुवार रात में ही हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया है।

शुक्रवार को ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ गई ।जिससे शुक्रवार शाम को गुरदीन की मौत हो गई। मौत से नाराज परिजनों ने हॉस्पिटल के बाहर हंगामा काटा। परिजन डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसके चलते यातायात बाधित हो गया।

68500 शिक्षक भर्ती: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। 68500 सहायक अध्यापक भर्ती में आरक्षण विसंगति दूर करने और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का अनुपालन कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को अभ्यर्थियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के आवास का घेराव किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें उठाईं। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात रहा।

लगभग 40 मिनट तक चले आंदोलन के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अभ्यर्थियों से मुलाकात की और उनका ज्ञापन स्वीकार किया। अभ्यर्थियों ने बताया कि पंकज चौधरी ने कहा, आपका मामला हमारे संज्ञान में है और अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का पालन कराया जाएगा और किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जल्द ही समस्याओं का समाधान कर पात्र अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की बात कही।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अभ्यर्थी तूफान सिंह ने कहा कि 68500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों के पालन में कथित विसंगतियों को लेकर अभ्यर्थियों ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का दरवाजा खटखटाया था। आयोग ने संबंधित विभाग को आदेश दिया कि ओबीसी वर्ग को आरक्षित श्रेणी मानते हुए पूर्णांक 150 में से 60 अंक अर्थात 40 प्रतिशत पर परिणाम संशोधित कर नियुक्ति दी जाये। और आरक्षण विसंगति करने वाले दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की जाये लेकिन अब तक आदेश के अनुरूप कार्रवाई नहीं हुई है।

अभ्यर्थियों की मांग है कि आयोग के आदेश का अनुपालन करते हुए भर्ती का परिणाम संशोधित किया जाए और नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए। उनका कहना है कि आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित करना सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। प्रदेश अध्यक्ष से मिले आश्वासन के बाद अब अभ्यर्थियों की निगाहें सरकार और संबंधित विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। धरने में नवीन चौधरी, अखिल कुमार, नसीम, रंजना जायसवाल, शिववीर, उमेश गुप्ता, विनोद प्रजापति, प्रतिमा कुशवाहा, राकेश शाहनी, सुमन, किरन मौर्या, रीना कुशवाहा, राजेंद्र वर्मा, रामप्रवेश, मनीष पटवा, शिशुपाल सिंह, सुनील, आकृति, अवधेश शाक्य, ऋषिता पाल, सच्चिदानंद सहित हजारों अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

सई नदी में आश्रय को खोज रहे गोताखोर

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र में हार्डवेयर कारोबारी के बेटे आश्रय ने नदी में कूदकर जान देने का प्रयास किया। गोताखोर उसे नदी में तलाश रहे हैं। आश्रय के नदी में कूदने की खबर फैलते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने परिवार और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। सूचना मिलने के करीब 5 घंटे बाद एसडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची। आसपास के गांवों से गोताखोर भी बुलाए गए हैं। सभी नदी में आश्रय की तलाश कर रहे हैं।

विद्यार्थियों के शैक्षणिक व व्यक्तित्व विकास पर जोर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग द्वारा मेंटर-मेंटी संवाद सह समान अवसर प्रकोष्ठ अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. श्रवण कुमार, एमएमटीटीसी के निदेशक एवं समान अवसर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार तथा सह-संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार यादव।



प्रथम सत्र में डॉ. देवेंद्र कुमार यादव ने मेंटर-मेंटी कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विद्यार्थियों के शैक्षणिक और व्यक्तिगत विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में प्रो. दिनेश कुमार ने समान अवसर प्रकोष्ठ की भूमिका एवं कार्यप्रणाली बताते हुए समानता, समावेशिता और भेदभावमुक्त वातावरण के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. श्रवण कुमार ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उचित मार्गदर्शन एवं समान अवसरों की आवश्यकता पर बल दिया। अंत में डॉ. बीना इन्द्राणी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस दौरान शिक्षक गण प्रो मुनेश कुमार, प्रो. किरण लता डंगवाल, प्रो आकांक्षा सिंह, डॉ अपर्णा गोडबोले, डॉ सूर्य नारायण, डॉ पूनम श्रीवास्तव, डॉ संजय यादव, डॉ सुमित गंगवार समेत छात्र गण शोधार्थी, छात्रनेता अभिषेक श्रीवास्तव, प्रज्ञा सिंह, अनुक्ता कृति, गिरजेश पासवान, श्रेया कटियार, वैभव शर्मा, आकाश पटेल, राज गुप्ता, प्रियंका जोशी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

आईजीओटी पोर्टल पर यूपी पुलिस की ऐतिहासिक उपलब्धि

- एक करोड़ कोर्स पूर्णताएं हासिल करने वाला देश का प्रथम विभाग बना उप्र पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत आईजीओटी इंटीग्रेटेडगवर्मेंट ऑनलाइन ट्रेनिंग पोर्टल पर 08 अक्टूबर को उप्र पुलिस ने 01 करोड़ कोर्स पूर्णताओं (1,00,48,188) का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। आईजीओटी टीम द्वारा पुष्टि की गई है कि देश के सभी राज्यों के सभी विभागों एवं समस्त केंद्रीय मंत्रालयों में यह उपलब्धि हासिल करने वाला उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग देश का प्रथम विभाग है।

वर्तमान समय में पुलिसिंग की चुनौतियाँ निरंतर बदल रही हैं। साइबर अपराध, डिजिटल साक्ष्य, संगठित अपराध, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ी जटिल परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिसकर्मियों का अद्यतन ज्ञान और तकनीकी दक्षता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रशिक्षण को निरंतर सीखने की प्रक्रिया के रूप में विकसित किया जा रहा है। 08 अक्टूबर 2026 तक 3,58,633 कार्मिक आईजीओटी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन कार्मिकों द्वारा कुल 1,00,48,188 कोर्स पूर्णताएं अर्जित की गई हैं। पोर्टल पर कुल 1,45,29,083 लर्निंग आवर्स दर्ज किए गए हैं, जो पुलिस बल में प्रशिक्षण के प्रति व्यापक सहभागिता को प्रदर्शित करते हैं।

प्रशिक्षण को नियमित कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से 01 अगस्त 2026 से वीकेंड ट्रेनिंग टारगेट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसके अंतर्गत पुलिसकर्मियों को शनिवार एवं रविवार को एक निर्धारित कोर्स पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया जाता है। दिनांक 08 अक्टूबर 2026 तक 10 वीकेंड ट्रेनिंग टारगेट के माध्यम से 32,69,223 कोर्स पूर्णताएँ प्राप्त की गईं। इसी प्रकार 02 से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित साधना सप्ताह में उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्मिकों ने 28,03,435 कोर्स पूर्ण किए।

आईजीओटी पोर्टल पर एक करोड़ से अधिक कोर्स पूर्णताओं का यह कीर्तिमान उत्तर प्रदेश पुलिस में प्रशिक्षण को संस्थागत कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाने तथा ज्ञान, कौशल और दक्षता के निरंतर विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है।

डीजीपी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण की क्षमता एवं गुणवत्ता में निरंतर वृद्धि की जा रही है। उल्लेखनीय है कि यह सफलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के मार्गदर्शन तथा पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) राजीव सभरवाल के निकट पर्यवेक्षण एवं सतत सक्रिय प्रयासों के परिणामस्वरूप मिली है।

मकानों में लगी आग से लाखों की क्षति

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में बन्द मकान में आग लगने से लाखों कासामान जलकर नष्ट हो गया। उधर, पीजीआई साउथ सिटी क्षेत्र में सील बन्द कमान में आग लगने से भारी क्षति हुई। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

एफएसओ के अनुसार शुक्रवार को सुबह करीब 10:41 बजे फायर स्टेशन पीजीआई वॉच रूम पर एमडीटी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गंगाजी नगर कॉलोनी, चरण भट्ठा रोड पीजीआई स्थित एक मकान में आग लगी है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एफएसओ पीजीआई के नेतृत्व में एफक्यूआरवी सहित टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर देखा कि घर पर ताला बंद था और वहां उपस्थित लोगों ने फायर सर्विस की गाड़ी के पहुंचने से पूर्व ही घर की दीवार फांदकर आग पर काबू पा लिया था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने मकान मालिक का नाम विवेक वाजपेयी बताया है।

उधर शुक्रवार सुबह करीब 07:51 बजे फायर स्टेशन पीजीआई वॉच रूम को मकान नंबर अ-105, साउथ सिटी, पीजीआई में घर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद एफएसओ पीजीआई के नेतृत्व में दो वाटर टेंडर व एक वाटर बाउजर घटनास्थल के लिए रवाना किए।

कॉलेज की जमीन से हटायें अवैध कब्जे

- मैकूलाल इंटर कॉलेज की जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने तेलीबाग स्थित राम भरोसे मैकू लाल इंटर कॉलेज की जमीन पर अवैध कब्जों का संज्ञान लेते हुए, सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने जिलाधिकारी, लखनऊ को संस्थान की जमीनों से सभी अनधिकृत कब्जे हटवाने का आदेश दिया है। साथ ही संस्थान के पूर्व प्रधानाचार्य और वर्तमान में वित्त मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी सुखपाल सिंह पर भी गंभीर टिप्पणी की है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि आदेश का अक्षरशः एवं पूर्ण भावना के साथ अनुपालन किया जाए, और प्रतिवादी के वित्त मंत्री के पीआरओ होने का जिलाधिकारी के कर्तव्यों के निर्वहन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चहाइए। न्यायालय ने चेतावनी दी है कि यदि उक्त प्रतिवादी सुखपाल सिंह कब्जा हटाने की कार्रवाई में किसी प्रकार का हस्तक्षेप करता है, तो इसे यह कोर्ट बहुत गंभीरता से लेगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने कॉलेज की प्रबंध समिति की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए, पारित किया है। न्यायालय ने जिलाधिकारी को तीन महीने के भीतर अपने व्यक्तिगत हस्ताक्षर से अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। याचिका में आरोप है कि सुखपाल सिंह ने वर्ष 1988 से 31 जनवरी 2017 तक कॉलेज के प्रधानाचार्य रहते हुए मकान किराया भत्ता प्राप्त किया है, उक्त पूरी धनराशि राशि की वसूली की जाए तथा सेवानिवृत्ति के बाद भी कॉलेज के प्रधानाचार्य आवास पर अवैध कब्जा बनाया हुआ है जिसका वर्तमान दर से किराया देने का भी आदेश दिया जाए।

कोर्ट ने प्रथम दृष्टया माना कि मान्यता के समय विद्यालय की संपत्ति के रूप में दर्शाई गई भूमि पर कई लोगों ने कब्जा कर रखा है। सुखपाल सिंह भी प्रधानाचार्य के रूप में आवंटित आवास में सेवानिवृत्ति के बाद भी रह रहे हैं। हालांकि सुखपाल सिंह की ओर से कहा गया कि संबंधित संपत्ति पर उनके दादा का कब्जा था और वह उत्तराधिकार के आधार पर वहां रह रहे हैं। लेकिन वह अपने दावे के समर्थन में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। न्यायालय ने आदेश की प्रति वित्त मंत्री को भी भेजने का निर्देश दिया है।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र मो. इमरान व उसकी पत्नी कलिमुन को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। अली हसन पुत्र इकबाल हसन नि.-प्लाट नं. 139, रहीम नगर, डुडौली, लखनऊ।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रिजवान जहीर उर्फ लाला को उसका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति तथा परिवार से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य, लेन-देन से मेरा या मेरे परिवार का कोई संबंध अथवा जिम्मेदारी नहीं होगी। मोहम्मद जहीर पुत्र स्व. मोहम्मद हुसैन, नि.-134/287, बशीरतगंज, थाना नाका, जनपद लखनऊ।

सार्वजनिक सूचना

मैं, पंकज कुमार तिवारी, यह घोषित करता हूँ कि मेरी पुत्री कौस्तूबी तिवारी (Kaustubi Tiwari) के विद्यालयी अभिलेखों में उसके पिता का नाम "Pankaj Tiwari" एवं माता का नाम "Preeti Tiwari" अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम "Pankaj Kumar Tiwari" तथा मेरी पत्नी के आधार कार्ड में नाम "Preeti" अंकित है। अतः "Pankaj Tiwari" एवं "Pankaj Kumar Tiwari" एक ही व्यक्ति तथा "Preeti Tiwari" एवं "Preeti" एक ही व्यक्ति हैं और दोनों नाम मेरी पुत्री के माता-पिता से संबंधित हैं। उक्त नामांतर केवल अभिलेखीय भिन्नता है। यह सूचना विद्यालयी अभिलेख एवं आवश्यक अभिलेखीय प्रयोजन हेतु प्रकाशित की जा रही है। पंकज कुमार तिवारी पिता/अभिभावक- कौस्तूबी तिवारी टी3/ 1106, एल्डेको सौभाग्यम, सेक्टर 9, वृन्दावन योजना, जनपद लखनऊ, उ.प्र.-226029

कार्यालय ग्राम पंचायत कुम्हैना, विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी

पत्रांक/मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2026-27/ दिनांक- 09.10.2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुम्हैना में वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थाई फर्म जिनका आयकर वाणिज्यकर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा 10/10/2026 से 16/10/2026 को अपरान्ह 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 16/10/2026 को 04 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री	अनुमानित लागत
1	ग्राम पंचायत के सविलियन विद्यालय शेखनपुरवा में टाइल्स निर्माण कार्य।	टाइल्स, सीमेन्ट, मौरंग, रोड़ा आदि।	354500.00
2	पंचायत भवन की बाउंड्रीवॉल उन्चिकरण कार्य।	ईंटा प्रथम, सीमेन्ट, मोरंग, बालू आदि।	168000.00
3	प्राथमिक विद्यालय पिपरिया में कायाकल्प कार्य।	ईंटा प्रथम, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, रोड़ा, गिट्टी, पेन्ट, स्टील, टाइल्स, प्राइमर, पुट्टी, डिस्टम्पर आदि।	399800.00
4	ग्राम पंचायत में कुआं मरम्मत व उन्चिकरण कार्य।	ईंटा प्रथम, सीमेन्ट, मौरंग, रोड़ा, मिट्टी आदि।	43300.00

नियम शर्तें

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत कुम्हैना के कार्यालय में 10.10.2026 से 16.10.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत कुम्हैना के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 10.10.2026 से दिनांक 16.10.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत कुम्हैना के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.10.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

श्रीमती साजिदा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुम्हैना
विकास खण्ड धौरहरा खीरी

श्री धीरज कुमार
ग्रा.पं.वि.अधिकारी
ग्राम पंचायत कुम्हैना
विकास खण्ड धौरहरा खीरी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सरयू नहर खण्ड-प्रथम, बलरामपुर

ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अति अल्पकालीन ई-निविदा

सूचना संख्या-02/अ.अ./2026-27

महामहिम राज्यपाल महो

नवरात्र : लाल चुनरी, चमकते मुकुट व पूजा सामग्री से सजे बाजार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शारदीय नवरात्र शुरू होने से पहले शहर के बाजार माता रानी के शृंगार के सामान से सज गए हैं। लाल चुनरी, चमकते मुकुट, रंग-बिरंगी पोशाक, फूलों की माला, हार, नथ, कंगन और अन्य शृंगार सामग्री की खरीदारी के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बाजारों में पहुंचने लगी है। इस सप्ताह माता रानी के शृंगार के सामान की खरीदारी में तेजी आई है। दुकानों पर माता रानी के लिए अलग-अलग आकार और डिजाइन की पोशाक उपलब्ध हैं। दुकानदारों के मुताबिक अहमदाबाद, बॉम्बे और मेरठ की पोशाक की मांग बनी हुई है। इनमें कढ़ाई, सितारे, गोटा-पट्टी और चमकीले काम वाली पोशाक श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाओं के लिए अलग-अलग आकार की पोशाक उपलब्ध हैं। साथ ही बनारसी व जयपुरी लुक में लहंगा चुनरी की भी मांग है।

मुकुट बने विशेष: माता रानी के मुकुट भी बाजार में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बनारस से आए मुकुटों में बारीक काम और चमकदार सजावट श्रद्धालुओं को पसंद आ रही है। वहीं कलकत्ता से आई फूलों की मालाएं माता रानी के शृंगार को खास रूप देने के लिए खरीदी जा रही हैं। राजस्थान की चुनरी भी इस बार बाजार में खूब पसंद की जा रही है। लाल, गुलाबी, पीली और हरे रंग की चुनरी पर गोटा, सितारे और सजावटी काम किए गए हैं। इसके अलावा मेरठ में तैयार होने वाली चौकी और सिंहासन भी माता रानी के दरबार की सजावट के लिए खरीदे जा रहे हैं। श्रद्धालु पोशाक के साथ मुकुट, माला, चुनरी और अन्य शृंगार सामग्री का पूरा सेट खरीद रहे हैं। इस बारे में अतुल गुप्ता ने बताया कि इस बार फूलों की माला बहुत विशेष है। इसमें कलकत्ता से यह मालाएं आई हैं और इनकी बनावट ऐसी है कि यह हकीकत के फूलों से बनी हुई लगती हैं। बाकी मेरठ से इस बार काफी पोशाक, सिहांसन भी हैं।

बाजार में अलग-अलग शहरों की खासियत: इसके अलावा अहमदाबाद-बॉम्बे से माता रानी की आकर्षक पोशाक, बनारस से चमकदार और डिजाइनदार मुकुट, कलकत्ता से फूलों की सुंदर मालाएं, राजस्थान से रंग-बिरंगी और गोटेदार चुनरी, मेरठ से चौकी और सिंहासन समेत स्थानीय सजावटी सामान है। इसी क्रम में आकृति उपहार से अमित गोयल ने बताया कि दिल्ली से भी छोटे आकार की मूर्तियां, सिहांसन काफी आए हैं।

बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानें सजीं: नवरात्रि को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। लोगों ने खरीदारी भी शुरू कर दी है। बाजारों में माता की पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री से दुकानें सज गई हैं। दुकानों पर माता की चुनरी, नारियल, पूजा सामग्री, व्रत का सामान, फूल-माला, मूर्तियां और सजावट के सामानों की खरीदारी शुरू हो गई है। सेक्टर-59 मामूरा मार्केट के दुकानदार दीप कुमार ने बताया कि पिछले साल के मुकाबले घी और तेल के दाम में करीब 30 से 50 रुपये बढ़ गए हैं।

आर्टिफिशियल माला की मांग बढ़ी: दुकानदार मदन ने बताया कि असली फूलों की माला रोजाना खरीदनी पड़ती है। वहीं, प्लास्टिक की एक माला पूरे नवरात्रि के दौरान इस्तेमाल की जा सकती है। इसी कारण ग्राहक इन मालाओं को अधिक पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों के अनुसार असली फूलों की कीमत भी पिछले साल के मुकाबले बढ़ी है। पहले जिनकी कीमत पहले 20 रुपये की थी। अब 30 और 40 रुपये हो गई है। इसलिए ज्यादातर ग्राहक असली फूलों के बजाय आर्टिफिशियल फूल की मालाएं खरीद रहे हैं।

दाम पर एक नजर: हर तरह के सामान की शुरूआत माता रानी के मूर्ति के साइज के हिसाब से है। घर में रखने वाली मूर्तियों के हिसाब से दाम 25 रुपये से शुरू होकर 2500 रुपये तक है। इसमें पोशाक, चुनरी, माला, सिहांसन, चौकी आदि सभी कुछ शामिल हैं।

इको-फ्रेंडली मूर्तियों की मांग बढ़ी: दुकानदार ने बताया कि माता की मूर्तियों की बिक्री अभी ज्यादा नहीं हुई है। ग्राहक माता की तस्वीर के अलावा सभी प्रकार की सामग्री खरीद रहे हैं। ग्राहक इस बार मिट्टी से बनी इको-फ्रेंडली मूर्तियों को अधिक पसंद कर रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक नवरात्रि शुरू के साथ बाजार में खरीदारी और बढ़ने की संभावना है।

51 शक्तिपीठ मंदिर में शारदीय नवरात्र 11 से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बख्शी का तालाब के नंदना स्थित 51 शक्तिपीठ मंदिर में शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। दस दिनों तक मंदिर में मां की विशेष आराधना, पूजन और मनमोहक श्रृंगार आकर्षण का केंद्र रहेगा। मां की आराधना 11 अक्टूबर से शुरू होगी। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति दीक्षित तिवारी ने बताया कि नवरात्र में मां के दरबार को प्रतिदिन अलग-अलग रंगों की रोशनी, ताजे फूलों और विशेष श्रृंगार से सजाया जाएगा। प्रत्येक दिन रंगों की थीम के अनुरूप मां का श्रृंगार और भोग अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिदिन पिंडी पूजन और शाम को महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। नवरात्र के स्वागत के लिए मंदिर परिसर की साफ-सफाई, और सजावट का कार्य अंतिम दौर में है। मंदिर प्रबंधन द्वारा अंतिम तैयारियों को तेजी से पूरा किया जा रहा है, ताकि नवरात्र शुरू होने से पहले परिसर को पूरी तरह तैयार किया जा सके। दस दिनों तक भक्तों को भक्ति, आस्था और दिव्य श्रृंगार के विशेष दर्शन का अवसर मिलेगा। मंदिर प्रबंधन श्रद्धालुओं के स्वागत और सुविधाओं को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने में जुटा है।

बाजार में माता की मूर्तियों की बिक्री शुरू



लखनऊ। शारदीय नवरात्र 11 अक्तूबर से शुरू हो रहे हैं। नवरात्रों को लेकर शहर के बाजारों में तैयारियां तेज हो गई हैं। माता की मूर्तियों से लेकर चुनरी, पूजा की थाली, कलश, शृंगार सामग्री और अन्य पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। बाजार में इस बार माता रानी की अलग-अलग आकार और डिजाइन की मूर्तियां लोगों को आकर्षित कर रही हैं। बाजार में माता की पारंपरिक मूर्तियों के साथ लाल और गुलाबी परिधानों में सजी मूर्तियां भी उपलब्ध हैं। कहीं माता को शेर पर सवार दिखाया गया है तो कहीं कमल पर विराजमान हैं। घरों में स्थापना के लिए छोटी मूर्ति की मांग है, जबकि मंदिरों और पूजा स्थलों के लिए बड़ी मूर्तियां खरीदी जा रही हैं। बाजार में मूर्तियों की कीमत 30 रुपये से शुरू होकर पांच हजार रुपये तक है। बाजार में मिली सुनीता ने बताया कि वह घर की पूजा के लिए माता की छोटी मूर्ति लेने आई हैं। इस बार बाजार में मूर्तियों की अच्छी वैरायटी देखने को मिल रही है। पूजा देवी ने बताया कि माता की मूर्ति के साथ पूजा का सामान भी बाजार में आसानी से मिल रहा है। नवरात्रों में घर की विशेष रूप से पूजा और सजावट की तैयारी की जा रही है। नेहा ने बताया कि उन्हें पारंपरिक रूप से सजी माता की मूर्ति पसंद है। नवरात्रों में घर के मंदिर को फूलों और चुनरी से सजाने की तैयारी है। मूर्ति विक्रेता रमेश कुमार ने बताया कि नवरात्रों को देखते हुए अलग-अलग आकार की माता की मूर्तियां मंगाई गई हैं। ग्राहकों की पसंद को देखते हुए सजी हुई और पारंपरिक दोनों तरह की मूर्तियां उपलब्ध हैं। नवरात्र शुरू होने के साथ खरीदारी और बढ़ने की उम्मीद है।

बुक फेयर : किताबों में 'हवाखोर,' 'विश्वगुरु' के संग 'निठल्ला चिंतन'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर चल रहा 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला समापन की ओर बढ़ चला है। यहां 11 अक्टूबर को समाप्त होने वाले इस मेले में रचनाकारों के सम्मान के संग पुस्तक चर्चा, विमोचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम पुस्तक प्रेमियों की मौजूदगी में आज नवें दिन भी हुए।

वंदे मातरम् थीम पर आयोजित मेले में यहां प्रेमचन्द, भारती, महादेवी वर्मा, कृष्णचंदर, निराला, बच्चन, बंकिम, टैगोर , शरतचन्द्र, नीरज, दिनकर, शरतचन्द्र, महाश्वेता देवी, कमलेश्वर जैसे अनगिनत लोकप्रिय साहित्यकारों की रचनाओं की मांग खूब है। इससे अलग नए रचनाकारों और नई किताबों की मांग भी हैं। इस वर्ष हिंदी साहित्य में समकालीन और नए लेखकों की आधुनिक समाज, राज और मानवीय संवेदनाओं को उजागर करती कई महत्वपूर्ण पुस्तकें सामने आई हैं। नयी किताबों में शैलेश कुमार का कविता संग्रह 'पहला पन्ना', अम्बर पांडेय का कथा संग्रह 'लावारिस सामान का कमरा' और हिमांशु श्रीवास्तव के उपन्यास 'नदी फिर बह चली' व 'लोहे के पंख', प्रदीप औदिच्य की 'निठल्ला चिंतन', ममता कालिया की यादों की विरासत', फ्रॉक बुईस की अनुवादित 'हवाखोर', दिव्य प्रकाश दुबे की 'टेंशन मत ले यार' और नीलोत्पल मृणाल की बेरोजगार युवाओं के संघर्ष पर 'विश्वगुरु' पसंद की जा रही हैं। रेख़्ता के स्टॉल पर हिंदी और उर्दू में गालिब, मीर, बशीर बद्र, निंदा फाजली, उमैर नज्मी आदि की शायरी की किताबों के अलावा 'हर मौके के लिए शेर' और 'बेलगाम शायरी' जैसी किताबें बिक रही हैं। मुख्य मंच पर आज ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन की ओर से न्यायिक सुधार पर अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा की पुस्तक 'जुडीशियल रिफार्म थ्रू इंस्टीट्यूशनल इन्ट्रोस्पैक्शन' का विमोचन न्यायमूर्ति रंगनाथ पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा प्रजातंत्र में न्यायपालिका का मजबूत होना जरूरी है। राधेश्याम दीक्षित व आभा दीक्षित के संचालन में आज के डिजिटल युग में क्षमता, प्रशासन और जवाबदेही पर एक वकील का नजरिया पेश करने वाली इस किताब पर वक्ताओं ने मूलतः कहा कि सुधार तब शुरू होता है जब संवैधानिक सिद्धांतों को संस्था के भीतर ही लागू किया जाता है। पं.बृजमोहन अवस्थी सुस्मृति संस्थान के संयोजन और सरला आस्मां के संचालन में कृति और कृतिकार के दसवें आयोजन में मुख्य रूप से महेन्द्र भीष्म ने अपनी टिप्पणियां रखीं। यहां डा.गोपाल नारायण, झाँसी की डा.निधि अग्रवाल, डा.अर्चना प्रकाश, पायल लक्ष्मी सोनी, बलिया के डा.विद्यासागर उपाध्याय, प.सो. सुनील अय्यर, कामिनी श्रीवास्तव और पंकज कृष्ण अपनी युद्ध, दिव्य सरोवर, संक्रांति का संसार और सिलवटें जैसी कृतियों के साथ थे। आर्य प्रतिनिधि सभा के कार्यक्रम में आ रूपचन्द्र दीपक ने मनुस्मृति पर और आ.विश्वव्रत शास्त्री ने धर्म के मूल तत्व पर व्याख्यान रखा। दयानंद सदन मोतीनगर के बच्चों ने योग प्रदर्शन किया। लेखक से संवाद के तहत पूजा श्रीवास्तव से उनकी किताब 'स्वबोध' व 'स्व से समष्टि तक' और आदित्य की 'द पर्पस कोड' व 'प्रश्न के उत्तर' को लेकर शिवि गुप्ता ने चर्चा की। आज रेवान्त और साहित्य वीथिका की ओर से कविताओं की गूंज उठी। दूसरे क्रियेटर लाउंज पर ओपेन माइक सत्र में नेशनल पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी पत्नी कला और विचारों का प्रदर्शन किया। उप्र साहित्य सभा की ओर से मानस संवाद के तहत ओम मिश्र का साक्षात्कार योगेश शुक्ल ने किया। हाईस्कूल छात्रा समृद्धि ने अपनी अंग्रेजी पुस्तक के बारे में बताया। ऋद्धि-सिद्धि, अविरल आदि ने प्रस्तुतियां दी।

नीलम राकेश की तीन कृतियों का हुआ लोकार्पण : शुक्रवार को बलरामपुर गार्डन में चल रहे राष्ट्रीय पुस्तक मेले में लखनऊ की सुप्रसिद्ध साहित्यकार नीलम राकेश की तीन कृतियों का विमोचन हुआ। उलझी राहें, टेडी बियर और और मयंक और बाल वाटिका ये सभी पुस्तकें बाल साहित्य और किशोर को समर्पित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्म श्री विद्या बिंदू सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर वर्मा उपस्थित रहें। पुस्तकों का विमोचन सभी ने सामूहिक रूप से किया। डॉ. मीरा दीक्षित और डॉ. करुणा पांडे ने पुस्तकों की समीक्षा प्रस्तुत की। मंच संचालन अलका प्रमोद ने किया।

ऑनलाइन गेम्स की लत से बचने का संदेश



लखनऊ। बच्चों में नैतिक मूल्यों के प्रसार के उद्देश्य से लोक संस्कृति शोध संस्थान की मासिक श्रृंखला दादी-नानी की कहानी का 86वाँ आयोजन इन्दिरा नगर के सेक्टर 18 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ। इस अवसर पर स्टोरीमैन जीतेश ने बच्चों को प्रेरक कहानी सुनाकर ऑनलाइन गेम्स की लत से बचने और मोबाइल से दूरी बनाने का संदेश दिया। कहानी में विक्की को ऑनलाइन गेम्स की लत लग जाती है। वह गेम खेलने के लिए चोरी करता है और दस लाख रुपये गँवा देता है। अपनी गलती का एहसास होने पर वह ऑनलाइन गेम्स छोड़कर पढ़ाई में जुट जाता है। कहानी के माध्यम से बच्चों को मेहनत, विनम्रता और अच्छे व्यवहार का महत्त्व भी समझाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मनोरंजक खेल से हुई। कहानी सुनने के बाद बच्चों ने कथा पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिए और उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय की प्रधानाचार्य सुश्री पुष्पा कुमारी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान की डॉ. सुधा द्विवेदी, कला समीक्षक डॉ. एस.के.गोपाल के अतिरिक्त ऋचा प्रकाश सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

फर्रुख जफर और मेहरू को किया याद



लखनऊ। अभिनय और पत्रकारिता के क्षेत्र में फर्रुख जफर और मेहरु जफर का योगदान अविस्मरणीय है। फर्रुख जफर ने अपने सशक्त अभिनय से हिंदी सिनेमा में विशिष्ट पहचान बनाई, वहीं मेहरु जफर ने अपनी बेबाक लेखनी और पत्रकारिता के माध्यम से महिलाओं के मुद्दों तथा सामाजिक सरोकारों को प्रभावशाली ढंग से उठाया। शुक्रवार को संचित स्मृति न्यास ने लोक संस्कृति शोध संस्थान के सहयोग से गोमती नगर स्थित लिटिल फ्रेंड्स स्कूल में यादें फर्रुख व मेहरु की कार्यक्रम आयोजित कर दोनों के जीवन, संघर्ष और योगदान को याद किया। कार्यक्रम में डॉ. दीक्षा नागर ने विषय प्रवर्तन किया। परवीन तलहा ने मेहरु जफर की लेखन यात्रा और पत्रकारिता से जुड़े संस्मरण साझा किए। दिल्ली से आईं प्रख्यात लेखिका एवं आकाशवाणी की सेवानिवृत्त अधिकारी सलमा हुसैन ने लखनऊ, दिल्ली और पुणे से जुड़ी यादें साझा करते हुए कहा कि लोग कहां से कहां चले जाते है लेकिन उनकी यादें दिलों में नक्श बनकर रह जाती हैं। ताहिरा हसन ने कहा कि मेहरु जफर महिलाओं के मुद्दों पर प्रखरता से अपनी बात रखती थीं। उन्हें लखनऊ की पहली महिला पत्रकार के रूप में याद करते हुए वक्ताओं ने पत्रकारिता और महिला सरोकारों के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित किया। शाहीन अहमद ने अपनी मां और बहन से जुड़ी स्मृतियां साझा कीं। इस दौरान फर्रुख जफर के जीवन-संघर्ष और अभिनय यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया गया कि 14 वर्ष की उम्र में उनका विवाह हुआ था। उनके पति स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने रेडियो में अधिकारी के रूप में काम किया।

विश्व शांति महोत्सव में गूंजा मानव कल्याण का संदेश

लखनऊ। बेतहसदा फैलोशिप ट्रस्ट (दया का घर) की ओर से केशरी खेड़ा, अनौरा मोड़, कालिया खेड़ा स्थित आरके मैरिज लॉन में शुक्रवार को भव्य विश्व शांति महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में लखनऊ सहित विभिन्न जनपदों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने देश की अखंडता और वैश्विक शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। मुख्य आयोजक आर्च बिशप डॉ. रामचरन शेत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रशासनिक अधिकारियों और नीति निमार्ताओं की दीर्घायु, कुशल नेतृत्व और राष्ट्र की समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना कराई। अपने संबोधन में डॉ. शेत ने कहा कि जब विश्व तनाव के दौर से गुजर रहा है, तब भारत ने हमेशा शांति और बंधुत्व का मार्ग दिखाया है। प्रधानमंत्री की वैश्विक शांति पहल ऐतिहासिक है। सरकार का 'सबका साथ सबका विकास' का संकल्प अखंड भारत का आधार है। प्रभु यीशु ने भी प्रेम, समरसता और समानता का संदेश दिया। महोत्सव में प्रॉफिट टिंजो थॉमस ने विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना कराई, जबकि डॉ. पीआर डेविड ने बाइबल पाठ के माध्यम से नैतिक मूल्यों का संदेश दिया।

बाढ़ प्रभावित 200 लोगों को चंदा रानी जैन ट्रस्ट ने कराया भरपेट भोजन



लखनऊ। फैजुल्लागंज क्षेत्र में आई बाढ़ के कारण प्रभावित जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए चंदा रानी जैन ट्रस्ट की ओर से मानवीय पहल की गई। मुसीबत की इस घड़ी में ट्रस्ट के माध्यम से करीब 200 लोगों को निःशुल्क भरपेट भोजन वितरित किया गया।

ट्रस्ट की ओर से उपलब्ध कराए गए भोजन को बाढ़ प्रभावित जरूरतमंद लोगों ने बड़े ही प्रेम और संतोष के साथ ग्रहण किया। भोजन प्राप्त करने वाले लोगों ने इस सहयोग के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बाबू श्री कैलाश चंद्र जैन के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों तक भोजन पहुंचाने का कार्य किया गया। ट्रस्ट का उद्देश्य संकट की घड़ी में जरूरतमंद लोगों की सेवा करना और समाज में मानवता एवं परोपकार की भावना को मजबूत करना है।

श्री रामलीला समिति ऐशबाग का रामोत्सव कल से

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। श्री रामलीला समिति ऐशबाग के तुलसी सभागार में सम्पन्न हुयी प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया की रामोत्सव 2026 का आयोजन 11 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक रामलीला समिति ऐशबाग के प्रागंण में आयोजित किया जायेगा।

अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया की रामोत्सव -2026- का शुभारम्भ प्रातः काल गणेश पूजन के साथ होगा तत्पश्चात रामलीला में भगवान रामचन्द्र जी, सीता जी लक्ष्मण जी, भरत जी, शत्रुघन जी एवं हनुमान जी के विग्रह का पूजन होगा उसके बाद दोपहर 3 बजे से सुन्दरकाण्ड का पाठ प्रारम्भ होगा जिसका समापन सांयकाल 6 बजे होगा। रामलीला का मंचन प्रारम्भ होने के पहले प्रतिदिन सांयकाल 7:30 बजे देवताओ का आवाहन मन्त्रोचार से किया जायेगा तत्पश्चात भजनो पर नृत्य डांस एकेडमियों द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा जिसका समापन 8 बजे होगा सांयकाल 8 बजे से संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा भजन नृत्य प्रस्तुत किये जायेंगे तत्पश्चात सांयकाल 8:30 बजे से रामलीला मंचन का प्रारम्भ होगा जो रात्रि 11:30 बजे तक चलेगा। रामलीला मंचन को अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करने का शुभारम्भ सोलहवीं शताब्दी से पूर्व संत गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा इसी रामलीला मैदान से प्रारम्भ किया गया था।

श्री रामलीला समिति ऐशबाग उसी परम्परा को निरन्तर प्रतिवर्ष आधुनिक माध्यमो एवं संसाधनो का उपयोग करते हुए प्रस्तुत करती चली आ रही है। रामोत्सव 2026 में इस वर्ष दशहरा पर्व दिनांक 20 अक्टूबर दिन मंगलवार को आयोजित होगा जिसमे रावण वध की लीला के पश्चात भव्य आतिशबाजी एवं पुतला दहन होगा दिनाक 21 अक्टूबर 2026 दिन बुधवार को मंच पर भगवान श्री राम अयोध्या वापस आयेंगे तत्पश्चात भरत जी से मिलने के उपरान्त श्री राम का भव्य राज्याभिषेक का आयोजन किया जायेगा उसके बाद प्रसाद वितरण होगा

22 अक्टूबर 2026 दिन बृहस्पतिवार को सांयकाल 6 बजे रामलीला परिसर से राजाराम चन्द्र जी अपने पूरे मंत्रीमण्डल एवं बन्धु बन्धुओ साथ नगर दर्शन शोभा यात्रा पर निकलेंगे। जिसमे बैण्ड बाजा ढोल ताशा व अन्य सांस्कृतिक झाकिंया भी सम्मिलित होगी। जिसका समापन धर्मध्वजी मन्दिर यहियागंज वर्मा स्टाप पर होगा।

ऋषिकेश में तीन घाटों पर सपना गोयल की अगुआई में गूंजेगा सुंदरकांड



लखनऊ। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल द्वारा उत्तर प्रदेश ही नहीं वरन राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक रूप से सुंदरकांड महा अभियान, भारत वर्ष की बने पहचानह्व का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सपना गोयल की अगुआई में शुक्रवार 9 अक्टूबर को मासिक आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन चिनहट वी-मार्ट के पास स्थित रजत डिग्री कॉलेज के सामने स्थित भव्य सनातन धाम लॉन में किया गया। इसमें सपना गोयल ने बताया कि ऋषिकेश तीर्थयात्रा के अंतर्गत 18 नवम्बर 2026 को शाम 5 बजे जानकी झूला घाट, 19 नवम्बर को दोपहर एक बजे त्रिवेणी घाट और 20 नवम्बर को सुबह 11 बजे परमार्थ निकेतन के पास सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जाएगा। सपना गोयल के अनुसार 18 नवंबर 2026 को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आँवला नवमी है। 'अक्षय' का अर्थ होता है अविनाशी, इसलिए अक्षय नवमी पर किया गया अनुष्ठान कभी क्षीण नहीं होता है। इसी तरह 20 नवंबर को हरिप्रबोधिनी एकादशी होगी जो देवशयनी एकादशी से शुरू हुए चार महीने के चातुर्मास काल का समापन करती है। ऐसे मांगलिक दिवसों में ऋषिकेश तीर्थयात्रा का महत्व बहुत बढ़ जाता है। इस दिव्य यात्रा और सुंदरकांड का तीन बार सामूहिक पाठ निश्चित रूप से सत-चित आत्माओं का तो उत्थान करेगा ही राष्ट्र उत्थान की दिशा में भी अहम प्रयास होगा। निश्चित रूप से इन तीन मांगलिक दिवसों में लगातार तीन दिन तक सामूहिक सुंदरकांड का पाठ समस्त नकारात्मक शक्तियों को क्षीण करेगा और सकारात्मक ऊजाओं को बल प्रदान करेगा। सपना गोयल ने बताया कि उनका एक मात्र लक्ष्य है कि संतों और ऋषियों की पावन भूमि, भारत एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो।

कार्यालय आदर्श नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद जनपद सीतापुर

पत्रांक :- 361/न.पं.त.-नीलामी/2026-27 दिनांक 07.10.2026

सार्वजनिक नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद के पम्प नं.-01 जलकल परिसर में तेज हवा व बारिश में गिरे लिप्टिस के पेड़ की नीलाम दिनांक 14.10.2026 को समय 12.30 बजे नगर पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में अधोहस्ताक्षरी व मा. अध्यक्ष नगर पंचायत की अध्यक्षता में की जायेगी। जिसकी जमानत धनराशि रू. 10000.00 धरोहर धनराशि नगद/आर.टी.जी.एस. के माध्यम से नगर पंचायत तम्बौर अहमदाबाद के इण्डियन बैंक शाखा तम्बौर के बचत खाता सं. 7305154671 IFSC IDIB000T205 में जमा किया जायेगा नीलामी की शर्ते आदि कार्यालय कार्य दिवस में नीलामी से पहले देखी जा सकती हैं। नगर पंचायत का कोई बाकीदार खुली बोली/सार्वजनिक नीलामी में भाग नहीं लेगा। नीलामी की अन्तिम बोली की स्वीकृत/अस्वीकृत का अधिकार सक्षम अधोहस्ताक्षरी में निहित रहेगा।

(सुभाष चन्द्र सिंह) (तययबुन)
अधिशासी अधिकारी अध्यक्ष

संक्षेप

पुण्यतिथि पर प्रयास ने दी श्रद्धांजलि

आजमगढ़। आजमगढ़ कलेक्ट्रेट स्थित प्रयास सामाजिक संगठन के कार्यालय पर शुक्रवार को कांशीराम की पुण्यतिथि अत्यंत गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता संगठन के सचिव इंजीनियर सुनील यादव ने की। सभा में उपस्थित लोगों ने मान्यवर कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियर सुनील यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जी ने अपना पूरा जीवन शोषितों, वंचितों और पिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को राजनीतिक और सामाजिक रूप से जागरूक कर सत्ता की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक काम किया। आज भी उनके विचार और संघर्ष समाज के हर तबके के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदुम्मन, मनोज, जेपी, विनोद कुमार, अमरनाथ, प्रवीण, इंजीनियर अमित यादव, बृजेश और राजेश समेत कई प्रबुद्धजन और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में पंखे से लटकती मिली विवाहिता

आजमगढ़। महराजगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव में शुक्रवार सुबह 28 वर्षीय विवाहिता रिया का शव घर के अंदर पंखे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल विवाहिता की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे एक बच्ची ने घर के अंदर रिया का शव पंखे से लटका देखा। इसके बाद घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। ग्रामीणों का दावा है कि बीती रात घर से मारपीट की आवाजें सुनाई दे रही थीं। वहीं, घटना के समय मृतका का पति और परिवार के अन्य सदस्य मौके पर मौजूद नहीं मिले। हालांकि, रात में मारपीट होने के दावे और विवाहिता की मौत के बीच संबंध को लेकर अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हत्या और आत्महत्या समेत सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही विवाहिता की मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की पड़ताल कर रही है।

सगाई के दिन चाचा की मौत

जौनपुर । बेटी की सगाई के दिन चाचा की सड़क हादसे में जान चली गई। शुक्रवार सुबह 10 बजे सामने से आ रही गाड़ी से टकराने के बाद पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक का पहिया उनके पैरों के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसका एक पैर कटकर अलग हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत करार दे दिया।घटना की सूचना के बाद बेटी की सगाई की तैयारियों में जुटे परिजनों में कोहराम मच गया। हाथों में मेहंदी लगाए बैठी बेटी का रो रोकर बुरा हाल है। हादसा जिला मुख्यालय से करीब 36 किमी दूर बक्शा थाना क्षेत्र का है।

नजरबंद किए गये अन्नदाता मंच के संयोजक

मीरजापुर। 10 अक्टूबर को दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने से पहले ही अन्नदाता मंच के संयोजक को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया गया है। 8 अक्टूबर 2026 को रात्रि लगभग 11 बजे थानाध्यक्ष जमालपुर, मीरजापुर के निदेशानुसार शेरवां पुलिस चौकी से दो कांस्टेबल भेज कर चौधरी रमेश सिंह को घर पर ही हाउस अरेस्ट कर दिया गया। 'धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दे चुके, अब ज्ञानेश कुमार की बारी है,' का आह्वान करते हुए दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे अन्नदाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह को हाऊस अरेस्ट कर लिया गया। बता दें कि वह 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर की तैयारी में जुटे हुए थे कि इसी बीच देर रात पुलिस ने उनके घर पर पहुंच कर पुलिस कि पहरा बिठा उन्हें हाऊस अरेस्ट कर लिया है।

मतदाता सूची में छूटे नाम जोड़ने को चलेगा विशेष अभियान

जिला संवाददाता(vol)

- युवा मतदाताओं के पंजीकरण, जेंडर रेशियो और ईपीआईसी रेशियो में सुधार पर रहेगा जोर
- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ डीएम चर्चित गौड़ ने की बैठक

सोनभद्र। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के बाद मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे पात्र नागरिकों और युवा मतदाताओं के नाम शामिल कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही जेंडर रेशियो और ईपीआईसी रेशियो में सुधार किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इसमें मतदाता सूची को अधिक समावेशी और त्रुटिरहित बनाने के लिए अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान ऐसे पात्र मतदाताओं के नामों की जांच की जाएगी, जो किसी कारणवश निर्वाचक नामावली में दर्ज होने से छूट गए हैं।

नियमानुसार पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जाएंगे, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

उन्होंने अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे पात्र युवा मतदाताओं सहित सभी छूटे हुए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज कराने में सहयोग करें। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, समावेशी और अद्यतन बनाना है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वागीश कुमार शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जरूप सिंह पटेल, भाजपा के जिला मंत्री अनिल सिंह, समाजवादी पार्टी के जिला प्रभारी अनिल प्रधान, बसपा के सोहन लाल, सीपीआई (एम) के प्रेमनाथ, अपना दल (एस) के नीरज सिंह पटेल और आम आदमी पार्टी के रमेश गौतम सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

जैत गांव में सड़क पर बह रहा पानी, कीचड़ से ग्रामीण परेशान



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत जैत में सड़क पर लगातार पानी बहने और कीचड़ जमा होने से ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी ग्राम प्रधान को देने के बावजूद अब तक इसका समाधान नहीं कराया गया है। एक ग्रामीण द्वारा मकान का निर्माण कराया गया है घर का पानी निकालने के लिए सड़क में पाईप लगाया गया है किन्तु पाइप दबकर जाम होने के कारण घर का पूरा पानी सड़क पर ही बह रहा है।

घर से निकलने वाले गन्दे पानी सड़क पर ही बहने से रास्ता पूरी तरह कीचड़युक्त हो गया है। ट्रैक्टर और बड़े वाहनों के गुजरने पर गीली मिट्टी फैल जाती है, जिससे सड़क की हालत नाली जैसी हो जाती है। पैदल चलने वालों और बाइक सवारों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। वहीं, रात के समय साइकिल और बाइक से गुजरने वाले लोगों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। इस बदहाल रास्ते से स्कूली बच्चों को भी रोजाना आवागमन करना पड़ रहा है। कीचड़ के कारण उनके लिए स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से सड़क पर बह रहे पानी की निकासी की व्यवस्था कराने और रास्ते को दुरुस्त कराने की मांग की है। रामबली, श्यामलाल, राम अवतार, तेजबली, अमरेश कुमार और राजेंद्र सहित अन्य ग्रामीणों ने जल्द समस्या का समाधान कराकर आवागमन सुगम बनाने की गुहार लगाई है।

मानसिक स्वास्थ्य, दिव्यांग अधिकार व पॉक्सो एक्ट पर जागरूकता कैम्प आयोजित

मीरजापुर। कोन ब्लॉक के बल्ली परवां, पुरजागीर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सचिव आनंद कुमार के आदेशानुसार विधिक जागरूकता कैम्प आयोजित किया गया। पीएलवी राहुल कुमार यादव व काजल गुप्ता ने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य, दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार, पॉक्सो एक्ट-2012, साइबर अपराध और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही हेल्पलाइन नंबर 15100, 1098 और टेली-मानस 14416 के बारे में जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद यादव, अमित मौर्य सहित शिक्षक मौजूद रहे।

सपा प्रमुख से मिल न पाने से सपाई मायूस



आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शुक्रवार को मंदूरी एयरपोर्ट पहुंचने के दौरान एयरपोर्ट परिसर के बाहर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। उनके पहुंचने की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एयरपोर्ट पर जुट गए। हालांकि, एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं में मायूसी देखी गई।

बताया जाता रहा है कि महिला जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता मायूस होकर मुखर हो उठे। देखते ही देखते एयरपोर्ट के बाहर कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई और वहां गहमा-गहमी का माहौल बन गया। एयरपोर्ट के बाहर मौजूद सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अंदर प्रवेश देने के लिए पुलिसकर्मियों को एक सूची उपलब्ध कराई गई है। सूची में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, केवल उन्हीं को एयरपोर्ट के अंदर जाने की अनुमति दी जा रही है। अन्य कार्यकर्ताओं को गेट पर ही रोक दिया गया है। इससे नाराज कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए धरना शुरू कर दिया। इस दौरान महिला मोर्चा की कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहीं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि वे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत और उनसे मुलाकात के लिए एयरपोर्ट पहुंचे थे, लेकिन प्रवेश नहीं मिलने के कारण उन्हें बाहर ही रुकना पड़ा। इसी बात को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखने को मिली। महिला जिलाध्यक्ष के साथ बैठे कार्यकर्ताओं ने प्रवेश दिए जाने की मांग उठाई। एयरपोर्ट के अंदर प्रवेश को लेकर केवल राजनीतिक कार्यकर्ताओं को ही नहीं, बल्कि मीडिया कर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दिए जाने की बात सामने आई। पूरे घटनाक्रम के बाद कार्यकर्ता गेट के बाहर डटे रहे, जबकि प्रवेश को लेकर असंतोष बना रहा। फिलहाल, एयरपोर्ट के बाहर प्रवेश व्यवस्था को लेकर सपा कार्यकर्ताओं की नाराजगी चर्चा का विषय बनी रही।

बिंढम फॉल की गहराइयों में गिरे कोटेदार का मिला शव

मड़िहान/मीरजापुर। कोटवा पाण्डेय गांव निवासी 47 वर्षीय कोटेदार संजीत विश्वकर्मा को क्या पता था कि यह उनकी जिंदगी की आखिरी सुबह साबित होगी। रोजमर्रा की तरह गाय लेकर नदी की ओर जाना उनके लिए काल बन गया। बिंढम फॉल के पास नदी में अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए। तैरना नहीं आने के कारण वह पानी से बाहर नहीं निकल सके और डूबने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, कोटवा पांडेय गांव निवासी 47 वर्षीय संजीत विश्वकर्मा सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान के कोटेदार थे। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे वह गाय लेकर बिंढम फॉल के पास नदी की तरफ गए थे। इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरे।


माान्यवर कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया

जौनपुर। समाजवादी पार्टी द्वारा बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब का परिनिर्वाण दिवस जिला कार्यालय, सदर चुंगी, अल्फस्टीनगंज, जौनपुर में सादगी एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष



श्यामबहादुर पाल ने की। वक्ताओं ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण तथा बहुजन समाज को राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से जागरूक करने में उनके योगदान को याद किया। मुख्य वक्ता, पूर्व पीसीएस अधिकारी श्री दीपचंद राम ने मान्यवर कांशीराम के साथ बिताए गए समय और उनसे जुड़ी स्मृतियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब का संपूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता और बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक एवं सशक्त बनाने के संघर्ष को समर्पित रहा। उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और उपेक्षित वर्गों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें संगठित होने तथा सत्ता और व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब के संघर्षों और विचारों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब उनके बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और समान अवसर दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाए। श्रवण जायसवाल, हवलदार चौधरी, दीपक विश्वकर्मा, हरिश्चंद प्रभाकर, विजय बहादुर गौतम, जगन्नाथ यादव, अमित जैसवार एवं श्रीमती ऊषा जायसवाल सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

ट्रक के धक्के से बाइक सवार की मौत



जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के फतेहगंज के पास शुक्रवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई है। जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक व्यक्ति की पहचान मछलीशहर क्षेत्र के पराहित निवासी 50 वर्षीय राशिद के रूप में हुई है। राशिद सुबह अपनी पल्सर बाइक से किसी काम को लेकर कहीं जा रहें थें। जब वे फतेहगंज के पास पहुंचें ही थें कि उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से वे बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयें और कुछ ही देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक व्यक्ति की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिल्हाल पुलिस आस पास में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ साथ फरार ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है।

सोनभद्र में मनी कांशीराम की पुण्यतिथि

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में शुक्रवार को बहुजन आंदोलन के महान चिंतक मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में सपा नेताओं ने उनके संघर्षों, सामाजिक न्याय के विचारों और वंचित वर्गों के उत्थान में उनके योगदान को याद किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, किसानों, नौजवानों और महिलाओं के अधिकारों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया। उनका मानना था कि जिस समाज का इतिहास भुला दिया जाता है, उसका भविष्य कभी सुरक्षित नहीं होता। उन्होंने कहा कि कांशीराम के संघर्षों ने बहुजन समाज को राजनीतिक रूप से जागरूक और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राम निहोर यादव ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भी गरीबों और वंचितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने और अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया। सांसद छोटेलाल सिंह खरवार ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने आदिवासियों सहित शोषित, वंचित और पीड़ित वर्गों की आवाज बुलंद की। उनके संघर्षों से वंचित समाज



को राजनीतिक पहचान और सम्मान मिला। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकताओं की जिम्मेदारी है। साथ ही भाजपा सरकार पर विभिन्न वर्गों के शोषण का आरोप लगाया। संगोष्ठी में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, प्रदेश सचिव चैधरी यशवंत सिंह पटेल, जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी, अनिल प्रधान, त्रिपुरारी गौड़, सरदार पारब्रह्म सिंह, डॉ. लोकपति सिंह पटेल, सुरेश यादव, अभय यादव, जेपी भारती, लालू भारती, रमेश कुमार बागी, पंडित कृष्णा शर्मा, सत्यम पांडे, बचोले प्रसाद पटेल, दीपक केसरी और विनीत सरोज आदि उपस्थित रहे।

अनजान और अपरिचित मृतकों की आत्मा की शांति के लिए भारद ने किया तर्पण, पिंडदान



आजमगढ़। किसी को अपनों ने ठुकरा दिया तो किसी का दुनिया में कोई अपना ही नहीं था। ऐसे लोगों की मृत्यु के बाद उनका अंतिम संस्कार करने से लेकर पितृ पक्ष में विधि-विधान से श्राद्ध करने तक की जिम्मेदारी भारत रक्षा दल निभा रहा है।

संगठन ने वर्ष 2013 में लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करने का जो सिलसिला शुरू किया था, वह कोरोना काल में भी नहीं रुका। परिस्थितियों और प्रतिबंधों के कारण भले ही कार्यक्रम सीमित करना पड़ा, लेकिन मानवता की सेवा का संकल्प कायम रहा। अब तक संगठन की ओर से 701 लावारिस शवों का दाह संस्कार कराया जा चुका है। इसी क्रम में इस वर्ष भी पितृ पक्ष के दौरान तमसा नदी के किनारे राजघाट पर अनजान और अपरिचित मृतकों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान और श्रद्धा अर्पण का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने उन मृतकों के वारिस और परिजन की भूमिका निभाई, जिनकी मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार और धार्मिक परंपराओं को निभाने वाला कोई नहीं था। राजघाट पर पंडित सभाजीत पांडेय और पंडित सुजीत पाठक ने विधि-विधान से कर्मकांड संपन्न कराया। भारत रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष हरिकेश विक्रम श्रीवास्तव, विनोद शर्मा, जैनेंद्र चैहान, प्रदीप चौहान, आरपी श्रीवास्तव, सुनील वर्मा, हरेंद्र यादव और अनूप श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्यों ने यजमान की भूमिका निभाई। सभी ने लावारिस मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। राजघाट पर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भारत रक्षा दल के कुंदीगढ़ (कटरा) स्थित केंद्रीय कार्यालय पर ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया। ब्राह्मणों को भोजन कराने के साथ अंगवस्त्र, बर्तन और दक्षिणा प्रदान की गई। इसके बाद सामूहिक भोज शुरू हुआ, जिसमें संगठन के सदस्यों के अलावा सैकड़ों लोगों ने भोजन ग्रहण किया। भोज की व्यवस्था पारंपरिक श्राद्ध की तरह की गई थी। भोजन में कोहड़ा-चना, पनीर की सब्जी, पूड़ी, सलाद, दही, मीठी बूंदी और पापड़ की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में शामिल होने वाले लोग लावारिस मृतकों के प्रतीकात्मक चित्र पर पुष्प अर्पित करने के बाद भोजन ग्रहण कर रहे थे।

किसानों के खेतों तक 2027 में पहुंचेगा कनहर बांध का पानी

108 गांवों में बढ़ेगा सिंचाई का दायरा

सोनभद्र। कनहर सिंचाई परियोजना के जरिए अगले वर्ष तक किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। बांध का निर्माण पूरा होने के बाद अब मुख्य नहर, शाखा नहरों और उनसे जुड़ी संरचनाओं का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, परियोजना के लिए बजट की पर्याप्त व्यवस्था है और निर्माण कार्य में धनराशि की कोई समस्या नहीं है। कनहर निर्माण खंड-3 के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि 57.10 किलोमीटर लंबी मुख्य नहर में 50.40 किलोमीटर का निर्माण पूरा हो चुका है। वहीं, 47.75 किलोमीटर लंबी शाखा नहरों में 18 किलोमीटर का काम पूरा किया गया है। शेष कार्य को तेजी से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

परियोजना की अतिरिक्त लागत के लिए प्रदेश सरकार ने अक्टूबर 2024 में 3394.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी थी। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक परियोजना पर 2296.54 करोड़ रुपये खर्च हो चुके थे। शेष 1098.11 करोड़ रुपये की धनराशि शासन की ओर से उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि धन की कमी के कारण निर्माण कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है। इस वर्षाकाल में बांध के तीसरे चरण के तहत 265.552 मीटर तक जल भंडारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में जलस्तर 264 मीटर तक पहुंच चुका है। वहीं, दायीं कनहर नहर पर 1775 मीटर लंबे मलिया एक्वाडक्ट के 1475 मीटर हिस्से का निर्माण पूरा हो गया है। शेष 300 मीटर का काम जारी है। इसके अलावा 2660 मीटर लंबी सुरंग की खुदाई पूरी हो चुकी है और 1320 मीटर लाइनिंग का कार्य भी पूरा कर लिया गया है।

नवरात्र को लेकर सजने लगे मां के दरबार

जौनपुर। वासंतिक नवरात्र की शुरूआत रविवार से हो रही है। लेकिन इसकी तैयारियां श्रद्धालुओं द्वारा कई दिन पहले से ही शुरू कर दी गई हैं। मां के दरबार को सजाने में लोग जुट गए हैं। वहीं मां शीतला धाम चौकिया और सहित नगर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों के अगल-बगल स्थित दुकानों पर लाल चुनरी और पूजा पाठ के सामान सज चुके हैं। नवरात्र शुरू होने में दो



दिन का समय शेष हैं लेकिन मां के मंदिरों को सजाने संवारने का कार्य शुरू हो चुका है। मंदिरों की रंगाई-पुताई और साफ सफाई का कार्य शुरू हो चुका है। नगर के देवी मन्दिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगती है। सुबह से लेकर देर रात माता के दरबार में मत्था टेकने वालों का हुजूम उमड़ा रहता है। जिसे देखते हुए मंदिर प्रशासन की ओर से मंदिर की साफ-सफाई की जा रही है। मंदिर को विद्युत झालरों से सजाया जा रहा है। मंदिर के अगल-बगल स्थित दुकानें पूजन सामग्री से पट गई हैं। दुकानों पर टंगी लाल चुनरी वातावरण को भक्तिमय बना रही हैं। हालांकि पूजन और व्रत के सामानों के दामों में भारी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। लेकिन लोगों पर इस महंगाई का कोई भी असर देखने को नहीं मिल रहा है। लोग नवरात्र शुरू होने से पूर्व ही पूजन और व्रत में उपयोग होने वाले सामानों की खरीदारी करने में जुटे हुए हैं। जिसके कारण बाजारों में भारी भीड़ उमड़ी हुई है।

माधोपट्टी की मुस्कान सोलंकी बनीं अफसर

जौनपुर। देशभर में अफसरों के गांव के नाम से पहचान रखने वाला जिले का माधोपट्टी गांव एक बार फिर चर्चा में है। गांव की बेटी मुस्कान सोलंकी के अफसर बनने की खबर से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



उनकी उपलब्धि को गांव के लिए गौरवपूर्ण क्षण माना जा रहा है। माधोपट्टी गांव लंबे समय से प्रशासनिक सेवाओं में अपनी पहचान के लिए जाना जाता है। यहां से अब तक 52 पी, पी और बी अधिकारी बनने की बात कही जाती है। गांव के लोगों की शैक्षणिक उपलब्धियां और प्रशासनिक सेवाओं में उनकी भागीदारी क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। मुस्कान सोलंकी की सफलता की खबर से एक बार फिर माधोपट्टी का नाम सुर्खियों में है। गांव की इस उपलब्धि से युवाओं और बेटियों को भी आगे बढ़ने तथा अपने सपनों को पूरा करने की प्रेरणा मिलेगी।

सीएमओ सहित तीन पर शिकायत दर्ज

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मुरादगंज न्यू कॉलोनी निवासी निवेदिता सिंह और उनके पति निलेश सिंह ने अपने नवजात बच्चे की मौत के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी और तीन निजी अस्पतालों के तीन डॉक्टरों के खिलाफ लोक अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। लोक अदालत ने 27 अक्टूबर को अगली सुनवाई तय की है। निवेदिता 24 अगस्त को रूटीन जांच के लिए एक निजी अस्पताल गई थीं, जहां बच्चा स्वस्थ था। 26 अगस्त की रात प्रसव पीड़ा होने पर वे अस्पताल पहुंचीं। उस समय डॉक्टर सो रही थीं नर्स और वार्ड बॉय ने नियमों की अनदेखी कर प्रसव कराना शुरू कर दिया। उन्होंने निवेदिता के पेट पर बहुत ज्यादा दबाव डाला, जिससे वह बेहोश हो गईं। निलेश ने सी-सेक्शन के लिए कहा, पर कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए। बच्चे को पहले दूसरे अस्पताल ले जाया गया, फिर वाराणसी रेफर किया गया। वाराणसी पहुंचने पर पता चला कि प्रसव के दौरान बच्चे को गंभीर चोटें आई थीं। 28 अगस्त को इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। माता-पिता ने डॉक्टरों पर लापरवाही और आपराधिक कृत्य का आरोप लगाया।

डीएम ने विन्ध्याचल में विन्ध्य महोत्सव पंडाल व अन्य तैयारियों का किया निरीक्षण

मीरजापुर। मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में 10/11 अक्टूबर 2026 से प्रारम्भ होने वाले 9 दिवसीय नवरात्र मेला के तहत विन्ध्याचल रोडवेज में आयोजित विन्ध्य महोत्सव की तैयारियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अपर जिलाधिकारी विनोद कुमार सिंह व महोत्सव प्रभारी, अतिरिक्त उप जिला मजिस्ट्रेट जूही प्रसाद के साथ महोत्सव पंडाल की तैयारियों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वाटर प्रूफ पंडाल, मंच व्यवस्था, वीआईपी व दर्शकों के बैठने की समुचित व्यवस्था, प्रकाश, लाइट एण्ड साउण्ड आदि का निरीक्षण किया। प्रभारी विन्ध्य महोत्सव जूही प्रसाद ने जिलाधिकारी को विन्ध्य महोत्सव तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त सभी व्यवस्थाएं कल तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाए ताकि 11 अक्टूबर 2026 से महोत्सव का शुभारम्भ समय से किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंडाल के आस पास बेहतर सफाई कराई जाए तथा रोडवेज परिसर में पंडाल के बगल पर्यटन विभाग द्वारा निर्मित शौचालय कल दोपहर तक प्रत्येक दशा में साफ सफाई कर दुरूस्त कराया जाए। उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज को निर्देशित किया कि पूरे रोडवेज परिसर में साफ सफाई व्यवस्था, बसों के आवागमन के रूट चार्ट व समय सारिणी कल तक डिस्प्ले कराया जाए, इसके अतिरिक्त यात्रियों के सूचना के लिए एनाउंसमेंट सिस्टम की भी अच्छी व्यवस्था की जाए।

रेलवे अंडरपास की मांग पर आर-पार की लड़ाई, रात में भी धरनास्थल पर डटे रहे ग्रामीण

मीरजापुर। राजगढ़ विकास खंड क्षेत्र के ग्राम रामपुर-38 में रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन लगातार जारी है। शुक्रवार, 9 अक्टूबर को अपनी वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण रात में भी धरनास्थल पर डटे रहे। दिन ढलने के बाद भी ग्रामीणों का हौसला कम नहीं हुआ और उन्होंने अपनी मांग को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प दोहराया। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे द्वारा वर्षों से इस्तेमाल किए जा रहे आवागमन मार्ग को बंद कर दिए जाने के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार, अस्पताल, विद्यालय, बैंक, डाकघर और अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है और आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक, रेलवे अंडरपास की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। पूर्व में भी इस समस्या को लेकर आंदोलन और अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। इसी से नाराज होकर ग्रामीणों ने आंदोलन का रास्ता अपनाया है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि रामपुर-38 में रेलवे अंडरपास का निर्माण उनकी प्रमुख मांग है और जब तक इस समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने की अपील की है। रात में भी धरनास्थल पर ग्रामीणों की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि अब क्षेत्रवासी अपनी वर्षों पुरानी समस्या के समाधान के लिए निर्णायक संघर्ष के मूड में हैं।

विश्व डाक दिवस : रैली निकाल कर डाक सेवाओं के प्रति लोगों को किया जागरूक

मीरजापुर। विश्व डाक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को डाक सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रधान डाकघर के कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई रैली में प्रधान डाकघर के सभी डाक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया रैली का आयोजन सुबह 8 बजे से 9 बजे तक किया गया प्रधान डाकघर से शुरू हुई रैली पेट्रोल पंप तिराहा, कलेक्ट

संक्षेप

राज्य मंत्री ने एसडीएम को दिये कार्रवाई के निर्देश

मथुरा। दबंग भूमाफियाओं से परेशान पीड़ित व्यक्तियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व राज्य मंत्री सुरेंदर दिलेर से न्याय की गुहार लगाई है। राज्य मंत्री ने पीड़ितों की व्यथा समझकर एसडीएम मांट को निर्देशित किया है। प्रकरण नूरपुर, रामगढ़ी ग्राम पंचायत तहसील मांट मथुरा का है। सन-2004 में अनुसूचित जाति के आवंटियों जगदीश व सुरेंद्र आदि के हक में तत्कालीन ग्राम पंचायत द्वारा विधिवत रूप से कृषि भूमि का आवंटन किया गया था। उक्त सभी आवंटियों को मौके पर कब्जा व दखल करा दिया गया। पीड़ित व्यक्तियों ने बताया की राजनीतिक दबाव में आकर असामाजिक व्यक्तियों की शिकायत पर करवाई करते हुए 2004 का कृषि आवंटन, वर्ष 2008 में तत्कालीन परगनाधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। जिसकी कोई सूचना आवंटियों को नहीं दी गई। इसके खिलाफ आवंटियो ने विधिक कार्रवाई करते हुए एक रिट याचिका माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल कर दी।उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी 2026 को आदेश पारित किया कि पूर्व पारित आदेश 23 अप्रैल 2008 आदि को निरस्त कर, योग्य अवर न्यायालय दोनों पक्षकारों को सुनकर आदेश पारित करे। लेकिन न्यायालय के आदेश के कई माह बाद भी संबंधितों द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। ऐसी स्थिति में स्थानीय समाजसेवी मनोज चैधरी द्वारा मामला उत्तर प्रदेश सरकार के राजस्व राज्य मंत्री के यहां उठाया गया।

पाणिनि गुरुकुल हादसा से संतों में भारी रोष

मथुरा। वृंदावन चैतन्य विहार स्थित पाणिनि संस्कृत गुरुकुलम में टैंक सफाई के दौरान चार छात्रों की मौत से संत समाज में तीव्र आक्रोश है। मोर कुटी आश्रम में आयोजित बैठक में महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी, महंत मोहिनी बिहारी शरण और महंत गंगा दास महाराज ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं है। मृतक छात्रों के परिजनों को तत्काल 11-11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। हादसे की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएं। वृंदावन के सभी गुरुकुलों व छात्रावासों के सुरक्षा मानकों और व्यवस्थाओं का व्यापक सर्वेक्षण हो। छात्रों को सुरक्षित और निःशुल्क शैक्षणिक वातावरण देने के लिए नए शासकीय संस्कृत विद्यालय खोले जाएं। संतों ने प्रशासनिक निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्थायी निगरानी तंत्र विकसित करने का आग्रह किया है।

पराली जलाने वालों पर होगी एफआईआर, लगेगा जुर्माना

मथुरा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विकास योजनाओं, जनशिकायतों और पराली प्रबंधन को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने पराली जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने हेतु जागरूकता और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। पराली जलाने पर तत्काल एफआईआर, नोटिस और जुमार्ना लगाने के आदेश दिए गए। बीडीओ को गांवों में मुनादी कराने और गौशालाओं के लिए भूसा दान/क्रय सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि स्वीकृत 40 नई राशन दुकानों में से 22 का निर्माण पूरा हो चुका है। डीएम ने शेष दुकानों और निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

रेल विकास और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर हुई उच्चस्तरीय बैठक



जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मण्डल में रेल विकास, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण और यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर गुरुवार ताज कन्वेंशन होटल, आगरा में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मथुरा की लोकप्रिय सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के प्रतिनिधित्व में उनके प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने क्षेत्र की प्रमुख रेल समस्याओं और विकास कार्यों को प्रमुखता से उठाया।

सांसद हेमा मालिनी के प्रतिनिधि द्वारा मथुरा जंक्शन पर नए एफओबी का निर्माण का सुझाव दिया गया। उन्होंने बताया मथुरा जंक्शन पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए आगरा छोर की तरफ एक नए फुट ओवर ब्रिज के निर्माण का सुझाव दिया गया है यह नया एफओबी प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2, 8, 9 और 10 को आपस में जोड़ेगा, जिससे यात्रियों को एक से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने में सुलभता होगी।

जनहित और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश की प्रमुख सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन गतिमान एक्सप्रेस का मथुरा जंक्शन पर ठहराव दिए जाने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा गया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने बताया कि आगरा मण्डल देश के प्रमुख रेल गलियारे पर स्थित है। उन्होंने मथुरा और आगरा क्षेत्र के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा मथुरा जंक्शन और आगरा कैंट को स्टेशन पुनर्विकास के तहत शामिल किया गया है, जिससे यहां आधुनिक स्तर की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मण्डल के 15 चयनित स्टेशनों में से 6 स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा हो चुका है और शेष का कार्य तेजी से जारी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में आगरा मण्डल ने 35.307 मिलियन यात्रियों को सेवा प्रदान की, जिससे 729.92 करोड़ का यात्री राजस्व प्राप्त हुआ। बैठक में आगरा सांसद प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी सांसद राजकुमार चाहर, इटावा सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे, राज्यसभा सांसद नवीन जैन और चैधरी तेजवीर सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की मांगें रखीं। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक (सामान्य) अतुल मिश्रा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन आगरा के मण्डल रेल प्रबंधक गगन गोयल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय और आगरा मण्डल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

आधार केंद्रों पर अवैध वसूली की शिकायत मिली तो होगी कठोर कार्रवाई : डीएम

फिरोजाबाद। डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के आधार सेवा केंद्रों की कार्यप्रणाली और प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आधार सेवाओं में पारदर्शिता बनाए रखने, लंबित आवेदनों के सत्यापन तथा ब्लॉक और तहसील स्तर पर आधार मशीनों के सुचारू संचालन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि आधार कार्यों में लापरवाही या नागरिकों से निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित ऑपरेटरों और संस्थाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी आधार सेवा केंद्रों पर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा निर्धारित शुल्क की सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के नए आधार नामांकन के लंबित आवेदनों का सत्यापन एसडीएम स्तर से कराया जा रहा है। इसके लिए लेखपाल की रिपोर्ट और पुलिस सत्यापन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, ताकि फजीवांड़े की आशंका को रोका जा सके। वहीं, 100 वर्ष या उससे अधिक आयु के आधार धारकों का भौतिक सत्यापन भी कराया जा रहा है। सत्यापन नहीं होने वाले मामलों में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने आधार सेवाओं के लिए निर्धारित शुल्क की जानकारी देते हुए कहा कि नया आधार नामांकन और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पूरी तरह निःशुल्क हैं। जनसांख्यिकीय संशोधन के लिए 50 रुपये तथा बायोमेट्रिक संशोधन के लिए 125 रुपये शुल्क निर्धारित है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक ऑपरेटर नागरिकों को निर्धारित शुल्क की रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें, जिससे अधिक वसूली पर रोक लगाई जा सके। बैठक में यह भी बताया गया कि ठाकुरहा चौराहा स्थित मुख्य सरकारी आधार केंद्र सहित जिले के अन्य केंद्रों पर नियमित कार्य किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार विशेष आधार शिविर लगाने की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा रही है। डीएमने अधिकारियों को आधार सेवाओं की नियमित निगरानी करने और आम नागरिकों को निर्धारित दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के भवन का उद्घाटन पूर्व सैनिकों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं



फिरोजाबाद। पूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। गुरुवार को मेजर जनरल सुमित राना जनरल ऑफिसर कमांडिंग जीओसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश सब एरिया ने ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक फिरोजाबाद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। नए भवन के शुरू होने से जिले के पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को अधिक सुविधाजनक एवं व्यवस्थित वातावरण में उपचार संबंधी सेवाएं मिल सकेंगी।

नवनिर्मित भवन में मरीजों के बैठने, प्रतीक्षा करने, पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण और जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। इससे पॉलीक्लिनिक पहुंचने वाले लाभार्थियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही सीएसडी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लाभार्थियों को अतिरिक्त सुविधा मिल सकेगी।

पॉलीक्लिनिक के प्रभारी अधिकारी ओआईसी कर्नल यासीन ने बताया कि नया भवन पूर्व सैनिक समुदाय की लंबे समय से चली आ रही व्यावहारिक समस्याओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेहतर स्थान और आधारभूत सुविधाओं से मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने में आसानी होगी। उन्होंने नए भवन के निर्माण में सहयोग के लिए उच्च अधिकारियों का आभार जताते हुए बताया कि जीओसी और स्टेशन कमांडर, आगरा की व्यक्तिगत भागीदारी से यह कार्य संभव हो सका।

नए भवन में उपलब्ध बेहतर सुविधाओं से पूर्व सैनिकों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों को अधिक आरामदायक एवं सम्मानजनक वातावरण में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। बेहतर व्यवस्थाओं से मरीजों की प्रतीक्षा और विभिन्न सेवाओं के संचालन को अधिक सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

मिलेट्स महोत्सव में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने पर जोर



फिरोजाबाद। कृषि विज्ञान केंद्र, हजरतपुर में मिलेट्स महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने महोत्सव का उद्घाटन कर विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों द्वारा मिलेट्स से तैयार की गई रेसिपी का स्वाद चखा और उनके प्रयासों की सराहना की। पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण और श्री अन्न के महत्व पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के तहत जनपद में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो और रागी के बीज निःशुल्क बांटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न पोषक तत्वों से भरपूर है और संतुलित आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने किसानों से पराली नहीं जलाने तथा फार्मर रजिस्ट्री बनवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से किसानों तक कृषि की नवीनतम तकनीकों और जानकारियों को पहुंचाने में मदद मिलेगी। सीएमओ शत्रोहन वैश्य ने कहा कि श्री अन्न पारंपरिक खेती का अभिन्न अंग है। ज्वार, बाजरा और रागी जैसी फसलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इनकी खेती कम उपजाऊ और असिंचित भूमि में भी की जा सकती है। उप कृषि निदेशक एसपी सिंह ने बताया कि मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने के लिए अध्यापकों और किसान उत्पादक संगठनों एफपीओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के बीज गोदामों पर तोरिया, सरसों, चना, जौ, मटर और मसूर के बीज उपलब्ध हैं। किसान जनसेवा केंद्र के माध्यम से बुकिंग कराकर 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं। तोरिया और सरसों के निःशुल्क मिनीकिट भी बुकिंग के माध्यम से उपलब्ध हैं। कृषि यंत्रों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने बताया कि जनपद में डीएपी और यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिला उद्यान अधिकारी ने आलू के बीज की उपलब्धता और भामाशाह योजना के तहत आलू भंडारण पर मिलने वाली सहायता की जानकारी दी। गौरव सिन्हा ने मत्स्य विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह ने ज्वार, बाजरा और रागी की वैज्ञानिक खेती, डॉ.नौशाद आलम ने पशुपालन तथा डॉ. पृथ्वी पाल सिंह ने सब्जियों और बागवानी फसलों की जानकारी दी।

प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राएं सम्मानित : महोत्सव के दौरान मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता तथा पराली प्रबंधन एवं श्री अन्न के महत्व पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को डीएम ने प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मिलेट्स रेसिपी प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूंडला की शिक्षिका अनीता सिंह और छात्राओं की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रेवती देवी बालिका इंटर कॉलेज की शिक्षिका डॉ. श्वेता मौर्य और छात्राओं की टीम दूसरे तथा सुगरा बेगम इंटर कॉलेज की शिक्षिका गुलबसर और छात्राओं की टीम तीसरे स्थान पर रही। चित्रकला प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में जीवी इंटर कॉलेज की छात्रा रौनक और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला की छात्रा अलीना खान संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। एचडी इंटर कॉलेज की छात्राएं चांद और नेहा संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि इशू और वैष्णवी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में कंपोजिट विद्यालय गढ़ी गोपाल की राशि और आश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पीएम श्री विद्यालय मदावली की आरुषि और वैष्णवी दूसरे तथा कंपोजिट विद्यालय गढ़ी गोपाल के दक्ष और प्रिया संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। जिलाधिकारी ने विजेता छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों के माध्यम से श्री अन्न के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लाई जा सकती है।

पुलिस व स्वाट टीम की बावरिया गैंग के बदमाशों से मुठभेड़, दो आरोपी गोली लगने से गिरफ्तार

मथुरा। मथुरा जिले के फरह थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले कुख्यात बाबरिया गैंग के दो सदस्यों को पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार रात हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी है, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह में भर्ती कराया गया है। सीओ रिफाइनरी प्रवीण कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया 8 अक्टूबर की रात मुखबिर से सटीक सूचना मिली थी कि गांव थिरावली (थाना जीवना) और कस्बा फरह क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं में शामिल बाबरिया गैंग के दो सदस्य राजस्थान की ओर से किसी नई वारदात को अंजाम देने फरह आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना फरह पुलिस और स्वाट टीम ने परखम नहर पुल के पास सघन चेकिंग अभियान शुरू किया। रात करीब 9:42 बजे ओल की तरफ से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध आते दिखे। पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा करने पर बदमाशों ने भागने की नीयत से पुलिस पर सीधी फायरिंग कर दी और परखम गौशाला रोड की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने तुरंत पीछा करते हुए आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और वे गिर पड़े। पुलिस ने मौके से ही सुनील उर्फ सुलील पुत्र भीमा निवासी- गणेशपुरा, जिला दौसा, राजस्थान, संजू पुत्र ऊदा निवासी- गणेशपुरा, जिला दौसा, राजस्थान को दबोच लिया। दोनों वर्तमान में थाना मगोर्रा क्षेत्र के पुरा गांव में रह रहे थे और फरह थाने दर्ज चोरी के दो मुकदमों में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से .315 बोर के 02 अवैध तमंचे, 02 जिंदा कारतूस व 03 खोखा कारतूस चोरी की गई सफेद धातु की 02 जोड़ी पायजेब, 10,700रुपए की नगदी तथा वारदात में प्रयुक्त स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



मथुरा। जिलाधिकारी मथुरा के निदेशों के क्रम में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज थाना गोविंद नगर परिसर में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थाना गोविंद नगर एवं थाना कोतवाली क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ-साथ प्रमुख रामलीला व रावण दहन कमेटियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर (आईपीएस) आशना चैधरी और नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। बैठक में श्री रामलीला कमेटी (चित्रकूट मसानी), बाल रामलीला कमेटी (कुसुम वाटिका) तथा रावण दहन कमेटी (कृष्णा नगर) के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। त्योहारों के दौरान निकलने वाली पारंपरिक शोभायात्राओं और रामलीला डोले के मार्गों को सुगम बनाने के लिए पुलिस, नगर निगम और विद्युत विभाग की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस टीम ने शोभायात्रा के निर्धारित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा ने निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी तकनीकी व व्यवस्थागत कमियों (जैसे ढीले बिजली के तार, सड़कों की मरम्मत और सफाई व्यवस्था) को समय रहते दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। शहर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहेगा। संभ्रांत नागरिकों से भी आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। त्योहारों के दौरान श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए विशेष रूट डायवर्जन और यातायात प्रबंधन योजना लागू की जाएगी। उच्चतम न्यायालय के नियमों का पालनरू बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि त्योहारों और शोभायात्राओं के दौरान माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप ही लाउडस्पीकर एवं डी.जे. का प्रयोग किया जाएगा। बैठक में नगर निगम, विद्युत विभाग, स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

एएसपी ग्रामीण ने संभाला पदभार

मथुरा। आईपीएस कैडर में पदोन्नति के बाद जालौन के एसपी बनाए गए सुरेश चंद्र रावत के स्थान पर आईपीएस 2022 बैच के अधिकारी आलोक राज नारायण ने मथुरा के अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का पदभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण, साइबर ठगी पर अंकुश लगाने और आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने को अपनी प्राथमिकता बताया।

शेरगढ़ में निकली भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा

मथुरा। शेरगढ़ में ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार देर शाम कस्बे में भगवान श्री परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता की झलक दिखाई दी। विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा व स्वागत कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया। शोभायात्रा श्री गोपीनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर होली चैक होते हुए मुख्य बाजार पहुँची। यहाँ अग्रवाल समाज



के लोगों ने तथा थाना मार्ग पर अनुसूचित जाति के लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा पटेल चैक और कोसी मार्ग से होती हुई श्री परशुराम जी मंदिर, गोकुंड आश्रम पहुँची, जहाँ सभा का आयोजन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए भगवान परशुराम शोध यात्रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज को बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में आगे आना चाहिए। समाज के लोग केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा चैराहे के बजाय मंदिर में स्थापित करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि शेरगढ़ में श्रीरामलीला महोत्सव के दौरान पिछले 42 वर्षों से भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकालने की परंपरा चली आ रही है। कार्यक्रम में रागनी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में श्री भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामगोपाल शर्मा, श्री वामन भगवान महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र दीक्षित राजा ,अजय शर्मा लाला ,आशीष शर्मा, ललित स्वामी और अभिषेक सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन हरिश्चंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज शेरगढ़ के अध्यक्ष हरीश तिवारी, भानु उपाध्याय, विकास उपाध्याय, मनोज शर्मा, अनिल तिवारी, रिंकू तिवारी, मुरारी लाल तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

नवरात्र से पहले मिलावटखोरों पर खाद्य विभाग का शिकंजा, तेल सीज



फिरोजाबाद। आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की अलग-अलग टीमों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर छह नमूने संग्रहित किए। कार्रवाई के दौरान करीब 60 हजार रुपये मूल्य का सरसों का तेल सीज किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य चन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान गालिब नगर स्थित शाहनवाज किराना स्टोर से सरसों के तेल का नमूना लिया गया। यहां आठ कनस्तरों में भंडारित करीब 120 किलोग्राम तेल, जिसकी अनुमानित कीमत 20,650 रुपये है, सीज कर दिया गया। आगरा गेट स्थित पारसनाथ ट्रेडर्स से घी के दो नमूने और कोटला रोड स्थित मयंक ट्रेडर्स से अखरोट का एक नमूना संग्रहित किया गया। वहीं, टूंडला के एटा रोड स्थित तरुण जैन के प्रतिष्ठान से सरसों के तेल का नमूना लेकर मौके पर उपलब्ध करीब 198 लीटर तेल सीज किया गया। खाद्य आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में यह अभियान त्योहारों पर अधिक खपत वाले खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त चन्दन पाण्डेय ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मिलावट की आशंका वाले प्रतिष्ठानों को चिह्नित कर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संदिग्ध खाद्य पदार्थों की बिक्री और भंडारण पर नजर रखने के लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मिलावटी या संदिग्ध खाद्य पदार्थ पाए जाने पर नियमानुसार सीज करने की कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

नवरात्र को लेकर डीएम-एसएसपी ने वैष्णो धाम मंदिर का किया औचक निरीक्षण

फिरोजाबाद। आगामी नवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा और वरिष्ठपुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने उसायनी स्थित वैष्णो धाम मंदिर का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि नवरात्रि के दौरान मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि पर्व के दौरान व्यवस्थाएं सुचारु बनी रहें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और श्रद्धा के साथ संपन्न कराना है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन और आयोजकों के साथ संवाद कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारियों ने संबंधित व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने और सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बीजेपी सरकार में चमचमाती सड़कों के दावों की हवा निकाल रही

मथुरा। एक तरफ जहां प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार राज्य की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने और चमचमाती सड़कों का दावा करती है, वहीं धरातल पर जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और सरकार में मंत्री होने के बावजूद करीब 27 किलोमीटर लंबा छाता-गोवर्धन मार्ग पिछले लगभग 10 वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय टेंपो चालक महेश और गोपाल ने दर्द बयां करते हुए बताया कि इस बार के प्रमुख त्योहार गुरु पूर्णिमा पर भी प्रशासन और लोक निर्माण विभाग ने सड़क के गड्ढों को भरने तक की नहीं सोची। सड़क के दोनों ओर घनी झाड़ियां उगी हुई हैं, कई कई फोटो गहरे गड्ढे हैं।जिससे सामने से आने वाले वाहन दिखाई नहीं देते और लगातार दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। यह सड़क केवल दो कस्बों को ही नहीं जोड़ती, बल्कि अंतर्राज्यीय सीमा को भी संपर्क प्रदान करती है। प्रसिद्ध सिद्ध पीठ गिरिराज जी (गोवर्धन) जाने वाले लाखों श्रद्धालु इसी खस्ताहाल मार्ग से होकर गुजरते हैं, जिन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस रोड से रोजाना सैकड़ों ओवरलोडेड ट्रक, ईंटों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे गड्ढे लगातार और गहरे होते जा रहे हैं। इस मार्ग पर कई दर्जन गांव स्थित हैं और कई प्रमुख विद्यालय भी पड़ते हैं। गड्ढों के कारण रोजाना हो रही दुर्घटनाओं में लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए यहां से निकलना हर दिन मौत से खेलने जैसा हो गया है। क्षेत्रीय जनता और राहगीरों का कहना है कि सरकार के बड़े-बड़े दावों के बीच इस महत्वपूर्ण मार्ग की अनदेखी समझ से परे है। स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं ने शासन-प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि छाता-गोवर्धन रोड को जनहित में बिना किसी देरी के जल्द से जल्द पक्का और चैड़ा बनाया जाए, ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर विराम लग सके।

परखम गुर्जर के लाल हरि गोविन्द को उपराष्ट्रपति ने पहनाया स्वर्णिम सफलता का ताज



चौमुहां। प्रतिभा जब परिश्रम और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ती है तो सफलता की नई इबारत लिख देती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है मथुरा जनपद के परखम गुर्जर गांव के मेधावी छात्र हरि गोविन्द ने। श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में दर्शन शास्त्र के विशिष्टाद्वैत वेदान्त विभाग में शास्त्री स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने हरि गोविन्द को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि गांव, क्षेत्र और पूरे ब्रजभूमि का मान बढ़ा है। छाता तहसील और चैमुहां ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले परखम गुर्जर गांव के निवासी हरि गोविन्द विख्यात विद्वान पंडित व

मोदी के पच्चीस साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने 2002, 2007 और 2012 में भी मुख्यमंत्री के रूप में चुनाव जीतकर कुल चार बार शपथ ली और 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री बने। मोदी का प्रधानमंत्री के रूप में यह लगातार तीसरा टर्म है। इस सफल राजनीतिक यात्रा में 7 अक्टूबर 2026 को मोदी ने सीएम-पीएम के रूप में 25 वर्ष पूरे कर लिए। सरकारों की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बीते 25 वर्षों में अनेक ऐतिहासिक और राष्ट्रनिर्माण के काम किये हैं। उनको मुख्यमंत्री की जिम्मेदार भुज भूकंप में हुए विध्वंस के पुनिर्निर्माण के लिए मिली थी, जिसे उन्होंने बहुत ही बेहतरीन तरीके से निभाया। इससे उनको जो श्रेय मिला उसका योगदान मोदी की राजनीतिक यात्रा में बहुत महत्वपूर्ण है। पीएम के रूप में धारा-370 को खत्म करने, राम मंदिर निर्माण, पाकिस्तान पर तीन बार स्ट्राइक जैसे साहसिक फैसलों के साथ ही लोक कल्याण के भी अनेक कार्य हुए जिसने प्रधानमंत्री को अजेय बनाया। इतने लंबे शासन के बाद सरकार के प्रति जनता में उदासीनता, कुछ आक्रोश, विपक्ष की चुनौतियां, यह सब लोकतंत्र में स्वाभाविक है।



सीएम-पीएम के रूप में मोदी ने 25 वर्ष पूरे कर साबित कर दिया है कि उनकी सरकार की लोकप्रियता कायम है और कोई बड़ी चुनौती अभी नहीं है।

वैसे भी लोकतंत्र बहुमत से चलता है जिसमें आधे से अधिक तो हमेशा असंतुष्ट ही रहते हैं। ऐसे में जिस तरह के आंदोलन उभर रहे हैं, उससे सरकार को क्या कोई सबक सीखना चाहिए? यह गंभीर विमर्श का विषय है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने 12 साल में शिक्षा, अर्थव्यवस्था, संविधान और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी का तो यहां तक कहना है कि आर्थिक सुनामी आने वाली है। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पूर्व में भविष्यवाणी की है कि मोदी सरकार एक साल में गिर जाएगी। पलटवार में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए और कहा कि देश में कुछ निराशावादी लोग हैं, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान का मजाक उड़ाते हैं। प्रधानमंत्री का मानना है कि देश ऐसी अराजकता, निराशा, अनिश्चितता को पसंद नहीं करता, लिहाजा कांग्रेस को बार-बार खारिज कर रहा है। सरकार 12 साल की उपलब्धियां गिना ही रही थी की तभी कॉकरोच पार्टी, ई-20, पेपरलीक, छात्रों का आंदोलन, धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा जैसी घटनाएं घट गयीं। इससे सरकार की छवि पर क्या असर पड़ेगा यह तो सियासी विश्लेषक बतायेंगे, लेकिन केन्द्र सरकार ने बीते 12 वर्षा में जो काम किये हैं, उससे उसके खाते में अनेक उपलब्धियां दर्ज हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में बढ़ रही है। आर्थिक विकास की रफ्तार भी ठीक ठाक है। विपरीत परिस्थितियों में भारतीय अर्थव्यवस्था बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है। यह विश्व में सर्वाधिक है, हालांकि प्रति व्यक्ति आय में भारत बहुत नीचे है। अर्थव्यवस्था और विकास दर पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा का आकलन महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि ईरान युद्ध के कारण सप्लाई चेन बाधित हुई है और भारतीय बाजार में भी इसका असर दिखायी दे रहा है। इससे महंगाई बढ़ेगी और जीडीपी की विकास दर घटेगी। इस तरह अर्थव्यवस्था भी वैश्विक उथल-पुथल के दौर में है, लिहाजा रिजर्व बैंक का नया अनुमान है कि 2026-27 (जारी वित्त वर्ष) में विकास दर 6.6 फीसदी रह सकती है, जबकि पहले अनुमान 6.9 फीसदी का था। महंगाई दर 5.1 फीसदी से अधिक हो सकती है, जबकि पहले का अनुमान 4.6 फीसदी का था। रिजर्व बैंक के गवर्नर का यह भी मानना है कि विकास दर के अनुमान पर निगेटिव जोखिम बरकरार रहेगा, फिर भी हम सुखद स्थिति में हैं, लेकिन जीडीपी में जिस मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र का योगदान 18 फीसदी तक होता था, वह घट कर करीब 13 फीसदी हो गया है, जबकि मोदी सरकार ने 25 फीसदी योगदान का लक्ष्य तय किया था। कृषि पर आज भी दो-तिहाई परिवार आश्रित हैं, लेकिन पूरे वित्त वर्ष में कृषि की विकास दर 3 फीसदी रही है। इससे एक बात स्पष्ट है कि सरकार को अब उन लोगों को पर ध्यान देना होगा जो विकास के तमाम लाभों से वंचित हैं। जहां तक विरोध, प्रदर्शन की बात है, तो लोकतंत्र में यह सब चलता रहता है।

अरुणाचल पर हमेशा चीन की रही गिद्ध दृष्टि


अरविन्द जयतिलक

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस भारत के नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट को इनवैलिड की और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला था। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए तभी चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर वितंडा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरूआत पर ऐतराज जताया था, तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यादपद् बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है। जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतर्राष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाएं तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टुबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रुप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दिया। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व स्वीकारने से उत्तर से पूर्वोत्तर तक कहीं भी भारत और चीन की सीमा नहीं मिलती थी। इस तरह उत्तरी-पूर्वी सीमा को एक प्राकृतिक सुरक्षा मिली हुई थी। लेकिन स्वतंत्र भारत की नेहरु सरकार की अदूरदर्शी नीति ने स्वतंत्र तिब्बत को बलिदान हो जाने दिया। पीकिंग पर साम्यवादियों का कब्जा होने के उपरांत 23 मई, 1951 को तिब्बत के दलाई लामा सरकार के प्रतिनिधियों और चीनी सरकार के अधिकारियों के बीच 17 सूत्रीय कार्यक्रम पर समझौता हुआ। इस समझौते को दलाई लामा तिब्बत के स्वतंत्र अस्तित्व की समाप्ति के रुप में देखते हुए भारत से रक्षा की गुहार लगायी। लेकिन तत्कालीन नेहरु सरकार पर चीन के साथ दोस्ती का भूत सवार था। नेहरु सरकार ने अंग्रेजी दस्तावेजों का हवाला देकर तिब्बत पर चीन की अधिनस्थता की बात स्वीकार ली। नतीजा माओ के रेडगार्डों ने तिब्बत पर चढ़ाई कर एक वर्ष के अंदर पूरे तिब्बत पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। आज की तारीख में सिक्किम-तिब्बत सीमा को छोड़कर लगभग पूरी भारत-चीन सीमा विवादित है। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है।



सामयिक

चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाये है, याद होगा बीते साल उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके को उसे सौंप देता है तो वह बदले में अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गये किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। गुलाम कश्मीर में सामरिक रुप से महत्वपूर्ण गिलगित-बल्तिस्तान क्षेत्र पर वह अपना वर्चस्व बढ़ा रहा है। यहां तकरीबन हजारों चीनी सैनिकों की मौजूदगी बराबर बनी रहती है। वह इन क्षेत्रों में निर्बाध रूप से हाईस्पीड सड़कें और रेल संपर्कों का जाल बिछा रहा है। सिर्फ इसलिए की भारत तक उसकी पहुंच आसान हो सके। दरअसल चीन की मंशा अरबों रुपये खर्च करके कराकोरम पहाड़ को दो फाड़ करते हुए गवादर के बंदरगाह तक अपनी रेल पहुंच बनानी है ताकि युद्धकाल में जरुरत पड़ने पर वह अपने सैनिकों तक आसानी से रसद पहुंचा सके। वह नेपाल, बंगलादेश और म्यांमार में भी अपना दखल बढ़ा रहा है। वह श्रीलंका में बंदरगाह बना रहा है जो भारतीय सुरक्षा के लिए बेहद खतरनाक है। अच्छी बात यह है कि मोदी सरकार श्रीलंका को साधकर चीन के मंसूबों को ध्वस्त कर दिया है। तथ्य यह भी कि चीन अफगानिस्तान में अरबों डालर का निवेश कर तांबे की खदानें चला रहा है। फिलहाल अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार है और उसके भारत से रिश्ते मजबूत हैं। भारत अफगानिस्तान के विकास के लिए कई परियोजनाओं के साथ ढ़ेर सारे मानवीय कार्यक्रम चला रहा है। इस कारण अब चीन अलग-थलग पड़ता जा रहा है। चीन म्यांमार की गैस संसाधनों पर भी कब्जा करने की फिराक में है पर अच्छी बात है कि म्यांमार भारत के साथ है। उचित होगा कि भारत चीन पर दबाव बनाने के लिए अब तिब्बत के मसले पर अपना रुख कड़ा करे। तिब्बत का स्वतंत्र अस्तित्व ही भारत की सीमाओं की रक्षा की सबसे बड़ी गारंटी है।

अगर भारत तिब्बत की स्वतंत्रता हनन के मसले को अन्तरराष्ट्रीय कुटनीति की तीव्र आंच पर रखता है तो सच मानिए चीन की पेशानी पर बल पड़ना तय है। तिब्बत की स्वतंत्रता चीन की कमजोर नस है और भारत इसे मानवाधिकार हनन का नश्तर बनाकर चीन की हेंकड़ी का सफल ऑपरेशन कर सकता है। चीन सामरिक रुप से अहम पैंगोंग त्सो झील के निकट एक और नए पुल का निर्माण करने की फिराक में है। उसकी मंशा इस पुल के जरिए अपने सामरिक हथियारों को आसानी से भारतीय सीमा तक पहुंचाना है। इसका खुलासा सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों से हो चुकी है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे।

सोशल मीडिया


राज्यसभा द्वि-वार्षिक चुनाव में यूपी से निर्विरोध निर्वाचित होने पर भा.ज.पा. के सभी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई। पूर्ण विश्वास है कि आप उच्च सदन की गरिमा को बढ़ायेंगे। सीएम योगी.


भारत के संविधान और लोकतंत्र की आवाज की रक्षा हर भारतीय की जिम्मेदारी है और ये प्रोसेस शुरू हो चुका है। जनता को न्याय दिलाने का प्रोसेस, अब ये रुकने वाला नहीं। राहुल गांधी


विदेश में रहने वाले भारतीयों को आजादी के लिए प्रेरित करने वाले महान क्रांतिकारी श्याम जी कृष्ण वर्मा की जयंती पर कोटि कोटि नमन। देश उनके त्याग को कभी नहीं भूलेगा। अमित शाह.

मनुष्य के आचरण

आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये।

आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

अंतर्दृष्टि

साहित्य इवेंट मैनेजर

व्यंग्यलोक

मैं खास तौर पर मां सरस्वती का साहित्य सेमिनार मैनेजमेंट पुत्र हूं। जब भी उन्हें हिंदी साहित्य के किसी संगठन विशेष के साहित्यकारों से संवाद करना होता है, वे मुझसे संपर्क करती हैं और तब मैं हिंदी साहित्य के उनके द्वारा बताए संगठन के साहित्यकारों को इकट्ठा कर उनसे उनके संवाद के बहाने उनके साहित्य की वर्तमान दशा और दिशा पर सेमिनार करवा चार पैसे मैं भी कमा लेता हूं। दूसरे शब्दों में कहें तो साहित्य इवेंट मैनेजर। वैसे भी आज का जमाना इवेंट मैनजरों का जमाना है। वे जीव के पैदा होने से लेकर उसके मरने तक के सारे इवेंट मैनेज करने लगे हैं। बस इवेंट मैनेज करवाने वाले की जेब में पैसा होना चाहिए। वैसे आदमी की जेब में पैसा हो तो वह आज की तारीख में कुछ भी करने का मौलिक अधिकार रखता है। आज कल के आदमी के पास समय ही कहां है जो वह अपने जीवन के हर इवेंट को मैनेज कर सके। आजकल वह बहुत व्यस्त चल रहा है। उसके पास आज मरने तक की फुर्सत नहीं। इसलिए वह अपने बदले दूसरों को मार रहा है। कल बड़े अरसे बाद मां सरस्वती का फोन आया। आजकल के हिंदी साहित्य के हालचाल पूछने के बाद बातों ही बातों में उन्होंने इच्छा जताई कि वे सावन मास में एक सेमिनार में हिंदी के साहित्यकारों से रूबरू होना चाहती हैं तो मैंने कहा, नो टेंशन मां! हो जाएगा। आप बजट का आइडिया दे दें तो... पर मां! कौन से साहित्यकारों से आप रूबरू होना चाहती हैं? अगर आप साहित्यकारों की कैटेगरी, सब कैटेगरी साफ कर दो तो..., तो वे बोली, ह्य कौन से से क्या मतलब? साहित्यकार चाहे वामपंथी हो या काम पंथी! वह मूलतः साहित्यकार ही होता है। साहित्यकार की न कोई जात होती है न धर्म। उसकी न कोई नस्ल होती है, न कोई फसल! मैं हिंदी साहित्यकारों के सर्वमुखी सेमिनार को संबोधित करना चाहती हूं जिसमें वामपंथी से लेकर कामपंथी, आरामपंथी, सलामपंथी सब साहित्यकार हों। नहीं मां! ऐसा नहीं हो सकता। यहां तो एक ही पंथ के साहित्यकार एक टेंट में एक साथ नहीं खाते और आप? अब साहित्यकारों की परिभाषा पूरी तरह बदल गई है, अब अलग अलग नस्ल के साहित्यकार भी हैं और अलग अलग फसल के भी। बुरा मत मानना मां शारदे! मेरे कहने का मतलब ये कि अब साहित्यकारों की बहुत सी श्रेणियां, सब श्रेणियां हो गई हैं। गया वो वक्त जब साहित्यकार केवल साहित्यकार होता था। वक्त बदला तो वह वामपंथी और दक्षिणपंथी हो गया। बीच में कुछ कुछ वह सरकार कंठी हो भी होता रहा। पर अब तो उसकी कितनी श्रेणियां हैं, उसे भी नहीं पता।


राम विलास जॉगिड़

नदियों के लिए बड़ा खतरा है पिघलता हुआ ग्लेशियर


पर्यावरण

निकहत कुंवर

अपनी कठिन यात्रा के दौरान गंगा, ब्रह्मपुत्र व मेघना नदियां हिमालय से निकलकर पांच देशों- भारत, चीन, बांग्लादेश, भूटान व नेपाल की पानी की जरूरत पूरी करते हुए समुद्र में समा जाती हैं। इन देशों की विशाल जनसंख्या इन नदियों के ताजे पानी पर ही निर्भर है। लेकिन यह निर्भरता जल्द ही इन देशों को संकट में डाल सकती है। क्लाइमेट चेंज का भयंकर साया उन ग्लेशियरों व बर्फ की चादरों पर पड़ रहा है जो इन नदियों को पानी से भरते हैं। ये ग्लेशियर व बर्फ की चादरें तेजी से सिकुड़ती जा रही हैं, जिससे इन नदियों में पानी की मात्रा निरंतर कम होती जा रही है। ऐसा संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूएन 2023 वाटर कांफ्रेंस में बोलते हुए कहा। उनके अनुसार, 'चूंकि ग्लेशियर व आइस शीट्स निरंतर सिकुड़ती जा रही हैं, इसलिए आने वाले कुछ दशकों में हिमालय की प्रमुख नदियां जैसे गंगा व ब्रह्मपुत्र इससे प्रभावित होंगी और उनमें पानी कम हो जायेगा।'

गौरतलब है कि हिमालय क्षेत्र से गंगा, ब्रह्मपुत्र व इंडस सहित दस मुख्य नदियां निकलती हैं, जो अपने वाटरशेड में लगभग 1.3 बिलियन लोगों की पानी की जरूरत को पूरा करती हैं। संयुक्त राष्ट्र की पिछली रिपोर्ट में भी कहा गया था कि गंगा, ब्रह्मपुत्र व मेघना नदियों का डेल्टा एशिया में निरंतर सबसे अधिक खतरे में रहा है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने अब इस बात पर पुनः बल देते हुए कहा है कि समुद्रों का जलस्तर बढ़ रहा और नदियों के डेल्टा में घुसपैठ करके समुद्र का पानी बड़े हिस्सों को बेकार कर सकता है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि पृथ्वी पर सभी प्रकार के जीवन के लिए ग्लेशियरों का बहुत अधिक महत्व है। आज हम जिसे घर कहते हैं, उस लैंडमास को ग्लेशियरों ने ही सदियों में तराशा है। विश्व के वाटर टावर ग्लेशियर हमारे संसार के दस प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। लेकिन यह दोधारी भी है। एमिशन व वार्मिंग का खतरनाक स्तर मुख्य ग्लेशियरों को पिघला रहा है। वह बड़ी मात्रा में अपना बर्फ खो रहे हैं। मसलन, अंटार्टिका में सालाना 150 बिलियन टन बर्फ नष्ट हो रही है। ग्रीनलैंड की स्थिति तो इससे भी अधिक खराब है, यहां सालाना 270 बिलियन टन बर्फ खत्म हो रही है। यह बर्फ ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पिघल रही है, जिसके कारण समुद्र में पानी का स्तर बढ़ता जा रहा है। इससे समुद्रतटों के शहरों पर डूबने का खतरा बढ़ता जा रहा है। इन शहरों में मुंबई भी शामिल है। जाहिर है, अगर इस ट्रेंड को रोका बल्कि पलटा न गया तो परिणाम बहुत भयावह हो सकते हैं। एक समय था जब हिमालय में गंगोत्री मंदिर तक ग्लेशियर व आइस शीट्स थीं, अब वह वहां से लगभग 25 किमी के फासले पर पहुंच गई हैं। हिमालय के इन ग्लेशियरों से गंगा आदि नदियों को नियमित पानी मिलता रहता था और बर्फबारी होने पर ग्लेशियरों को अपना बर्फ मास मिल जाता था। अंटार्टिका आदि के ग्लेशियर अपने अंदर पानी के भंडार को रोके रहते थे। यह संतुलन बना रहता था। लेकिन ग्लोबल वार्मिंग से हिमालय के ग्लेशियर सिकुड़ गये हैं, जिससे नदियों में पानी कम होता जा रहा है और अंटार्टिका के ग्लेशियर पिघलकर समुद्र का जलस्तर बढ़ा रहे हैं। इससे अंदेशा यह है कि लो-लाइंग समुदाय और कुछ देश हमेशा के लिए खत्म हो जायेंगे। गौरतलब है कि इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ वर्ष पहले मालदीव की काबिना ने समुद्र के पानी के अंदर अपनी बैठक की थी। संकेत स्पष्ट था कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित कीजिये वर्ना उन जैसे द्वीप-देश तो हमेशा के लिए समुद्र में डूब जायेंगे। इसलिए गुटेरेस ने सभी देशों से आग्रह किया है कि सभी समुदायों को सुरक्षित रखने के लिए वह एकजुट होकर काम करें और ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेंटीग्रेड से आगे बढ़ने न दें।

समस्या केवल गंगा, ब्रह्मपुत्र व मेघना में पानी की मात्रा के कम होने को लेकर ही नहीं है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से नदियों के पानी का तापमान भी बढ़ता जा रहा है, भारतीय नदियां गर्म हो रही हैं, जिससे एक्वेटिक जीवन के लिए वातावरण खतरनाक हो जायेगा। साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित एक नये अध्ययन के अनुसार नदियों के पानी का तापमान बढ़ जायेगा और उसमें ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जायेगी। नदियों के पानी का तापमान गर्मियों में 7 डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता और 2070-2100 तक 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

विचार

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

मनुष्य का अज्ञानता जैसा दूसरा कोई शत्रु नहीं होता।
-चाणक्य.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

आपकी बात

नये स्किल की जरूरत

युवाओं के लिए उपयुक्त रोजगार का सृजन कर उनको राष्ट्र निर्माण से जोड़ना फिलहाल देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हर साल एक करोड़ से अधिक युवा कालेजों से ग्रेजुएट्स होकर निकल रहे हैं और इस लिहाज से देखा जाये तो देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन ही है। जहां देश की सबसे बड़ी जरूरत रोजगार सृजन है, तो देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है। बेशक एक युवा जब कालेज से निकलता है तो उससे उसके परिवार की, उसकी खुद की और समाज की बहुत सारी उम्मीदें होती हैं और इन उम्मीदों और दायित्वों का पूरा होना तभी संभव है जब उसके पास या तो कोई नौकरी हो अथवा व्यवसाय। किसी काम धंधे में नियोजित होकर ही व्यक्ति राष्ट्र निर्माण में अपना सम्यक योगदान दे सकता है। इस संदर्भ में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस रोजगार कालेज से निकलने वाले युवाओं की भर्तियां बढ़ी हैं। फ्रेशर्स हायरिंग में वृद्धि यह बताती है कि धीरे-धीरे रोजगार का बाजार सुधर रहा है, नयी नौकरियां सृजित हो रही हैं। लेकिन यह जरूरी है कि अब रोजगार का स्वरूप बदल रहा है। कुछ समय पूर्व एक सर्वे में यह बात सामने आयी थी कि अगले छह-सात वर्षों में करोड़ों नौकरियां खत्म हो जायेंगी जो मुख्यतः क्लर्क, कैशियर, लिखा-पढ़ी जैसे साधारण प्रकृति के कामों से जुड़ी होंगी। इसी तरह एप आधारित गिग जॉब, एआई, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में रोजगार बाजार में सुधार देखने को मिलेगा।

दरअसल प्रौद्योगिकी के अत्यधिक उपयोग से रोजगार संकुचन की जो बात कही जा रही है उसमें बहुत सचाई नहीं है। हम आईटी सेक्टर को लेकर ही देखें तो आईटी क्रांति से नयी-नयी नौकरियां पैदा हुई हैं, देश की जीडीपी और निर्यात में इजाफा हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के मौके भी पैदा हुए हैं। ऐसे में जब एआई जैसी तकनीक आमतौर पर इस्तेमाल होने लगेगी, तो रोजगार का स्वरूप जरूरत बदल सकता है लेकिन रोजगार के मौके कम होने की बात सही नहीं लगती। युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुकूल स्किल्ड करना तो जरूरी होगा अन्यथा सामान्य युवा को रोजगार मिलना कठिन हो जायेगा। प्रौद्योगिकी के इस युग में रोजगार भी उन्हीं लोगों को मिलेगा जो प्रौद्योगिकी में दक्ष होंगे। इसलिए नये विकसित होते क्षेत्रों में स्किल्ड युवाओं को तैयार करने के लिए शिक्षा और बेहतर प्रशिक्षण जरूरी है।

विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.

शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन

भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैंकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा।

प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.

संक्षेप

दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद

ललितपुर। तालबेहट कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए युवकों के कब्जे से दो अवैध देशी तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

इसके अलावा उनके पास मौजूद मोटर साइकिल के कागजात भी नहीं मिले। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 8 अक्टूबर की शाम करीब 7.50 बजे तालबेहट कस्बा चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक विकास कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। टीम में हेड कांस्टेबल सुमित कुमार तथा कांस्टेबल विक्रम, यशवीर, प्रवेश मिश्रा और अमित कुमार शामिल थे। बताया गया कि पुलिस टीम ग्राम तरगुवा के पास पुलिया पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक मोटर साइकिल आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने वाहन वापस मोड़? का प्रयास किया, जिससे मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई।

एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद एसपी ने परिवहन शाखा पहुंचकर पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों की साफ-सफाई के साथ संचार व्यवस्था, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैबलेट, मोबाइल फोन और अन्य आपातकालीन उपकरणों की कार्यशीलता का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी वाहन और उपकरण हमेशा क्रियाशील अवस्था में रहें, ताकि आपात स्थिति में पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचने और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन स्थित भोजनालय का भी गहन निरीक्षण किया। इस दौरान भोजनालय के अभिलेखों, साफ-सफाई, परिसर के रखरखाव तथा पुलिसकर्मियों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पौष्टिकता का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को भोजन को स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने तथा भोजनालय की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कुमार त्रिपाठी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



- एसपी ने शुक्रवार परेड की ली सलामी

पति के निजी अंग पर चाकू से हमला, पत्नी हिरासत में

मेरठ। जिले में अपने पति के निजी अंग पर चाकू से हमला करने के आरोप में एक महिला को हिरासत में लिया गया है। यह घटना बृहस्पतिवार को लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के जैद गार्डन इलाके में हुई। महिला को संदेह था कि उसके पति का किसी अन्य महिला से संबंध है।क्षेत्राधिकारी (कोतवाली) संग्राम सिंह ने बताया कि आरोपी शबनम ने अपने पति नदीम पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।प्राथमिक जानकारी के अनुसार, शबनम ने अपने पति को कॉफी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया और उसके अचेत होने के बाद उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर महिला को हिरासत में ले लिया है।

आप आज दिल्ली में कॉजपा के विरोध प्रदर्शन में भाग लेगी: संजय सिंह

बलिया। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 10 अक्टूबर को दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के प्रस्तावित प्रदर्शन में आप के सदस्य भी हिस्सा लेंगे।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राम गोविंद चौधरी के तेरहवीं में शामिल होने के बाद सिकंदरपुर में पत्रकारों से कहा कि यह प्रदर्शन लोकतंत्र की रक्षा के लिए किया जा रहा है।संजय सिंह ने कहा कि कॉजपा का यह प्रदर्शन लोकतंत्र बचाने के लिए है। हमने दो अक्टूबर को हुए प्रदर्शन में भी हिस्सा लिया था। वोट चोरी रोकने, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया समाप्त करने, कथित अनियमितताओं के जरिए राज्यों में कराए गए चुनावों को रद्द करने, मुख्य न्यायाधीश को चयन प्रक्रिया में शामिल करने और देशभर में मतपत्रों के जरिए चुनाव कराने की मांग को लेकर 10 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी आंदोलन प्रस्तावित है। अपनी पार्टी की भूमिका स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार भी दिल्ली में हुए प्रदर्शन में सभी दलों ने हिस्सा लिया था। समाजवादी पार्टी, वामपंथी दल, बीजद (बीजू जनता दल) और हम भी उसमें शामिल थे। इस बार भी सभी लोग कॉजपा के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेंगे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आंदोलन और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ प्रस्तावित मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि हर किसी को अपने तरीके से विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को यह तय करना है कि वह उनसे कब मुलाकात करेंगी।

सकल दिगम्बर जैन समाज ने लिया मुफ्त आँखो के ऑपरेशन कराने का संकल्प



बाराबंकी। जीवन आशा हॉस्पिटल प्रणेता आचार्य श्री सौरभ सागर गुरुदेव के जन्मोत्सव को सकल दिगम्बर जैन समाज परोपकार दिवस के रुप मे मनायेगा। परोपकार टीम सदस्य वर्धमान जैन ने बताया कि जिला अस्पताल के सहयोग से मुफ्त आँखो के ऑपरेशन कराने का संकल्प लिया गया। जिसकी शुरूआत आज शुक्रवार को सीएमएस जे0पी मौर्या की देख-रेख मे हुई। जोकि 21 अक्टूबर तक जारी रहेगे। यह कार्य पिछले 12 वर्षों से चल रहा है। जिसमे गरीब, असहाय, पीड़ित मरीजों की सहायता करना व उनके जीवन में रोशनी फैलाने का उद्देश्य है। उन्होने आगे बताया कि 22 अक्टूबर को गुरुदेव का जन्मोत्सव सरावगी स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर विमल भरत निलय में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर रजत जैन, अर्पित जैन मौजूद रहे।

12 से होमगार्ड्स चिकित्सा परीक्षा और पुलिस चरित्र सत्यापन

बाराबंकी। जिला कमाण्डेन्ट होमगार्ड्स बी0के0 सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा होमगार्डस पद पर चयनित 615 उम्मीदवारो का चिकित्सा परीक्षा एवं पुलिस चरित्र सत्यापन पुलिस लाइन में दिनांक 12 अक्टूबर से सुबह 9 बजे से 23 अक्टूँबर 2026 तक कराये जायेगें। महिला उम्मीदवारों का चिकित्सा परीक्षा 22 अक्टूबर एवं 23 अक्टूँबर 2026 को होगा। चिकित्सा सत्यापन हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा बोर्ड का गठन किया जा चुका है।

कांशीराम का संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा: मो. मोहसिन



बाराबंकी। कांशीराम का समाजिक न्याय, समानता और वंचित वर्गो के अधिकारो के लिए हमेशा संघर्ष किया। उनका यह संघर्ष सदैव स्मरणीय रहेगा। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास पर आयोजित समाज सुधारक कांशीराम के परिनिर्माण दिवस पर आयोजित श्रद्वाजंलि सभा मे काग्रेस जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये व्यक्त किये। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो मे विजय पाल गौतम, राम हरख रावत, अजय रावत, आर0डी0 राव, अभय गौतम, के0सी0 श्रीवास्तव, गोपी कन्नौजिया, मो0 जिशान, अभय गौतम, अश्विनी गौतम, जसवंत यादव, यशवंत यादव मौजूद रहे।

विदेश में नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

गाजीपुर। जिले में पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले पिता-पुत्र समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी विदेश में नौकरी दिलाने के लिए फर्जी वीजा, हवाई टिकट और अन्य जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करते थे।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजीपुर निवासी सोहन राम, बेटे सूर्य कुमार और साथी फैजल कुमार उर्फ सनी के रूप में हुई है। आरोपियों ने कोतवाली क्षेत्र के रौजा में एक साइबर केंद्र खोला था, जहां महिलाओं को नौकरी पर रखा गया था। गिरोह का सरगना सोहन राम मुंबई में रहकर अपने बेटे के माध्यम से ऑनलाइन विज्ञापन देता था, जिनमें बेरोजगार युवाओं को विदेश में रोजगार दिलाने का भरोसा दिया जाता था।पुलिस के अनुसार, सोहन राम युवाओं के पासपोर्ट लेकर उनके लिए फर्जी नियुक्ति पत्र, वीजा और हवाई टिकट तैयार कराता था। पुलिस ने बताया कि इतना ही नहीं वह विमान में सीट भी बुक कराता था।पुलिस के अनुसार, इन दस्तावेजों पर भरोसा कर युवा रोजगार के लिए आरोपियों द्वारा खोले गए फर्जी खातों में रुपये भेज देते थे और इसके बाद तीनों आरोपी रकम निकालकर आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने बताया कि एक पीड़ित की शिकायत पर जांच शुरू की गई, जिसके बाद धोखाधड़ी का यह मामला सामने आया और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 3.54 लाख रुपये नकद, करीब 20 लाख रुपये मूल्य की दो गाड़ियां, 10 एंड्रायड मोबाइल फोन, सिम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप और एक कलर प्रिंटर बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्वाई शुरू कर दी है।

आपका संकल्प ही आपकी सफलता का बनता है आधार: डॉ. सौरभ

ललितपुर। जिला सेवा योजन कार्यालय एवं राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नेक द्वारा मूल्यांकित संस्थान पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय पनारी ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ० सौरभ यादव, मुख्य अतिथि वसीम मोहम्मद (जिला सेवा योजन अधिकारी ललितपुर), विशिष्ठ अतिथि अमित शुक्ला (प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर) काउंसलर असि० प्रो० प्रकाश खरे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० महेश कुमार झा एवं कार्यक्रम संयोजक असि०प्रो० रामलाल रायकवार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ० सौरभ यादव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कौशल, अनुभव और सही निर्णय लेना भी आवश्यक है।

रिश्वत लेते पकड़े गये लेखपाल के मामले में नया मोड़

- एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई के बाद कोतवाली में एफआईआर दर्ज
- पत्नी की भूमिका की भी जांच की उठी जरूरत
- नोट जलाकर साक्ष्य मिटाने का आरोप

ललितपुर। सदर तहसील के टौरिया क्षेत्र में जमीन की हदबंदी और पत्थरगडडी के मामले में 15 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते पकड़े गए राजस्व लेखपाल विपुल तिवारी के प्रकरण में नया मोड़ सामने आया है। आरोप है कि एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई से बचने के लिए लेखपाल ने रिश्वत में मिले नोटों को अपने किराये के कमरे में गैस चूल्हे पर जलाकर नष्ट करने का प्रयास किया। मामले में थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और बीएनएस की धारा 238 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। ग्राम टौरिया निवासी मनोज कुमार ने एंटी करप्शन झांसी इकाई से शिकायत की थी कि उनकी पत्नी और उनके नाम दर्ज गाटा संख्या 767 की हदबंदी एवं पत्थर गडडी की कार्रवाई होने के बावजूद लेखपाल विपुल तिवारी जमीन को लेकर परेशान कर रहा था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि कब्जा सुरक्षित रखने और भूमि संबंधी विवाद से राहत देने के एवज में लेखपाल ने पहले 25 हजार रुपये की मांग की, जो बातचीत के बाद 15 हजार रुपये पर तय हुई। शिकायत की जांच और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एंटी करप्शन टीम ने 8 अक्टूबर 2026 को ट्रैप की कार्रवाई की। टीम प्रभारी निरीक्षक शादाब खान के नेतृत्व में स्वतंत्र गवाहों चन्द्र विनोद मिश्रा और विजित कुमार गौतम की मौजूदगी में शिकायतकर्ता के माध्यम से कथित तौर पर 15 हजार रुपये के रासायनिक पदार्थ लगे नोट लेखपाल को दिलाए गए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद जब टीम ने लेखपाल को पकड़? का प्रयास किया तो वह मौके से भागकर डमडम कॉलोनी, आजादपुरा स्थित अपने किराये के कमरे में पहुंच गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। एंटी करप्शन टीम के अनुसार, कमरे का दरवाजा खुलवाने के दौरान अंदर से धुआं और जलने की गंध महसूस हुई। इसके बाद अंदर पहुंचने पर कथित रूप से जले हुए नोटों की राख और छोटे-छोटे टुकड़े मिले। आरोप है कि लेखपाल अपनी पत्नी की मदद से नोटों के अवशेष मिटाने का प्रयास कर रहा था। टीम ने मौके से जले नोटों के अवशेष, नारंगी रंग का तौलिया और बर्तन साफ करने वाला जूना सहित अन्य साक्ष्य कब्जे में लिए। कार्रवाई के बाद लेखपाल विपुल तिवारी को थाना कोतवाली लाया गया। उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 तथा बीएनएस की धारा 238 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जामा तलाशी में मोबाइल फोन, पहचान पत्र और नकदी मिलने की भी जानकारी सामने आई है। पुलिस मामले में बरामद साक्ष्यों और घटनाक्रम की जांच कर रही है। भूमि संबंधी कार्य के एवज में रिश्वत मांगने के आरोप से शुरू हुआ यह मामला अब कथित रूप से साक्ष्य नष्ट करने के प्रयास तक पहुंच गया है। प्रकरण में आगे की कार्रवाई विवेचना और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी। आरोपों की अंतिम पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के बाद ही होगी।

अयोध्या से विदा हुआ वडनगर का दल

अयोध्या। वडनगर से काशी की यात्रा पर निकले दो दर्जन सदस्यों के दल ने चार दिनों तक अयोध्या में प्रवास कर विभिन्न सेवा अभियान चलाए। इस दौरान सदस्यों ने सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने के साथ पौधरोपण किया। वहीं वृद्धाश्रम और अस्पतालों में पहुंचकर लोगों को फल वितरित किए।

नवागत कप्तान रवीना त्यागी ने किया लोधेश्वर महादेवा मंदिर में दर्शन पूजन



बाराबंकी। जनपद का पदभार ग्रहण करने के बाद आज शुक्रवार को नवागत पुलिस अधीक्षक रवीना त्यागी ने थाना रामनगर क्षेत्रान्तर्गत प्रसिद्ध श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। तथा जनकल्याण की प्रार्थना करते हुये निष्ठा, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता से दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। तथा क्षेत्र मे सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

अवैध निर्माण और अतिक्रमण की होगी जांच, 15 सदस्यीय टीम गठित

- जिला बार एसोसिएशन की शिकायत पर प्रशासन ने लिया संज्ञान
- स्थलीय निरीक्षण के साथ राजस्व अभिलेखों की भी होगी जांच

ललितपुर। मुख्यालय से राजघाट जाने वाले मार्ग पर कथित अवैध निर्माण और अतिक्रमण के मामले में प्रशासन ने जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है।जिला बार एसोसिएशन की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी (सदर) ने मामले की जांच के लिए 15 सदस्यीय टीम का गठन किया है। टीम को मौके का स्थलीय निरीक्षण करने, संबंधित राजस्व अभिलेखों का परीक्षण करने और अपनी स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश देवलिया एवं अन्य पदाधिकारियों की ओर से दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि ललितपुर-राजघाट मार्ग उत्तर प्रदेश को मध्य प्रदेश से जोड़? वाला महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इस मार्ग पर छोटे-बड़े वाहनों के साथ भारी वाहनों का भी आवागमन बना रहता है। सड़क के दोनों ओर स्थित भूमि पर कथित तौर पर बिना अनुमति निर्माण और अतिक्रमण किए जाने की शिकायत सामने आई है। शिकायत में ललितपुर से राजघाट तक पड़? वाले सिवनीखुर्द, सिलगन, रावगढ़, गनगौरा, टोरिया, मडवारी, काला पहाड़, चैरसिल सहित अन्य गांवों का उल्लेख किया गया है। बार एसोसिएशन ने संबंधित ग्राम सभाओं की भूमि और सीमाओं पर कथित अवैध कब्जों तथा अनधिकृत निर्माण की जांच कराने की मांग की है। शिकायतकताओं ने आशंका जताई कि सड़क किनारे अनधिकृत निर्माण होने से आवागमन प्रभावित हो सकता है और भारी वाहनों की आवाजाही के बीच दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।

इसी के मद्देनजर प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। उपजिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच टीम में निम्न अधिकारियों और कर्मचारियों को शामिल किया गया है जिसमें डॉ. तनवीर हसन तहसीलदार (न्यायिक), विनोद कुमार यादव सहायक अभियंता, प्रांतीय खंड, लोक निर्माण विभाग, दिनेश कुमार विश्वकर्मा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सौरभ कुमार बरनवाल खंड विकास अधिकारी, जखौरा, ब्रजेन्द्र सिंह अवर अभियंता, निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग, अक्कललाल राजस्व निरीक्षक, राजेश खरे राजस्व निरीक्षक, लागौन, अंकित रावत लेखपाल, क्षेत्र हद बाहर, प्रमोद शुक्ला लेखपाल, क्षेत्र सिलगन, सूर्यांश पस्तौर लेखपाल, क्षेत्र गनगौरा, विपुल तिवारी लेखपाल, क्षेत्र टोरिया, हनी खान लेखपाल, क्षेत्र राजघाट, अजय प्रताप ग्राम विकास अधिकारी, सिलगन, मयंक जैन ग्राम पंचायत अधिकारी, जैसवारा, ब्रह्मकुमार रिछारिया ग्राम विकास अधिकारी, मडवारी को शामिल किया गया है। प्रशासन ने जांच टीम के सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे यथाशीघ्र मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करें और उपलब्ध राजस्व एवं अन्य संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर स्पष्ट आख्या प्रस्तुत करें। जांच के दौरान भूमि की वास्तविक स्थिति, सीमाओं और निर्माण की वैधता से जुड़े तथ्यों की पड़ताल की जाएगी। वहीं, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली को निर्देश दिए गए हैं कि निरीक्षण के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करें। अब जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट हो सकेगा कि संबंधित मार्ग पर कहां-कहां अतिक्रमण या अनधिकृत निर्माण की स्थिति है और किन मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की आवश्यकता है। फिलहाल, जांच पूरी होने और प्रशासनिक निष्कर्ष सामने आने का इंतजार है। इस दौरान महामंत्री लखन यादव, हरदयाल सिंह लोधी, शरद चैबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, जयपालसिंह यादव, रामेश्वर राठौर, प्रमोद श्रीवास्तव, कृष्णनारायण पुरोहित, नारायण सिंह यादव आदि मौजूद रहे।



छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि बढ़ी, अब 17 अक्टूबर तक मिला मौका

चित्रकूट। पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए राहत की खबर है। शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9 से 10 पूर्वदशम और 11 से 12 तक दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की तिथि बढ़ा दी गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश कुमार पांडेय ने बताया कि संशोधित शेड्यूल के अनुसार स्कूलों को मास्टर डाटाबेस में शामिल होने के लिए 9 अक्तूबर तक आवेदन करना होगा। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन 11 अक्तूबर तक होगा। छात्र-छात्राएं 17 अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर हार्डकॉपी स्कूल में जमा कर सकेंगे। संस्थानों द्वारा आवेदनों का सत्यापन और अग्रसारण 26 अक्तूबर तक किया जाएगा।

हाथरस में टैंकर की ट्रॉली से टक्कर में दो की मौत

हाथरस। जिले में मथुरा-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर तार से लदे एक टैंकर ने धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे 70 वर्षीय एक व्यक्ति और उनके 45 वर्षीय भतीजे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना बृहस्पतिवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि के आसपास हाथरस गेट थाना क्षेत्र में लेहरा गांव के पास हुई। पुलिस के मुताबिक, चाचा-भतीजा ट्रॉली में सवार होकर हाथरस की अनाज मंडी जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान अलीगढ़ जिले के इगलास थाना क्षेत्र के मनीपुर गांव निवासी संत कुमार और उनके भतीजे लोकेंद्र सिंह के रूप में हुई है। लोकेंद्र ट्रैक्टर चला रहे थे। दुर्घटना में दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

जमीन के विवाद में बुजुर्ग की हत्या का आरोप

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बारौद (शिवपुरी) में जमीन के पुराने विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की कथित तौर पर हत्या किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने गांव के ही दो नामजद व्यक्तियों समेत तीन-चार अज्ञात लोगों पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। परिजनों का दावा है कि घटना से पहले 27 सितंबर को मृतक ने थाना जाखलौन में प्रार्थना पत्र देकर जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई थी। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मामले में निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम बारौद निवासी सोनकुंवर पत्नी अशोक अहिरवार ने बताया कि उनके ससुर खोदल 4 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब पांच बजे अपने खेत पर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी चीखने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर प्रार्थिनी और उनके मंजले ससुर बालचंद्र पुत्र पल्टू मौके की ओर दौड़े। जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो गांव के ही कुछ अज्ञात व्यक्ति मौके पर मौजूद थे।

- पहले दी थी जान-माल की सुरक्षा की गुहार



आरोप है कि सभी लोग वहां से भाग रहे थे। प्रार्थना पत्र में जमीन के पुराने विवाद और रंजिश को घटना की वजह बताते हुए उक्त लोगों पर खोदल की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि मौके से भागते समय आरोपियों ने परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दी। दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी के चलते मृतक खोदल ने 27 सितंबर 2026 को थाना जाखलौन में प्रार्थना पत्र देकर अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की थी। परिजनों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

उनका कहना है कि यदि पहले ही मामले को गंभीरता से लिया जाता तो संभवतरू घटना को रोका जा सकता था। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की कार्रवाई और पूर्व शिकायत पर की गई जांच की आधिकारिक जानकारी सामने आना बाकी है।

घटना के बाद परिवार में शोक और भय का माहौल है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपों के आधार पर नियमानुसार मुकदमा दर्ज करने तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है

कृषक हितों से जुड़े विभाग आपसी समन्वय से राहत और कल्याणकारी योजनाओं का करे प्रभावी क्रियान्वयन: डीएम



बाराबंकी। कलेक्टेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कृषि, गन्ना, उद्यान, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक मे जिलाधिकारी ने अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का संबंधित विभाग आपसी समन्वय से सर्वेक्षण कराते हुए फसल क्षति का आकलन सुनिश्चित करने तथा पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई प्राथमिकता पर पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक प्रभावित पात्र किसान को फसल क्षति का मुआवजा दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा सर्वेक्षण एवं राहत संबंधी कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उद्यान विभाग की समीक्षा मे जिलाधिकारी ने आलू विकास योजना के अंतर्गत सभी पात्र किसानों को नियमानुसार लाभान्वित करने, साथ ही अतिवृष्टि से प्रभावित केला किसानों की फसल क्षति का भी आकलन कराकर उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। पशुपालन विभाग की समीक्षा कर नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, कुक्कुट विकास नीति के अंतर्गत संचालित योजनाओं की पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों से फसल आपदा राहत के अंतर्गत फसल क्षति के विवरण की पोर्टल पर फीडिंग की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा, एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल सहित सभी सम्बन्धित विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला जेल के पास पुलिस हिरासत से कैदी फरार

इटावा। औरैया से इटावा जिला जेल लाया जा रहा कैदी जेल के पास रोडवेज बस की खिड़की से कूदकर पुलिस हिरासत से फरार हो गया। घटना बृहस्पतिवार शाम करीब साढ़े सात बजे सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में जिला जेल के पास स्थित प्रधान डाकघर के सामने हुई।औरैया के विधिचंद्र इलाके का निवासी नसीम उर्फ बुलेट खान को औरैया के पुलिसकर्मी इटावा ला रहे थे तभी वह कथित तौर पर बस की खिड़की से कूदकर फरार हो गया। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आरोपी को किन आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) अवनीश कुमार ने कैदी के फरार होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उसे पकड़ने के लिए पुलिस की टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

जिला कार्यालय-यू.पी. कोआपरेटिव फेडरेशन लि., जनपद-चित्रकूट

पत्रांक:पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.स./ई-टेण्डर/2026-27/375 दिनांक:-08.10.2026

अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस

पी.सी.एफ. में धान खरीद वर्ष 2026-26 एवं गेहूँ खरीद वर्ष 2027-2028 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत धान/गेहूं के **हैण्डलिंग कार्य हेतु** चित्रकूटधाम, मण्डल बांदा के जनपद चित्रकूट के अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी https/etender. up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ. बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-**8765985024** पर की जा सकती है।

जिला प्रबन्धक
पी.सी.एफ., चित्रकूट

संक्षेप

बीसी केंद्रों पर पासबुक प्रिंटिंग बनी जरूरी सुविधा

नोएडा। मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग के बढ़ते दायरे के बावजूद बड़ी संख्या में बैंक ग्राहक आज भी खाते में होने वाली जमा, निकासी और अन्य लेनदेन की पुष्टि के लिए पासबुक पर निर्भर हैं। ऐसे ग्राहकों के लिए बिजनेस करेस्पोंडेंट केंद्रों पर पासबुक प्रिंटिंग की सुविधा बैंक शाखा जाए बिना खाते का रिकॉर्ड देखने का आसान माध्यम बन रही है। जिन्हें अप्रैल 2025 से जून 2026 के बीच करीब 130 जिलों के वीडियो-केवाईसी डेटा पर आधारित एक अध्ययन में म्यूल खाते से जुड़ी गतिविधियों के लिहाज से संवेदनशील पाया गया है। इस सूची में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, बरेली, वाराणसी, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, फिरोजाबाद और गाजियाबाद, हरियाणा के पानीपत और राजस्थान के जोधपुर को शामिल किया गया। अध्ययन में वीडियो-केवाईसी की अस्वीकृति दर लखीमपुर खीरी में 14.03 प्रतिशत, बरेली में 13.37 प्रतिशत और वाराणसी में 12.32 प्रतिशतरही। अध्ययन के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान पहचाने गए करीब 85 से 90 प्रतिशत फ्रॉड हॉटस्पॉट बाद में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई या मीडिया रिपोर्टों के जरिए भी पुष्ट हुए। असिस्टेड बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले बड़ी संख्या में ग्राहक आज भी भौतिक रिकॉर्ड को प्राथमिकता देते हैं। अपडेटेड पासबुक उन्हें तुरंत यह देखने की सुविधा देती है कि खाते में जमा या निकासी सही तरीके से दर्ज हुई है या नहीं।

एशियन पेंट्स ने बेफिक्र उत्सव का दिया संदेश

नयी दिल्ली। विवाह या त्योहार का अवसर अक्सर घर को नया रूप देने और परिवार एवं मित्रों के स्वागत के लिए उसे तैयार करने का समय होता है। लेकिन घर को तैयार करने के साथ रंगों का चयन, समय-सीमा और रंग-रोगन की पूरी प्रक्रिया संभालना अन्य तैयारियों के बीच एक चुनौती बन सकता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एशियन पेंट्स ने अपनी ब्यूटीफुल होम्स पेंटिंग सर्विसेज के माध्यम से एक नया अभियान शुरू किया है, जिसमें घर को सहज और बिना किसी परेशानी के नया रूप देने के अनुभव को दर्शाया गया है। घर में विवाह की तैयारियों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह अभियान परिवार के साथ बिताए जाने वाले पलों और किसी विशेष अवसर के लिए घर को तैयार करने के उत्साह को दर्शाता है।

यामाहा ने अपने शौकीनों के लिए खास त्योहारी ऑफर्स

नयी दिल्ली। त्योहारों की खुशियों को और बढ़ाते हुए इंडिया यामाहा मोटर ने ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स पेश किए हैं। यामाहा के हाइब्रिड स्कूटर और मोटरसाइकिलों की पूरी रेंज पर आकर्षक इंश्योरेंस बेनिफिट, आसान फाइनेंस स्कीम और खास ओनरशिप फायदों वाले इस कैंपेन का उद्देश्य यामाहा खरीदना ज्यादा आसान और फायदेमंद बनाना है। इन त्योहारी ऑफर्स के जरिए यामाहा ग्राहकों की खरीदारी में ज्यादा वैल्यू जोड़ना चाहती है, और साथ ही बिना किसी परेशानी के एक रोमांचक ओनरशिप अनुभव देकर जश्न को और खास बनाना चाहती है। इनसे ग्राहकों को स्टाइलिश, स्पोर्टी और रोमांचक यामाहा प्रोडक्ट्स घर लाकर त्योहार का जश्न मनाने और इसे और यादगार बनाने का बेहतरीन मौका मिल रहा है।

सोनोवाल ने की सऊदी अरब, बेल्जियम और भूटान के साथ द्विपक्षीय वार्ता

नई दिल्ली। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने सागरमंथनः द ग्रेट ओशन्स डायलॉग 2026 के दूसरे दिन सऊदी अरब, बेल्जियम और भूटान के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस सम्मेलन के माध्यम से भारत की समुद्री साझेदारी को खाड़ी, यूरोप और पड़ोसी देशों तक विस्तारित किया गया। उन्होंने भारत की समुद्री यात्रा के केंद्र में युवाओं और महिलाओं को रखा। सऊदी बंदरगाह प्राधिकरण (मवानी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ सबानंद सोनोवाल ने वधावन और गलाथिया खाड़ी जैसी भारतीय बंदरगाह परियोजनाओं में सऊदी अरब की भागीदारी पर चर्चा की। जहाज निर्माण, नाविक प्रशिक्षण और सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग पर भी चर्चा की सऊदी अरब ने भारत की बंदरगाह परियोजनाओं और समुद्री विकास कोष में निवेश करने में रुचि व्यक्त की। एंटवर्प पोर्ट के साथ हरित शिपिंग और हरित ईंधन में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण के लिए एक समझौता किया है।

सेंसेक्स में 879 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 879 अंक चढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में तेजी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 879.09 अंक यानी 1.23 प्रतिशत बढ़कर 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह।,075.96 अंक यानी 1.50 प्रतिशत चढ़कर 72,669.20 अंक तक पहुंच गया था।

एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 288.65 अंक यानी 1.30 प्रतिशत बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी का शेयर 4.78 प्रतिशत चढ़ा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.23 प्रतिशत की तेजी आई। टीसीएस का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने आगे भी वृद्धि की गति बने रहने का संकेत दिया है। इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख लाभ में रहे। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट कूड का भाव 1.32 प्रतिशत गिरकर 102.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हाल की तेज गिरावट के बाद निचले स्तर पर खरीदारी आने और शॉर्ट कवरिंग के लिए की गयी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में राहत की तेजी आई। दूसरी तिमाही के नतीजों की अच्छी शुरुआत और कृत्रिम मेधा (एआई) से आय बढ़ने की संभावनाओं पर भरोसा बढ़ने से आईटी शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्वाई की आशंका कम होने के संकेतों से वैश्विक चिंताएं घटीं और कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी नरमी आई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 12,943.58 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। सेंसेक्स बृहस्पतिवार को।,045.46 अंक गिरकर 71,593.24 अंक और निफ्टी 371.25 अंक टूटकर 22,231.80 अंक पर बंद हुआ था। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.59 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.56 प्रतिशत की बढ़त रही।

रुपया 16 पैसे मजबूत होकर 96.72 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे मजबूत होकर 96.72 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। एशियाई मुद्राओं में व्यापक मजबूती के रुख के साथ अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में मामूली नरमी से रुपये को मजबूती मिली।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान से बाजार में दबाव कम हुआ कि अमेरिका नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान के खिलाफ सैन्य कार्वाई नहीं करेगा। इसके बाद अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ और कच्चे तेल की कीमतों में भी नरमी आई। इसके अलावा, केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.74 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 96.51 के उच्चस्तर और 96.77 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गया। अंत में रुपया 96.72 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 16 पैसे अधिक है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 13 पैसे टूटकर 96.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। भारतीय रुपये में तीन दिन की गिरावट के बाद तेजी आई और यह एशिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के अनुरूप मजबूत हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक बाजारों में निवेशकों की जोखिम लेने की बढ़ती इच्छा से अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस बयान के बाद बाजार में सकारात्मक धारणा बनी कि अमेरिका नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले ईरान के खिलाफ सैन्य कार्वाई नहीं करेगा। केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी रुपये को महत्वपूर्ण समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में डॉलर के मुकाबले रुपये का रुख सकारात्मक रहने की उम्मीद है। डॉलर के मुकाबले रुपये के 97 से 95.30 के बीच रहने की संभावना है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत टूटकर 102.09 पर आ गया।

विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 734.61 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 10.66 अरब डॉलर घटकर 604.75 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.29 अरब डॉलर घटकर 106.41 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 15 लाख डॉलर बढ़कर 18.66 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.79 अरब डॉलर रहा।

जीएसटी चोरी पर सजा के प्रावधान में बदलाव अब कैद और जुर्माना या दोनों का प्रावधान



नयी दिल्ली। माल एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी) ने जीएसटी संबंधी अपराधों के लिए अधिकतम पांच साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान किया है। इसके तहत सजा के प्रावधान को कैद और जुर्माने से बदलकर कैद या जुर्माना या दोनों कर दिया गया है।

इसमें 10 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी के मामलों में अधिकतम सजा को तर्कसंगत बनाते हुए पांच साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान किया गया है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में पांच करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 10 करोड़ रुपये से कम की कर चोरी के मामलों में दो साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा को मंजूरी दी गई। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) में कहा कि किसी व्यक्ति को दोषी ठहराए जाने की स्थिति में भी कैद की सजा देना अनिवार्य नहीं होगा। सीबीआईसी ने कहा कि सजा के प्रावधान को कैद और जुर्माने से बदलकर कैद या जुर्माना या दोनों करने का प्रस्ताव है, ताकि सजा तय करने में अदालत को विवेकाधिकार मिल सके। धारा 132 (3) के तहत कम-से-कम छह महीने की कैद देने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है, ताकि अदालत को सजा तय करने में विवेकाधिकार मिल सके। परिषद की सिफारिशों को एक अप्रैल, 2027 से लागू किया जाएगा। अपराधों को गैर-आपराधिक बनाने की दिशा में एक बड़े कदम के तहत जीएसटी परिषद ने जीएसटी कानून के अंतर्गत गिरफ्तारी के प्रावधान हटाने का फैसला किया है। इसके तहत जीएसटी अधिकारी कानून के किसी अपराध के लिए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे। हालांकि, यदि मामले में शामिल राशि पांच करोड़ रुपये से अधिक है, तो कर अधिकारी की शिकायत पर सक्षम अदालत में अभियोजन की कार्रवाई शुरू की जा सकेगी।

आरबीआई की नीलामी को मिली बैंकों से ठंडी प्रतिक्रिया

मुंबई। बैंकों ने करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी होने के बावजूद शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक की लंबी अवधि की परिवर्तनीय दर रिवर्स रेपो (वीआरआरआर) नीलामी में कम दिलचस्पी दिखाई।

आरबीआई को 10 दिन की नीलामी में 1.50 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले केवल 18,170 करोड़ रुपये की ही बोलियां मिलीं। इसके उलट, तीन दिन की वीआरआरआर नीलामी में बैंकों ने 1.50 लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि के मुकाबले।,39,847 करोड़ रुपये की बोलियां लगाईं। इससे संकेत मिलता है कि बैंक अपनी अतिरिक्त नकदी को लंबी अवधि के बजाय कम अवधि के लिए केंद्रीय बैंक के पास रखना पसंद कर रहे हैं। आरबीआई ने 10 दिन की नीलामी में मिली पूरी बोली राशि को 5.49 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दर पर स्वीकार किया। आठ अक्टूबर को आरबीआई की 29 दिन की वीआरआरआर नीलामी को भी ठंडी प्रतिक्रिया मिली थी, जबकि एक दिन की नीलामी में बैंकों की भागीदारी अधिक रही थी। आरबीआई पिछले दो महीने से बैंकों से अतिरिक्त नकदी हटाने और अल्पकालिक मुद्रा बाजार की दरों को रेपो दर के अनुरूप रखने के लिए विभिन्न अवधि की वीआरआरआर नीलामियां कर रहा है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, आठ अक्टूबर तक बैंकिंग प्रणाली में करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी थी। बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ने की एक प्रमुख वजह बैंकों की ओर से विदेशी मुद्रा अनिवासी-बैंक (एफसीएनआर-बी) जमा का बड़े पैमाने पर जुटाया जाना रहा। इससे बैंकिंग प्रणाली में विदेशी मुद्रा आई, जबकि बाद में आरबीआई के साथ किए गए मुद्रा विनिमय सौदों से बैंकों को रुपये की नकदी मिली। इसके अलावा, महीने के अंत में वेतन और पेंशन भुगतान सहित सरकारी खर्च से भी बैंकिंग प्रणाली में नकदी बढ़ी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने छह अक्टूबर को मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि बैंकिंग प्रणाली की अतिरिक्त नकदी को चालू वित्त वर्ष के दौरान मुद्रा की मांग, केंद्रीय बैंक के नकदी प्रबंधन उपायों और बैंकों की आरक्षित निधि संबंधी जरूरतों सहित विभिन्न माध्यमों से कम किया जाएगा।

आईएमसी 2026 का 10वां संस्करण शुरू

नई दिल्ली। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के 10वें संस्करण की ऐतिहासिक शुरुआत के बाद दुनियाभर से उद्योग के दिग्गज, नीति निमार्ता, दूरसंचार ऑपरेटर और अकादमिक क्षेत्र के लोग बिना सीमाओं के विस्तार थीम को आगे बढ़ाने के लिए एक साथ आए। इस दिन, 6जी टेस्टबेड्स, डायरेक्ट-टु-डिवाइस सैटेलाइट कनेक्टिविटी और एआई-नेटिव डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से आय जैसे विषयों पर गहरी रणनीतिक चर्चा की गई जिससे यह दिन फोरम के सबसे अहम कार्यक्रमों में से एक बन गया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 के 10वें संस्करण का माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया गया।

एग्रो टेक 2026 में भारत का कृषि पारिस्थितिकी तंत्र और वैश्विक हितधारक लखनऊ में होंगे एक मंच पर



लखनऊ। इंडियन चैंबर ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर ने आज अपने प्रमुख आयोजन एग्रो टेक 2026 के 25वें संस्करण एवं सिल्वर जुबली समारोह की घोषणा की। यह आयोजन 3झ5 दिसंबर 2026 को आईसीएआरझइंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ शुगरकेन रिसर्च, लखनऊ में आयोजित किया जाएगा।

]इसका उद्देश्य किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, सरकारी प्रतिनिधियों, उद्योग जगत, वित्तीय संस्थानों, शोध संगठनों और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों को कृषि में नवाचार, ज्ञान के आदान-प्रदान और व्यावसायिक सहयोग के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है।

इस अवसर पर संजय सेठी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा कि कृषि का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम किसानों को तकनीक, वित्त, ज्ञान और बाजार से कितनी प्रभावी ढंग से जोड़ पाते हैं। एग्रो टेक 2026 किसानों, व्यवसायों और संस्थानों को सहयोग के अवसर प्रदान करेगा, ताकि व्यावहारिक समाधानों को अपनाया जा सके और कृषि क्षेत्र को अधिक उत्पादक, टिकाऊ एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके। इस अवसर पर अंकित कुमार, उप महाप्रबंधक आईसीएफए तथा तने त्रिपाठी मैनेजर उपस्थिति थे।

पेज एक का शेष

उप्र : राज्यसभा

महिला प्रतिनिधित्व के साथ कुर्मी समुदाय को भी जगह दी है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी अपना दल (एस) की प्रमुख एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी कुर्मी समाज से आती हैं। दलित नेताओं में भाजपा ने अपने पुराने कार्यकर्ता विद्यासागर सोनकर को राज्यसभा भेजा है। सोनकर ने पार्षद के रूप में अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था। वह विधान परिषद के सदस्य और परिसीमन से पहले सैदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भी रह चुके हैं।

भाजपा ने क्षत्रिय समुदाय के राम प्रताप सिंह चौहान, ब्राह्मण समुदाय के राधाकांत ओझा और गोपीकृष्ण पांडेय कानपुर को राज्यसभा भेजा है। भाजपा के अरुण सिंह, गीता शाक्य, नीरज शेखर, बृजलाल, बीएल वर्मा, सीमा द्विवेदी और हरदीप सिंह पुरी का राज्यसभा कार्यकाल 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है। अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद डॉ. दिनेश शर्मा ने पिछले महीने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। सपा के राम गोपाल यादव और बसपा के रामजी गौतम का कार्यकाल भी 25 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

सीएम योगी

प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही, उच्च सदन की गरिमा को अभिवर्धित करेंगे। मुख्यमंत्री ने सभी को उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामनाएं भी प्रेषित कीं।

पीएम मोदी

के लिए उत्तर प्रदेश स्टार्टअप क्रय योजना-2026 को भी स्वीकृति प्रदान की गई। सरकार का उद्देश्य सरकारी खरीद में प्रदेश के स्टार्टअप्स को अवसर उपलब्ध कराते हुए नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है। कृषि क्षेत्र में कैबिनेट ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए धान क्रय नीति निर्धारित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी। इससे आगामी धान खरीद व्यवस्था को निर्धारित नीति के अनुरूप संचालित किया जाएगा।

पूर्व अग्निवीरों

संबंधी नियमावली में संशोधन को मंजूरी दी गई। इसके तहत पुलिस, वन, कारागार और परिवहन विभाग की भर्तियों में पूर्व अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। सरकार ने अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने के साथ ही लिखित और शारीरिक परीक्षा से भी छूट देने का निर्णय लिया है। पूर्व अग्निवीरों को केवल मेडिकल परीक्षण से गुजरना होगा। इस व्यवस्था से सैन्य सेवा पूरी करने के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले युवाओं को बड़ी राहत मिलेगी। कैबिनेट बैठक के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में अग्निवीर योजना के तहत भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने पूर्व अग्निवीरों की नियुक्ति से संबंधित नियमावली में संशोधन किया है। पूर्व अग्निवीरों के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष से बढ़ाकर 28 वर्ष कर दी गई है। तीन वर्ष की इस छूट से सैन्य सेवा के बाद सरकारी नौकरी के इच्छुक युवाओं को आवेदन के लिए अतिरिक्त समय मिलेगा। पूर्व अग्निवीरों को इन विभागों में भर्ती के लिए लिखित और शारीरिक परीक्षा नहीं देनी होगी। उन्हें केवल मेडिकल परीक्षण से गुजरना होगा। सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के लिए भर्ती प्रक्रिया में यह महत्वपूर्ण रियायत होगी।

जेवर एयरपोर्ट

समर्पित सार्वजनिक सेवा पूरी की। यह भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास का गौरवपूर्ण अध्याय है। 25 वर्षों की यह यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना से संचालित रही है। यह यात्रा केवल सत्ता या शासन की यात्रा नहीं, बल्कि ह्यजनसेवा से जनकल्याण और जनभागीदारी से जनविश्वास की यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर प्रधानमंत्री जी की ओर से उत्तर प्रदेश को मिली एक बड़ी सौगात है। यह एयरपोर्ट आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था, उद्योग, पर्यटन और वैश्विक कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देगा। इसी भावना के साथ कैबिनेट ने एयरपोर्ट का नाम ह्यनरेन्द्र मोदी इंटरनेशनल एयरपोर्टह्ल किए जाने का प्रस्ताव पारित किया है। कैबिनेट प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, उनके सतत मार्गदर्शन, उत्तर प्रदेश के विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता और देश को नई दिशा देने वाले नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करती है। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व के प्रति अभिनंदन भी व्यक्त किया। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा, निष्ठा और प्रतिबद्धता से काम करती रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी काशी से निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं और उत्तर प्रदेश की धरती से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। 2014 में प्रधानमंत्री जी ने काशी आगमन पर कहा था- मुझे मां गंगा ने बुलाया है। इसके बाद काशी और प्रधानमंत्री जी का संबंध केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं रहा।

उज्ज्वला

पर्यावरण के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर धुएं से पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव को कम करने में भी मदद मिली है। विगत वर्ष की तरह चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से जुड़े लाभार्थियों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर रिफिल दिए जाएंगे। पहले चरण में अक्टूबर से दिसंबर 2026 तक और दूसरे चरण में जनवरी से मार्च 2027 तक निःशुल्क रिफिल उपलब्ध कराया जाएगा। इस पर राज्य सरकार के ऊपर कुल 2,142.78 करोड़ रुपये का अनुमानित व्यय भार आएगा। योजना का लाभ प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के ऐसे एसीटीसी लाभार्थियों को मिलेगा, जिनके बैंक खाते आधार से लिंक होंगे और आधार प्रमाणित होगा। ऐसे लाभार्थी ही निःशुल्क एलपीजी रिफिल के लिए पात्र होंगे। सरकार के इस निर्णय से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से आच्छादित लाभार्थियों का जीवन-यापन सुविधाजनक होगा।

होम्योपैथी, आयुर्वेद

इंटर्नशिप करने वाले स्टूडेंट्स के इंटर्नशिप भत्ते को 7,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह किया जाएगा। यानी इंटर्नशिप भत्ते में दोगुनी वृद्धि होगी। इस निर्णय का लाभ आयुर्वेद के 588, यूनानी के 150 और होम्योपैथी के 976 इंटर्न छात्र-छात्राओं को मिलेगा। प्रदेश के राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों से बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएचएमएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले स्टूडेंट्स के लिए रोटेटिंग इंटर्नशिप करना अनिवार्य होता है। इंटर्नशिप के दौरान स्टूडेंट्स राजकीय आयुर्वेदिक, यूनानी और होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों, संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में मरीजों के उपचार में चिकित्सकीय सहयोग करते हैं। इसके साथ ही इंटर्न विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन वार्ड, ओपीडी और रात्रि ड्यूटी में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। फिलहाल प्रदेश के होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सालयों में बीएचएमएस, आयुर्वेदिक एवं यूनानी मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सालयों में बीएएमएस और बीयूएमएस की इंटर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं को 7,500 रुपये प्रतिमाह इंटर्नशिप स्टाइपेंड मिलता था, जिसे बढ़ाकर अब 15,000 रुपये करने का निर्णय किया गया है।

राज्यकर्मियों को

रुपये तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर उपलब्ध होगा। इससे आकस्मिक परिस्थितियों में कर्मचारी और उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को 30 लाख रुपये तक का अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा कवर भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए मात्र सात रुपये प्रतिदिन के नाममात्र प्रीमियम की व्यवस्था की गई है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को गंभीर बीमारी अथवा आकस्मिक स्वास्थ्य खर्चों के समय अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा मिल सकेगी। व्यवस्था के तहत आश्रित बच्चों की शिक्षा के लिए आठ लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता का प्रावधान भी किया गया है। इसके साथ ही कर्मचारियों को 10 लाख रुपये का सावधि जीवन बीमा कवर भी मिलेगा। एमओयू के तहत कर्मचारियों के लिए विशेष वेतन खाता उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं के साथ सुरक्षा और कल्याण से जुड़े अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे।

प्रौद्योगिकियों के

भी तरह से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थानों (आईआईएम) से कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को सरकार के साथ अपने अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। विश्व कौशल प्रतियोगिता व्यावसायिक और तकनीकी कौशल के विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं की दक्षता प्रदर्शित करने वाली प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। बयान के अनुसार, बातचीत के दौरान प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने नए उपकरणों, सॉफ्टवेयर, तकनीकी प्रणालियों और कार्य प्रक्रियाओं के अनुरूप ढलने के महत्व पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने कौशल विकास के लिए सरकार के प्रयासों से युवाओं को मिल रही मदद के बारे में भी बताया। मोदी ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनसे कौशल विकास का दूत बनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक कौशल भी शैक्षणिक डिग्री के समान ही महत्वपूर्ण हैं। चीन के शंघाई में 22 से 27 सितंबर तक आयोजित 48वीं विश्व कौशल प्रतियोगिता में भारत 10वें स्थान पर रहा। भारत ने छह रजत पदक और उत्कृष्टता के लिए 20 पदक हासिल किए। इसमें भारत का अब तक का सबसे बड़ा 70-सदस्यीय दल 63 कौशल श्रेणियों में शामिल हुआ।

नयी दिल्ली

एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12275 हमसफर एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेन शामिल हैं। उपाध्याय ने यह भी कहा कि दो ट्रेन अपने गंतव्य स्टेशन तक पहुंचने से पहले ही अपनी यात्रा समाप्त कर लेंगी। इससे पहले, रेलवे बोर्ड ने सभी रेलवे जोन को एक लिखित संदेश भेजा, जिसमें कहा गया कि 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से अपराह्न दो बजे के बीच नयी दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर पहुंचने वाली सभी मेल और एक्सप्रेस ट्रेन रद्द कर दी जाएँगी।

57 मेट्रो

साथ-साथ 57 मेट्रो स्टेशन बंद करना, सीमावर्ती स्थलों, बस टर्मिनल, होटलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर जांच करना शामिल है। पुलिस के अनुसार, व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर पर अनधिकृत धरना देने से रोकना और शहर भर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

लखनऊ में

गए हैं। कर्मचारियों ने खाद्य सामग्री उतारकर ट्रैक्टरों पर लोड की, जिससे इसे प्रभावित बस्तियों तक पहुंचाया जा सके। जलभराव के क



सेना के खिलाड़ियों ने 20 पदक जीतकर एशियाई खेलों में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

भारत के 501 सदस्यीय दल में सेना के 62 खिलाड़ी रहे शामिल

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय सेना के खिलाड़ियों ने हाल ही में संपन्न हुए आइची-नागोया एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते। भारत के 501 सदस्यीय दल में सेना के 62 खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने 15 स्पर्धाओं में भाग लिया तथा छह स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक जीते। भारत ने कुल 85 पदक जीते जिनमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, भारत के कुल पदकों में से 23.52 प्रतिशत पदक सेना के खिलाड़ियों ने जीते। उन्होंने देश के 85 पदकों में से 20 पदक जीते। उनके छह स्वर्ण पदक भारत के 21 स्वर्ण पदकों का 29 प्रतिशत है।

सेना के जिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया उनमें नायब सूबेदार नीरू ढांडा प्रमुख हैं, जिन्होंने ट्रैप निशानेबाजी में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। लंबी दूरी के धावक नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने भी दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। गुलवीर ने किसी एक एशियाई खेल में तीन व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बनकर नया इतिहास रचा। निशानेबाजी में सेना के चार निशानेबाजों ने हिस्सा लिया, जिन्होंने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीता। भारतीय सेना के खिलाड़ियों ने मुक्केबाजी में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक सहित तीन पदक जीते। सेना के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और एशियाई खेलों के रिकॉर्ड भी बनाए। हवलदार सावन बरवाल ने पुरुषों की मैराथन में दो घंटे, 11 मिनट, 37 सेकेंड के समय के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। सूबेदार धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुषों की रिकर्व तीरंदाजी में 698 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। हवलदार कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में 484.6 के स्कोर के साथ जबकि नीरू ने महिलाओं की ट्रैप निशानेबाजी में 118 अंक के साथ एशियाई खेलों के नए रिकॉर्ड बनाए। रोइंग में नायब सूबेदार सलमान खान ने पुरुषों की डबल स्कल्स स्पर्धा में भारत के लिए एशियाई खेलों का पहला पदक जीता। महिला खिलाड़ियों ने सेना के कुल पदकों में 15 प्रतिशत और स्वर्ण पदकों में 33 प्रतिशत का योगदान दिया। विज्ञप्ति में कहा गया है, एशियाई खेल 2026 में सेना का प्रतिनिधित्व भी काफी बढ़ गया है। भारतीय दल में सेना के खिलाड़ियों की संख्या 12.6 प्रतिशत थी, जबकि 2023 के एशियाई खेलों में यह नौ प्रतिशत थी। इसके अनुसार, सेना के 62 खिलाड़ियों में नौ महिला खिलाड़ी थी जिन्होंने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

निशानेबाजों ने खेल मंत्री से मुलाकात कर पीसीआई पर लगाये गंभीर आरोप



नयी दिल्ली। आगामी आइची-नागोया पैरा एशियाई खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे पैरा निशानेबाजों ने शुक्रवार को यहां खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की और खेल प्रशासन में कथित खामियों को लेकर अपनी चिंताएं उनके सामने रखीं।

तीन निशानेबाजों के एक प्रतिनिधिमंडल ने खेल मंत्री से मुलाकात की और अपना आरोप दोहराया कि भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले खेलों के लिए चार ऐसे निशानेबाजों को शामिल करने के उद्देश्य से चयन के नियमों में ढील दी जो निर्धारित मानदंडों पर खरे नहीं उतरते थे। एशिया में तीसरी रैंकिंग पर काबिज पैरा पिस्टल निशानेबाज संदीप कुमार ने पहले चयन प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि महाद्वीपीय रैंकिंग में 14वें स्थान पर मौजूद रुद्रांश खंडेलवाल को उनसे और मौजूदा एशियाई नंबर एक आकाश पर तरजीह देते हुए चुन लिया गया। खेल मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया, मंत्री ने उनकी बातें सुनीं और उनकी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है। इस स्थिति को बेहतर तरीके से कैसे सुलझाया जाए, इस पर चर्चा अभी जारी है।

पैरा निशानेबाजों ने पैरा एशियाई खेलों के लिए चयन प्रक्रिया में कथित वित्तीय भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और हेरफेर की तत्काल स्वतंत्र जांच की मांग की थी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के महानिदेशक को बुधवार को सौंपे गए एक ज्ञापन में पैरा निशानेबाजों ने पीसीआई के अधिकारियों और उसकी निशानेबाजी तकनीकी समिति (एसटीसी) पर गैर-कानूनी तरीके से पैसे वसूलने, खुलेआम भ्रष्टाचार और खेल मंत्रालय के दिशानिर्देशों के उल्लघंन करने का आरोप लगाया। बैठक में मौजूद एक निशानेबाज ने कहा, पीसीआई को लगता है कि चूंकि यह मामला मीडिया में उजागर हो चुका है इसलिए अब खिलाड़ियों के नाम भेजना उनके लिए अपमानजनक होगा। उनका कहना है कि हमने कोटे छोड़ दिए हैं और अब कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हमने खेल मंत्री को बताया कि पीसीआई खिलाड़ियों को नहीं भेजकर देश की पदक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा रही है। इस नुकसान की भरपाई कौन करेगा? खेल मंत्री के साथ यह बैठक उस घटना के एक दिन बाद हुई जिसमें पैरा निशानेबाजों ने पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के विदाई समारोह के दौरान विरोध प्रदर्शन किया था।

एशियाई खेलों की निराशा से उबरकर त्रिकूद में भी हाथ आजमायेगी शैली सिंह

नयी दिल्ली। लंबी कूद की एथलीट शैली सिंह एशियाई खेलों में विवादास्पद चौथे स्थान पर रहने की निराशा से उबरकर आगामी प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं और वह भविष्य में भी त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना भाग्य आजमाना चाहती हैं। जापान में एशियाई खेलों में इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने महिलाओं की लंबी कूद में 6.42 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ चौथा स्थान हासिल किया। भारत ने हालांकि उनके चौथे प्रयास के नाप के तरीके पर आपत्ति जताई थी। इसे आधिकारिक तौर पर 6.41 मीटर दर्ज किया गया था लेकिन भारत ने आरोप लगाया था कि अधिकारियों ने कूद की लंबाई कम नापी थी। भारत ने प्रतियोगिता के दौरान विरोध दर्ज किया था जिसको खारिज कर दिया गया। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने खेल पंचाट के सामने यह मामला उठाया। शैली में कहा कि जो कुछ हुआ वो मेरे लिए बिल्कुल नया था।

संक्षेप

न्यूजीलैंड के पूर्व ओपनर जीत रावल ने संन्यास लिया

ऑकलैंड। भारत में जन्में न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज जीत रावल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अहमदाबाद के विद्यानगर स्कूल में पार्थिव पटेल के सलामी जोड़ीदार रहे रावल किशोरावस्था में न्यूजीलैंड चले गए थे। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 24 टेस्ट मैच खेलने वाले 38 वर्षीय रावल ने नार्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स क्रिकेट एसोसिएशन से कहा, मैंने पूरे सम्मान के साथ यह फैसला किया है। मुझे शांति और बहुत संतुष्टि महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरे बचपन का सपना निश्चित रूप से न्यूजीलैंड की तरफ से खेलना था। यह केवल मेरा सपना ही नहीं था बल्कि मेरे पिता का भी सपना था। हमें मौका दिखा और वह परिवार के साथ न्यूजीलैंड आ गए ताकि मैं अपना सपना पूरा कर सकूं। रावल ने न्यूजीलैंड की तरफ से 24 टेस्ट मैच में 30.07 की औसत से 1143 रन बनाए जिसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 50 अर्धशतकों की मदद से 10432 रन बनाए।

सितारों से सजी डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप की मेजबानी को दिल्ली गोल्फ क्लब तैयार

नयी दिल्ली। दिल्ली गोल्फ क्लब सितारों से सजी डीवी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिये तैयार है और 15 से 18 अक्टूबर तक होने वाले 40 लाख डॉलर ईनामी राशि के इस टूर्नामेंट में गत चैम्पियन टॉमी फ्लीटवुड समेत कई नामचीन खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय गोल्फ का गढ माने जाने वाले दिल्ली गोल्फ क्लब में लगातार दूसरे साल यह चैम्पियनशिप हो रही है। इसमें दो बार के मास्टर्स चैम्पियन रोरी मैकलरॉय, पूर्व यूएस ओपन विजेता जस्टिन रोस, पूर्व मास्टर्स चैम्पियन पैट्रिक रीड, 2026 ओपन चैम्पियन रायन फॉक्स और 2026 पीजीए चैम्पियनशिप विजेता आरोन राय भाग लेंगे। टूर्नामेंट के लगातार दूसरे साल भारत में होने से देश में गोल्फ की लोकप्रियता बढने की उम्मीद है। भारत को हाल ही में आइची नागोया एशियाई खेलों में प्रणवी उर्स ने महिला गोल्फ में पहला स्वर्ण दिलाया है।

चेन्नई ओपन में खिताब बचाने उतरेंगी जेनीस तेन, शीर्ष वरीय होंगी

चेन्नई। इंडोनेशिया की जेनीस तेन दो से आठ नवंबर तक खेली जाने वाली चेन्नई ओपन इंटरनेशनल महिला टेनिस चैंपियनशिप के तीसरे चरण में खिताब का बचाव करने उतरेंगी और इस डब्ल्यूटीए 250 टूर्नामेंट में उन्हें शीर्ष वरीयता दी गई है।

न्यूजीलैंड के चैपमैन और फाउल्क्स भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

एजेंसी

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और जैक फाउल्क्स चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ 22 अक्टूबर से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

बाएं हाथ के बल्लेबाज चैपमैन पिछले महीने यूरोपीय टी20 लीग के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और वह अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाए हैं। तेज गेंदबाज फाउल्क्स के दाहिने कूल्हे में हाल ही में कैंटरबरी में अभ्यास सत्र के दौरान चोट लग गई थी। चैपमैन ने अब तक 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। यह 32 वर्षीय बल्लेबाज भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी कर सकता है लेकिन फाउल्क्स की वापसी की कोई निश्चित समयसीमा नहीं है। ऑलराउंडर जोश क्लार्कसन और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को इन दोनों खिलाड़ियों के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने स्वीकार किया कि टी20 सीरीज से पहले दो प्रमुख खिलाड़ियों का चोटिल होना टीम के लिए बड़ा झटका है। वॉल्टर ने कहा कि मार्क और जैक के लिए मुझे बहुत दुख है और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमें खुशी है कि हम जोश और ब्लेयर की विशेषज्ञता का फायदा उठा सकते हैं। यह दोनों खिलाड़ी इस सीरीज में खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं। टी20 सीरीज का आखिरी मैच एक नवंबर को हैमिल्टन में खेला जाएगा। भारत के खिलाफ सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टी20 टीमः मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, माइकल ब्रैसवेल, जोश क्लार्कसन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, बेवन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डैरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर।

ज्वेरेव और शेल्टन शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में

एजेंसी



शंघाई। अमेरिकी ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज़ूवेरेव और अपना 24वां जन्मदिन मना रहे बेन शेल्टन ने शुक्रवार को यहां सीधे सेटों में जीत दर्ज करके शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।

अमेरिकी ओपन के फाइनल में शेल्टन को हराने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वू यिबिंग को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। दूसरी तरफ शेल्टन ने इस एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट में डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 7-6 (6) से जीत हासिल करके शानदार तरीके से अपना जन्मदिन मनाया। इस बीच नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को वॉकओवर मिला जिससे वह तीसरे दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंदी एलेक्स मोलकान ने किसी अज्ञात बीमारी के कारण मैच से नाम वापस ले लिया था। एक अन्य मैच में क्वालीफायर रेई सकामोटो ने 23वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

प्रो कुश्ती लीग का छठा सत्र नौ जनवरी से दिल्ली में

नयी दिल्ली। प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) का छठा सत्र अगले साल नौ से 26 जनवरी तक केडी सिंह जाधव कुश्ती ऐरेना में खेला जायेगा जिसमें 86 पहलवान भाग लेंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्वावधान में होने वाली लीग में छह फ्रेंचाइजी भाग लेंगी जिनमें पुरूष वर्ग के पांच और महिला वर्ग की चार ओलंपिक भारवर्ग स्पर्धायें होंगी। प्रतिभागी टीमों में टाइगर्स आफ मुंबई दंगल्स, हरियाणा थंडर्स, दिल्ली दंगल वारियर्स, महाराष्ट्र केसरी, पंजाब रॉयल्स और यूपी डोमिनेटर्स शामिल हैं। इसकी घोषणा शुक्रवार को यहां की गई जिसमें एशियाई खेल 2026 में पदक जीतने वाले भारतीय पहलवानों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में पुरूषों के 65 किलो वर्ग में स्वर्ण जीतने वाले सुजीत कलकल, 57 किलोवर्ग में स्वर्ण जीतने वाले अमन सेहरावत, पदक विजेता अंतिम पंघाल, नीतेश सिवाच, दीपक पूनिया और सुनील कुमार शामिल थे। हमारा लक्ष्य हर सत्र में लीग को अलग फ्रेंचाइजी शहर में ले जाना और विश्व स्तरीय कुश्ती को देश के दर्शकों के करीब लाना है।

रणजी ट्रॉफी के पहले मैच के लिए सौराष्ट्र की टीम में शामिल हुए जडेजा, उनादकट कप्तान बरकरार



राजकोट। भारत के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा सौराष्ट्र के 2026-27 रणजी ट्रॉफी सत्र के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ के खिलाफ खेलेंगे जबकि दो बार की चैंपियन टीम के लिए जयदेव उनादकट कप्तानी बरकरार रखेंगे।

बाएं हाथ के अनुभवी स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जडेजा को वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत की 2-1 से वनडे सीरीज जीत के बाद सौराष्ट्र की 16 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैच खेलते हुए दो विकेट लिए। हालांकि, उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। अगले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत के दो टेस्ट मैच (वेलिंगटन में 19 से 23 नवंबर, क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से एक दिसंबर) के दौरे से पहले जडेजा लाल गेंद से अभ्यास हासिल करना चाहेंगे।

रणजी ट्रॉफी का 92वां चरण 11 अक्टूबर से शुरू होगा। सौराष्ट्र पिछले सत्र में शुरुआती चरण में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इस बार टीम को एलीट ग्रुप-बी में आंध्र, असम, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, कर्नाटक, पंजाब और त्रिपुरा के साथ रखा गया है। जयदेव उनादकट टीम की कमान संभालेंगे, उन्होंने हाल में इंग्लैंड की काउंटी टीम ससेक्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने सात मैचों में 22.21 की औसत से 28 विकेट लिए। इस दौरान उन्होंने हैम्पशर के खिलाफ 32 रन देकर पांच विकेट हासिल किए और दो बार एक पारी में चार विकेट लेने का कारनामा भी किया। उनादकट और चेतन सकारिया सौराष्ट्र के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे।

सौराष्ट्र ने उनादकट की कप्तानी में 2019-20 और 2022-23 में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। टीम ने पिछले सत्र की अपनी टीम के 14 खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। हालांकि सौराष्ट्र को बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा की कमी खलेगी जो इस सत्र में छत्तीसगढ़ की ओर से खेलेंगे। सौराष्ट्र अपने अभियान की शुरुआत राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के खिलाफ करेगी।

सौराष्ट्र की टीमः

जयदेव उनादकट (कप्तान), रविंद्र जडेजा, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), अर्पित वासवड़ा, चिराग जानी, प्रेरक मांकड़, जय गोहिल, चेतन सकारिया, अंकुर पनवार, सम्मर गज्जर, पार्थ भुट, विश्वराजसिंह जडेजा, हेतविक कोटक, नील पंड्या, अर्थ यादव, तरंग गोहेल।

आईएसएसएफ विश्व कप में भारत की अगुवाई करेंगे स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह



देहरादून। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह यहां शनिवार से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल-पिस्टल विश्व कप में 24 सदस्यीय भारतीय निशानेबाजी दल की अगुवाई करेंगे। भारतीय टीम देहरादून में एक से सात अक्टूबर तक राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेने के बाद पहुंची। भारत आठ व्यक्तिगत ओलंपिक स्पर्धाओं और दो मिश्रित टीम स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में अनुभवी ओलंपियन के साथ उभरते हुए युवा निशानेबाज भी शामिल हैं।

पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में स्वप्निल कुसाले के साथ अखिल श्योराण और एड्रियन करमाकर भारतीय चुनौती पेश करेंगे। ओलंपियन अर्जुन बबूता पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम की अगुवाई करेंगे जिन्होंने नयी दिल्ली में आयोजित 2026 एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। उनके साथ बधिर ओलंपिक चैंपियन धनुष श्रीकांत और पार्थ मखीजा भी शामिल होंगे। महिलाओं की राइफल स्पर्धाओं में दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस टीम का नेतृत्व करेंगी जिसमें आयुषी पोद्दार और मानिनी कौशिक भी शामिल हैं। ब्यूनस आयर्स विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली उभरती निशानेबाज आर्या राजेश बोर्से महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ख्याति चौधरी और इस्मिता भोवाल के साथ हिस्सा लेंगी। पुरुषों की पिस्टल स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता सरबजोत सिंह 10 मीटर एयर पिस्टल टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ अजेंद्र सिंह चौहान और उदयवीर सिद्धू भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। विजयवीर सिद्धू 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में सूरज शर्मा और अंकुर गोयल के साथ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। महिलाओं की पिस्टल टीम में एशियाई खेलों की चैंपियन पलक शामिल हैं, जो 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मुस्कान और सुरभि राव के साथ निशाना साधेंगी। ओलंपियन रिदम सांगवान, पूर्व विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता चिंकी यादव और दिव्या टीएस महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता के पहले दिन 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम और 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धाओं के फाइनल खेले जाएंगे। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में अजेंद्र सिंह चौहान के साथ पलक और उदयवीर सिद्धू के साथ मुस्कान की जोड़ी प्रतिस्पर्धा करेगी। 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में पार्थ मखीजा और आर्या राजेश बोर्से की जोड़ी के साथ धनुष श्रीकांत और ख्याति चौधरी की जोड़ी भी चुनौती पेश करेगी। वहीं 10, 25 और 50 मीटर की स्पर्धाओं में व्यक्तिगत क्वालिफिकेशन दौर और फाइनल मुकाबले 15 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेंगे।

धीरज को एशियाई खेलों में पदक न जीतने का मलाल नहीं

रांची। विश्व में चौथे नंबर के खिलाड़ी धीरज बोम्मादेवरा लगातार दूसरे एशियाई खेलों से बिना किसी व्यक्तिगत पदक के लौटे हैं, लेकिन इस शीर्ष भारतीय रिकर्व तीरंदाज को इसका कोई अफसोस नहीं है और इसके बजाय वह अपने रिकॉर्ड क्वालीफाइंग स्कोर से प्रेरणा लेकर 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। धीरज एशियाई खेलों से ठीक एक सप्ताह पहले मैक्सिको में तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने थे। लेकिन एशियाई खेलों में व्यक्तिगत पदक एक बार फिर उनके हाथ नहीं लगा, हालांकि उन्होंने मिश्रित और पुरुष टीम स्पर्धाओं दोनों में रजत पदक हासिल किए। धीरज ने हैदराबाद से कहा कि मुझे अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन पर कभी पछतावा नहीं हुआ। क्वालीफाइंग राउंड में मैंने एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाया। हमने टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में रजत पदक भी जीते। धीरज आर्चरी प्रीमियर लीग में माइटी मराठाज का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनसे पहले, डोला बनर्जी एकमात्र भारतीय तीरंदाज थीं जिन्होंने 2007 में महिलाओं की रिकर्व श्रेणी में विश्व कप फाइनल में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता था। एशियाई खेलों में क्वालीफाइंग राउंड में रिकॉर्ड 698 अंक बनाने वाले धीरज ने कहा, व्यक्तिगत मुकाबले में जीत और हार का अंतर मामूली होता है। यह खेल का हिस्सा है। इसने मुझे यह अहसास दिलाया है कि मुझे और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। इस लिहाज से यह मेरे लिए और भारत के लिए अच्छा है, क्योंकि (व्यक्तिगत) कांस्य पदक भारत को मिला।

कई बैठकों में शामिल होंगी वित्त मंत्री

सीतारमण सिंगापुर पहुंचीं, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करना है उद्देश्य

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर शुक्रवार को सिंगापुर पहुंचीं। नौ से 11 अक्टूबर तक की इस यात्रा के दौरान वह देश के शीर्ष नेतृत्व, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें करेंगी। इन बैठकों का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करना है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, सीतारमण सिंगापुर के राष्ट्रपति थरमन षणमुगरत्नम, प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग, उपप्रधानमंत्री गन किम योंग और विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात करेंगी। बयान में कहा गया कि चर्चा भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख क्षेत्रों और भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज बैठक (आईएसएमआर) के नतीजों को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगी। इनमें व्यापार एवं निवेश, डिजिटल वित्तीय संपर्क, पूंजी बाजार, कराधान, सेमीकंडक्टर, उन्नत विनिर्माण, कौशल विकास और विमानन शामिल हैं। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में सिंगापुर सबसे बड़ा स्रोत है। अप्रैल 2000 से मार्च 2026 के बीच वहां से कुल करीब 194.68 अरब डॉलर का निवेश आया। जीआईसी और टेमासेक सहित सिंगापुर स्थित संस्थागत निवेशकों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न



क्षेत्रों में बड़े निवेश किए हैं। बयान के अनुसार, निवेशकों के साथ बातचीत के तहत सीतारमण हेज फंड और पोर्टफोलियो फंड प्रबंधकों के साथ एक गोलमेज बैठक में हिस्सा लेंगी। इसके अलावा वह निवेशकों, वित्तीय संस्थानों और उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ सरकार-कारोबार (जी2बी) की कई बैठकें करेंगी। बयान में कहा गया कि इन बैठकों का उद्देश्य भारत की वृद्धि की संभावनाओं, निवेश के अवसरों और वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय परिदृश्य में हो रहे बदलावों पर विचारों का आदान-प्रदान करना है। वित्त मंत्री प्रमुख वैश्विक वित्तीय संस्थानों, निवेश कंपनियों और स्वास्थ्य सेवा कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आमने-सामने बैठकें भी करेंगी। इनमें गवर्नमेंट ऑफ सिंगापुर इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (जीआईसी), टेमासेक होल्डिंग्स, डीबीएस बैंक, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, ब्रिटिश इंटरनेशनल इन्वेस्टमेंट, आईएचएच हेल्थकेयर, मित्सुबिशी यूएफजे फाइनेंशियल ग्रुप के एशिया-प्रशांत कारोबार, बी कैपिटल और एचपीएस इन्वेस्टमेंट पार्टनर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शामिल होंगे। वह स्कैंडिनेविस्का एनस्किल्डा बैंकन की चेयरपर्सन, मित्सुई एंड कंपनी के निदेशक मंडल के एक सदस्य और टीपीजी के कार्यकारी चेयरमैन एवं संस्थापक साझेदार से भी मुलाकात करेंगी। बयान में कहा गया कि राष्ट्रीय निवेश एवं बुनियादी ढांचा कोष (एनआईआईएफ) और गिफ्ट सिटी जैसे मंच निवेश माध्यमों तथा कोषों के जरिये भारत में सिंगापुर के निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। वित्त मंत्रालय संबंधित मंत्रालयों और उद्योग संगठनों के समन्वय से सिंगापुर के इच्छुक निवेशकों का भारतीय कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकारों से संपर्क कराने में मदद करेगा, ताकि पहचाने गए निवेश अवसरों को आगे बढ़ाया जा सके। यह यात्रा सिंगापुर के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और दोनों देशों के मजबूत राजनीतिक संबंधों को अधिक निवेश, कारोबारी साझेदारी तथा ठोस आर्थिक नतीजों में बदलने के भारत के प्रयासों को रेखांकित करती है।

सीटीआई की दिवाली तक दिल्ली में प्रदर्शनों पर रोक की मांग की

व्यापार प्रभावित होने का दिया गया हवाला

नयी दिल्ली। कारोबार पर पड़ रहे असर का हवाला देते हुए नवरात्र से दिवाली तक दिल्ली के प्रमुख व्यावसायिक और मध्यवर्ती क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों पर रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने सरकार से शहर के बाहर प्रदर्शन के लिए एक स्थायी स्थान निर्धारित करने का भी आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे पत्र में सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने जंतर-मंतर, संसद मार्ग और लुटियंस दिल्ली में बड़ी सभाओं पर पाबंदी लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले प्रदर्शनों और मेट्रो सेवाएं बाधित होने से कारोबारियों एवं ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। गोयल ने कहा कि नवरात्र और रामलीला के आयोजनों के साथ 11 अक्टूबर से शुरू होने वाला त्योहारों का समय कारोबारियों के लिए बेहद अहम है। इसके बाद दिवाली आएगी और शादियां भी शुरू हो जाएंगी। संगठन ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में करीब 15 लाख कारोबारियों के हितों की रक्षा के लिए ये पाबंदियां जरूरी हैं।

सीटीआई के एक सर्वेक्षण के अनुसार, पिछले तीन दिन में दिल्ली के बाजारों में कारोबारी गतिविधियां करीब 70 प्रतिशत घट गई हैं। संगठन ने दावा किया कि खरीदारी के लिए दिल्ली के बाहर से शहर आने वाले ग्राहकों की संख्या रोजाना अनुमानित दो से तीन लाख से घटकर करीब 40,000 से 50,000 रह गई है। स्थानीय बाजारों में आने वाले लोगों की संख्या में भी 50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। पत्र में कहा गया कि मेट्रो स्टेशनों को बार-बार बंद किए जाने, यातायात जाम और जंतर-मंतर, संसद मार्ग तथा कनॉट प्लेस के आसपास आवाजाही बाधित होने से लोग बाजारों में आने से कतरा रहे हैं। हम लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार का पूरा सम्मान करते हैं। हालांकि, त्योहारों से ठीक पहले मध्य दिल्ली में हजारों लोगों के जुटने से कारोबारियों पर सीधा असर पड़ता है। सीटीआई के महासचिव गुरमीत अरोड़ा ने कहा कि सरकार को जंतर-मंतर और अन्य प्रमुख स्थानों पर 1,000 से अधिक लोगों की भागीदारी वाले प्रदर्शनों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। संगठन ने मध्य दिल्ली से बाहर प्रदर्शन के लिए एक स्थायी स्थान बनाने का भी प्रस्ताव दिया। इसके लिए उसने बुराड़ी या रामलीला मैदान को संभावित विकल्प बताया।

संक्षेप

आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते की समीक्षा बैठक अगले साल जनवरी में होगी

नयी दिल्ली। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए अगले दौर की बैठक अगले साल जनवरी में भारत में होगी। इसका उद्देश्य वार्ता में हुई प्रगति की समीक्षा करना और बातचीत समय पर पूरी करने के लिए आगे की दिशा तय करना है। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) ने छह से नौ अक्टूबर तक इंडोनेशिया के जकार्ता स्थित आसियान सचिवालय में एआईटीआईजीए की 15वीं संयुक्त समिति की बैठक और इससे संबंधित बैठकों की मेजबानी की। इन बैठकों में समझौते की समीक्षा और वार्ता में हुई प्रगति पर विचार किया गया। मंत्रालय ने कहा, एआईटीआईजीए की संयुक्त समिति की अगली बैठक जनवरी, 2027 में भारत में हाइब्रिड यानी ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरीके से होगी। इसमें उप-समितियों द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की जाएगी और वार्ता समय पर पूरी करने के लिए आगे के दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। भारत-आसियान के बीच वस्तुओं से संबंधित मुक्त व्यापार समझौते पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। आसियान भारत का एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है।

ब्रिटेन के व्यापार मंत्री भारत आने वाले ग्रेट नॉर्थ प्रतिनिधिमंडल का करेंगे नेतृत्व

लंदन। ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने शुक्रवार को भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से उत्पन्न हुए आर्थिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए भारत आने वाले ग्रेट नॉर्थ के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की योजना की घोषणा की।

रेनॉल्ड्स ने पिछले साल लंदन के हाइड पार्क में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) को अंतिम रूप दिया था।



उन्होंने अगले सप्ताह होने वाले उत्तरी इंग्लैंड व्यापार मिशन को एक उत्साहजनक पहल बताया। ब्रिटेन सरकार के विश्लेषण के अनुसार, सीईटीए से लंबे समय में उत्तरी इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था को हर साल 45 करोड़ पाउंड का लाभ होने की उम्मीद है। पिछले साल हाइड पार्क में मंत्री गोयल के साथ भारत से व्यापार समझौते पर सहमति बनाने से लेकर इस गर्मी में इसके लागू होने तक, उत्तरी इंग्लैंड के महापौरों और कारोबारियों का यह गठबंधन हमारी साझेदारी के अगले चरण में एक उत्साहजनक पहल है। हमारे अब तक के सबसे महत्वपूर्ण समझौते से आर्थिक अवसरों की भरमार है। ग्रेट नॉर्थ कार्यक्रम में उत्तरी इंग्लैंड के विभिन्न हिस्सों से करीब 200 प्रतिनिधि शामिल होंगे।

बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति 36 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा क्षेत्र को कोयले की दैनिक आपूर्ति सितंबर के निचले स्तर से करीब 36 प्रतिशत बढ़ गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिजली संयंत्रों में कोयले के भंडार में कमी आने की रफ्तार धीमी हुई है और रेल के जरिये कोयले की ढुलाई में सुधार हुआ है। बयान के मुताबिक, कोयले के भंडार में दैनिक कमी सितंबर के 2.43 लाख टन से घटकर अक्टूबर में 1.16 लाख टन रह गई है। अक्टूबर में रेल के जरिये कोयले की औसत दैनिक ढुलाई 465 रेक से अधिक रही। लगातार तीन दिन 470 रेक प्रतिदिन का लक्ष्य भी हासिल किया गया। सड़क समेत अन्य माध्यमों से कोयले की आपूर्ति में भी सुधार हुआ है।

बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार कम होने से देश में बिजली की कमी का जोखिम बढ़ने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर मंत्रालय ने कहा कि गंभीर भंडार का



वर्गीकरण निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके तहत उन बिजली संयंत्रों को चिह्नित किया जाता है, जिनके पास तय मानक की तुलना में कोयले का भंडार कम होता है। मंत्रालय ने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य ईंधन की वास्तविक कमी होने या बिजली उत्पादन प्रभावित होने से पहले ही ऐसे संयंत्रों के बारे में चेतावनी देना है। कोयला मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि गंभीर भंडार की सूची में किसी संयंत्र का नाम होने का मतलब यह नहीं है कि वहां कोयला खत्म हो गया है या उसके जल्द बंद होने का खतरा है।

भारत कई फसलों में आत्मनिर्भर, पानी की उपलब्धता अब भी बड़ी चुनौती

नयी दिल्ली। भारत ने कई फसलों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल कर कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाया है, लेकिन वर्षा पर निर्भर खेती के कारण पानी की उपलब्धता और उसका प्रबंधन अब भी चुनौती बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र की एक एजेंसी के प्रमुख ने यह बात कही है।

अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) के अध्यक्ष अल्वारो लारियो ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि कई फसलों में आत्मनिर्भरता से भारत की कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की क्षमता बढ़ी है। हालांकि, पानी की उपलब्धता और उसका प्रबंधन अब भी बड़ी चुनौती है। भारत ने कई फसलों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की है, जिससे मेरा मानना है कि कृषि क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की उसकी क्षमता भी बढ़ी है। हालांकि, वर्षा पर निर्भर खेती के कारण पानी की उपलब्धता और उसका प्रबंधन एक बड़ी चुनौती है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश के शुद्ध बुवाई वाले रकबे के करीब 60 प्रतिशत हिस्से में वर्षा आधारित खेती होती है, जिसका कुल खाद्य उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत योगदान है।

लारियो ने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ पौष्टिक भोजन को किफायती बनाना और ग्रामीण आजीविका में सुधार करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक पौष्टिक आहार की लागत है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार, भारत की अनुमानित 40.4 प्रतिशत आबादी वर्ष 2024 में स्वस्थ आहार का खर्च उठाने में सक्षम नहीं थी। भारत की यात्रा पर आए लारियो ने कहा कि आईएफएडी ने देश में 37 परियोजनाओं के तहत करीब 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और 60 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंच बनाई है। इनमें महिलाएं, आदिवासी समुदाय और छोटे किसान शामिल हैं। आईएफएडी ग्रामीण गरीबी कम करने और खाद्य प्रणालियों में बदलाव लाने की दिशा में काम करता है। इस संस्था ने मई में भारत के लिए 2026-2033 की अवधि की नई रणनीति शुरू की, जिसका लक्ष्य करीब 30 लाख ग्रामीण परिवारों यानी 1.32 करोड़ लोगों तक पहुंचना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को जलवायु और आर्थिक झटकों से निपटने में सक्षम बनाना है। लारियो ने कहा कि आईएफएडी की प्राथमिकता में पूर्वोत्तर क्षेत्र और हिमालयी राज्य शामिल हैं। मेघालय में आईएफएडी ने जैविक मसालों के प्रसंस्करण संयंत्र में निवेश किया है। इस संयंत्र की सालाना प्रसंस्करण क्षमता 10,000 टन से अधिक है और यह करीब 5,500 किसानों के साथ काम करता है।

अमेरिका की वीजा सख्ती से भारतीय आईटी उद्योग पर पड़ सकता है असर: जीटीआरआई

नयी दिल्ली। अमेरिका में टीसीएस, इन्फोसिस और विप्रो समेत आठ प्रौद्योगिकी कंपनियों को ग्रीन कार्ड प्रायोजन प्रक्रिया से निलंबित किए जाने से भारतीय आईटी उद्योग प्रभावित हो सकता है। जीटीआरआई ने शुक्रवार को कहा कि यह कदम विदेशी प्रौद्योगिकी पेशेवरों के प्रति अमेरिका के अधिक संरक्षणवादी रुख का संकेत देता है। भारत के सॉफ्टवेयर और आईटी-सक्षम सेवाओं के निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी 54.1 प्रतिशत है। ऐसे में अमेरिकी नीतियों में बदलाव से भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों का कारोबार प्रभावित हो सकता है। कि भारतीय कंपनियों को अपने निर्यात बाजारों का विस्तार करने, भारत से सेवाएं देने की क्षमता मजबूत करने और जरूरत के हिसाब से स्थानीय स्तर पर नियुक्तियां बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही, कृत्रिम मेधा (एआई) और अधिक मूल्यवर्धित प्रौद्योगिकी कार्यों को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि अमेरिकी नीतियों में बदलाव का असर कम हो। अमेरिका ने आठ अक्टूबर को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, विप्रो और एचसीएलटेक के अलावा माइक्रोसॉफ्ट, एडोबी, कॉग्निजेंट और कैपजेमिनी को स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम से निलंबित कर दिया। इस कार्यक्रम के तहत नियोक्ता एच-1बी वीजा धारकों समेत विदेशी कर्मचारियों के लिए ग्रीन कार्ड यानी स्थायी निवास का प्रायोजन कर सकते हैं। जीटीआरआई के मुताबिक, इस कदम से एच-1 बी वीजा पर नियुक्तियां अपने आप नहीं रुकतीं और न ही मौजूदा एच-1बी दर्जा रद्द होता है।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म 'रामायण' से जारी हुआ अरुण गोविल का पोस्टर

मुंबई। अरुण गोविल स्टारर टीवी शो 'रामायण' दूरदर्शन पर 25 जनवरी 1987 से 31 जुलाई 1988 तक प्रसारित हुआ था। रामानंद सागर के टीवी शो रामायण में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल जल्द राजा दशरथ के रोल में नजर आएंगे। वह नितेश तिवारी की दो हिस्सों में बन रही फिल्म रामायण में नजर आएंगे। मेकर्स ने आज अरुण गोविल का नया पोस्टर जारी किया। इसमें वह अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में दिख रहे हैं।

'राजा दशरथ' के किरदार में दिखे, रामानंद सागर की 'रामायण' में राम बने थे

फिल्म में भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर निभा रहे हैं। पोस्टर में अरुण गोविल राजा दशरथ के रूप में भव्य सिंहासन पर बैठे हैं। उनके सिर पर मुकुट है और उन्होंने राजसी आभूषण पहने हैं। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, उन्होंने एक पीढ़ी के लिए राम को जीवंत किया था। अब वह रामायण की दुनिया में अयोध्या के राजा के रूप में लौट रहे हैं। राजा दशरथ के रूप में अरुण गोविल। पोस्टर सामने आने के बाद कुछ यूजर्स इमोशनल हो गए। एक यूजर ने



लिखा, पोस्टर बहुत अच्छी तरह डिजाइन किया गया है। इसमें कई प्रमुख जानकारियां हैं। सिंहासन पर बनी मछली अवध यानी अयोध्या और उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रतीक है। एक अन्य यूजर ने लिखा, उन्हें राम के रूप में देखने के बाद अरुण गोविल को दशरथ का किरदार निभाते देखना दिलचस्प होगा। राम दिव्यता और मयार्दा की मिसाल थे। वहीं, दशरथ के पास सब कुछ था, फिर भी वह एक वचन के कारण खुद को खो बैठे। उन्होंने आगे लिखा, दशरथ के किरदार में दुख, प्रेम और बेबसी दिखानी होगी। उनका यह रूप देखना दिलचस्प होगा। एक अन्य यूजर ने टिप्पणी की, हमने बचपन से उन्हें श्रीराम के रूप में देखा है। अब उन्हें राजा दशरथ के रूप में देख रहे हैं। सियाराम की जय।

एक यूजर ने लिखा, मुझे यह पसंद है कि उन्होंने रामानंद सागर के किरदारों को अपने अंदाज में अपनाया है। जय श्रीराम। फिल्म 'रामायण' का पहला गाना 'जय जय राम' 14 सितंबर 2026 को गणेश चतुर्थी के अवसर पर रिलीज हुआ था। गाने को श्रेया घोषाल और अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है। इसके म्यूजिक को ए.आर. रहमान ने कंपोज, प्रोड्यूस और अरेंज किया है। गाने के लिरिक्स डॉ. कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इस फिल्म के म्यूजिक पर ए.आर. रहमान के साथ हॉलीवुड के म्यूजिक कंपोजर हंस जिमर भी काम कर रहे हैं। वीडियो में साई पल्लवी सीता के रूप में भगवान राम (रणबीर कपूर) को वरमाला पहनाती हुईं दिखी थीं। रणबीर कपूर राम के रूप में झरने के पास हाथ जोड़कर और धनुष के साथ भी दिखाई दिए थे।

'रामायण' फिल्म के मेकर पर इनकम टैक्स की रेड

मुंबई। फिल्म 'रामायण' के निमार्ता नमित मल्होत्रा की कंपनी 'प्राइम फोकस लिमिटेड' के मुंबई स्थित दफ्तरों पर छापेमारी की खबर है। सीएनबीसी-टीबी18 की रिपोर्ट के मुताबिक आयकर विभाग ने यह कार्रवाई विदेशी लेन-देन (फॉरेन रेमिटेंस) में हुई गड़बड़ियों के सिलसिले में की है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही बड़ी बजट की फिल्म रामायण की रिलीज से कुछ हफ्ते पहले यह कार्रवाई सामने आई है। आयकर विभाग की यह सर्च कार्रवाई विदेशों में पैसे भेजने से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं को लेकर की गई है। हालांकि, किस तरह के लेन-देन की जांच की जा रही है और इस कार्रवाई का दायरा कितना बड़ा है, इसे लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी या खुलासा नहीं किया गया है।

हमसे बड़ी गुस्ताखी हो गई थी : अमिताभ बच्चन

मुंबई। अमिताभ बच्चन और माधुरी दीक्षित ने मुख्य कलाकार के तौर पर कभी भी किसी पूरी फिल्म में साथ काम नहीं किया है। एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित जल्द ही अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' के एक एपिसोड में नजर आएंगी। यह एपिसोड 9 अक्टूबर को रात 9 बजे सोनी टीवी पर प्रसारित होगा। एपिसोड से पहले सोनी टीवी ने दो प्रोमो शेयर किए हैं, जिनमें अमिताभ और माधुरी के बीच मजेदार बातचीत देखने को मिली। पहले प्रोमो में अमिताभ बच्चन ने माधुरी से फिल्म 'तेजाब' के गाने 'एक दो तीन' के स्टेप को रीक्रिएट करने को लेकर कहा, एक बार हमसे बड़ी गुस्ताखी हो गई थी।

सेट पर काम न होने पर आता है गुस्सा : रजा मुराद

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद ने खुलासा किया है कि फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली रणवीर, दीपिका और प्रियंका पर चिल्ला पड़े थे। विकी ललवानी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने संजय लीला भंसाली के सेट पर गुस्से और उनके काम करने के अंदाज पर अपनी बात रखी। रजा मुराद ने कहा कि भंसाली का गुस्सा काम से जुड़ा होता है। वे सेट पर सिर्फ असिस्टेंट्स पर ही नहीं, बल्कि बड़े स्टार्स पर भी चिल्ला चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने भंसाली की तुलना राज कपूर से करते हुए दोनों को काम का पक्का और परफेक्शनिस्ट बताया है। रजा मुराद ने बताया कि संजय लीला भंसाली शुरूआत से ही गुस्से में नहीं रहते हैं। जब कोई इंसान लगातार उनकी बात या सोच को समझ नहीं पाता, तब उनका पारा चढ़ता है। यह गुस्सा किसी से दुश्मनी या निजी खुन्नस की वजह से नहीं होता, बल्कि काम ठीक से न होने की वजह से आता है। उन्होंने बताया कि भंसाली को सेट पर सिर्फ अपने काम से मतलब



रहता है और वे चाहते हैं कि जो सीन उन्होंने सोचा है, वह बिल्कुल वैसा ही पर्दे पर उतरे। इंटरव्यू में जब रजा मुराद से पूछा गया कि क्या उन्होंने भंसाली को बड़े स्टार्स पर गुस्सा होते देखा है, तो उन्होंने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि उन्होंने खुद भंसाली को रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और प्रियंका चोपड़ा जैसे बड़े कलाकारों पर चिल्लाते हुए देखा है। भंसाली जो चाहते हैं, वे हर हाल में हासिल करके रहते हैं। रजा मुराद खुद भंसाली के साथ 'गोलियों की रासलीला राम-लीला', 'बाजीराव मस्तानी', 'पद्मावत' और 'गंगूबाई काठियावाड़ी' जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम कर चुके हैं। रजा मुराद ने भंसाली के काम के तरीके की तुलना राज कपूर से की। वे राज कपूर के साथ 'प्रेम रोग', 'राम तेरी गंगा मैली' और 'हिना' में काम कर चुके हैं। रजा मुराद ने कहा कि दोनों ही दिग्गज निर्देशक परफेक्शनिस्ट हैं। दोनों के लिए समय, शिफ्ट, पैसा, सेट का खर्च और कलाकारों की तारीखें कोई मायने नहीं रखती थीं। अगर 4 दिन का काम 8 दिन में भी पूरा हो, तो उन्हें फर्क नहीं पड़ता था, बस सीन सही होना चाहिए। दोनों ही सेट पर सिर्फ काम के इरादे से आते थे।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com